UFT LIVE TV
www.upfighttimes.com
upfighttimesnews@gmail.com

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# यूपी फाइट टाइम्स

आरएनआई नं0/2020/80511

संपादक :- सतीश कुमार गोयल

वर्षः-03, अंकः-322, पृष्ठः-12, मूल्यः- 1 रुपये

(फतेहपुर से प्रकाशित)



रोडवेज के संविदा ड्राइवर ... 03

फतेहपुर, शनिवार 16 सितम्बर 2023

भयावह मंजर देख कांप उठी रूह ... 08

## ट्रिपल मर्डर से दहला कौशांबी, बाप-बेटी-दामाद की गोली मारकर हत्या, ग्रामीणों ने फूंके कई घर

**कौशाम्बी।** यूपी के कौशांबी में ट्रिपल मर्डर से दहशत फैल गई है। एक ही परिवार के तीन लोगों का कत्ल कर दिया गया। गुरुवार रात को पिता, बेटी और दामाद झोपड़ी में सो रहे थे जिस समय उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई। मर्डर की जानकारी होते ही जहां एक तरफ



इलाके में दहशत फैली वहीं दूसरी तरफ लोगों में आक्रोश पैदा हो गया। गुस्साए लोगों ने इलाके के कई घरों में तोड़फोड़ कर आगजनी कर दी। कई घरों को आग लगाकर फूंक दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस हालात को काबू करने में जुटी रही। घटना कौशांबी के संदीपन घाट थाना क्षेत्र का मोहिउद्दीनपुर गांव की है। पुलिस ने शुक्रवार को जानकारी दी की गुरुवार देर रात तीन लोगों की गोली मारकर गत्या कर दी गई। इस घटना के बाद मृतक के गुस्साए परिजनों ने दो घरों में आग लगा दी। ये घर ट्रिपल मर्डर के आरोपियों के बताए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही चायल और सिराथू सीओ कई थानों की पुलिस से साथ मौके पर पहुंचे। एसपी-कौशांबी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में इलाके में हालात काबू में लाए गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों की पहचान 62 वर्षीय होरीलाल, उनकी 22 वर्षीय बेटी बृजकली और उनका 26 वर्षीय पति शिवसागर के रूप में हुई है। इनके गुस्साए परिवार वालों ने आरोपियों के घरों को आग लगा दी। जिसके बाद विवाद और बढ़ गया। पुलिस और अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने पहुंचकर आग और स्थिति पर काबू पाया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। वहीं प्राथमिक जांच में कारण दो परिवारों के बीच संपत्ति विवाद बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार होरीलाल ने विवादित भूमि पर झोपड़ी डालकर अपना कब्जा कर रखा है। इसी झोपड़ी में वो अपनी बेटी-दामाद के साथ रात में सोए जिस समय उनकी हत्या हुई।

# प्रधानमंत्री मोदी की ग्लोबल लीडरशिप की दुनिया कायलः पीयूष गोयल

**शिवपुरी।** केन्द्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत का परचम पूरे विश्व में फहरा रहा है। दुनिया के बड़े-बड़े नेताओं का कहना है कि विश्व की बड़ी से बड़ी समस्या का हल सिर्फ और सिर्फ मोदी ही कर सकते हैं। इसका उदाहरण विश्व देख चुका है कि किस प्रकार से भीषण बमबारी के बीच यूक्रेन में फंसे भारतीय छात्रों के साथ-साथ दुनिया के तमाम देशों के छात्रों को मोदी ने बाहर निकाला। इसीलिए कहा जाता है कि मोदी है तो मुमकिन है। जी-20 सम्मेलन में पूरी दुनिया ने मोदी के नेतृत्व और भारत का दबदबा देखा है। दुनिया के तमाम दिग्गज देशों को मोदी एक वर्ल्ड लीडर की तरह लीड करते नजर आए। केन्द्रीय मंत्री गोयल गुरुवार को भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के दौरान जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज मोदी दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता हैं। उनकी लोकप्रियता का कारण है कि देश के सबसे कमजोर तबके और गरीबों के बारे में संवेदनशीलता रखना, उनके बारे में सोचना और इनका जीवन स्तर कैसे सुधारे, नई-नई योजनाएं बनाना और उन योजनाओं को लागू करना, यही मोदी की लोकप्रियता का कारण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी हर वर्ग के बारे में सोचते हैं। समाज के सबसे निचले तबके से लेकर मध्यम वर्ग तक के विकास के लिए लाड़ली लक्ष्मी, लाडली बहना, मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, किसानों के लिए जनहितैषी योजनाएं मुख्यमंत्री की लोकप्रियता दिनों दिन बढ़ा रही हैं। पिछले 20 साल में मुख्यमंत्री चौहान ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकाल कर विकसित राज्य की श्रेणी में ला दिया है। इसलिए विकास के आधार पर यह जन आशीर्वाद यात्राएं निकाली जा रही हैं और आपका समर्थन हम मांग रहे हैं।

**हम आगे भी काम करना चाहते हैं इसलिए मांग रहे आपका समर्थनः विजयवर्गीय**



जनसभा में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि जन आशीर्वाद यात्रा के रथ में मुझे बताया गया कि यात्रा के स्वागत के लिए आप लोग कई घंटे से यूं सड़क पर इंतजार कर रहे हैं। आपका यह इंतजार यह दर्शाता है कि आप वाकई में सच्चे भाजपा के देवदुर्लभ कार्यकर्ता हैं। यह आप लोगों की ही मेहनत है, जो देश में पार्टी इतनी मजबूत हुई है। भाजपा के केन्द्र और राज्य सरकार की जनहितैषी योजनाओं से प्रत्येक व्यक्ति को लाभ मिला है। भाजपा सरकार ने प्रदेश को बीमारू राज्य से निकालकर एक सक्षम राज्य बना दिया है। इसीलिए हम जन आशीर्वाद यात्रा लेकर आशीर्वाद लेने के लिए निकले हैं। हम जो कहते हैं वह करते हैं। हम आगे भी काम करना चाहिए हैं इसलिए आपको समर्थन मांग रहे हैं।

**कांग्रेस ने देश को धोखे में रखकर सिर्फ अपना और चहेतों का विकास कियाः बेबी रानी मौर्य**

उत्तर प्रदेश की मंत्री बेबीरानी मौर्य ने कहा कि मेरे प्यारे भाइयों-बहनों मुझे यह बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि केंद्र में और मध्य प्रदेश में भाजपा सरकार की विकास योजनाओं का लाभ हर वर्ग को मिल रहा है। इससे आमजन के जीवन स्तर में अमूलचूल सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि जब नियत सही होती है तो सबकुछ सही होता है और जब नियत बेईमानी की हो तो फिर सुधार कैसे आ सकता है। कांग्रेस ने पिछले सात दशक में गलत नीतियों और नियत के चलते देश को धोखे में रखकर सिर्फ अपना और अपने चहेते लोगों का विकास किया है। जबकि भाजपा एक ऐसी पार्टी है, जो सबको लेकर सबका साथ और सबका विकास और सबका विश्वास वाली नियत के साथ काम करती है।

**कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आग्रह, सनातन को गाली देने वाली पार्टी का करें परित्यागः प्रवेश वर्मा**

नई दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश के धार में मेरी ससुराल भी है। जो प्यार और सम्मान मुझे धार में मिलता है, आज वही प्यार और सम्मान मुझे इस क्षेत्र में मिल रहा है। बल्कि मैं तो कहूंगा उससे बढ़कर प्यार मुझे और पार्टी को मध्य प्रदेश में मिला है। कांग्रेस के कार्यकर्ता और उससे जुड़े भाई बहनों को भी कहना चाहता हूं कि देश की संस्कृति, सनातन को गाली देने वाले, भगवान श्रीराम को नकारने वाले पार्टी को छोड़कर भाजपा से जुड़ जाओ और देश के विकास में सहयोगी बन जाओ। हमें नरेन्द्र मोदी के रूप में ऐसा प्रधानमंत्री मिला है, जिसने पाक और चीन की नाक में नकेल डाल रखी है। जिनके नेतृत्व में देश चांद और सूरज पर भी पहुंच गया। पांचवी दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया और आने वाले समय में मोदी ने वादा किया है।

## ग्रेटर नोएडा में ड्रीम वैली प्रोजेक्ट की निर्माणाधीन साइट पर बड़ा हादसा

### लिफ्ट गिरने से 4 मजदूरों की मौत

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर शुक्रवार सुबह एक लिफ्ट टूटने का मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि इस दर्दनाक हादसे के वक्त लिफ्ट के अंदर मौजूद चार मजदूरों की मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, ग्रेटर नोएडा वेस्ट के ड्रीम वैली प्रोजेक्ट में निर्माणाधीन साइट पर लिफ्ट टूटकर नीचे आ गिरी। इसके चलते लिफ्ट के अंदर मौजूद चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल हालत में उन्हें इलाज के लिए तुरंत



जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चारों की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही वरिष्ठ अधिकारी पहुंच रहे हैं। हादसे के बाद निर्माणाधीन साइट पर काम कर रहे मजूदरों ने काम बंद कर दिया है और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई है। पुलिस मृतकों की शिनाख्त करने की कोशिश कर रही है।

**सीएम योगी ने मृतकों के परिजनों के प्रति जताई संवेदना**

वहीं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ग्रेटर नोएडा में हुए इस दर्दनाक हादसे का संज्ञान लेते हुए मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित इलाज के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। मुख्यमंत्री ने दोषियों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

## मामन खान की गिरफ्तारी पर नूंह में टेंशन, इंटरनेट बंद और धारा 144; नमाज पर क्या आदेश

**नूंह।** कांग्रेस विधायक मामन खान की गिरफ्तारी के बाद नूंह में एक बार फिर टेंशन बढ़ गई है। सतर्कता बरतते हुए प्रशासन ने 16 सितंबर तक इंटरनेट पर बैन कर दिया तो पूरे जिले में धारा 144 लगा दी गई है। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय से जुमे की नमाज घरों में पढ़ने की अपील की गई है। नूंह के उपायुक्त ने इसको लेकर आदेश जारी किया है। नूंह हिंसा में लगे आरोपों की वजह से मामन खान को राजस्थान के अजमेर से गुरुवार रात गिरफ्तार किया गया। इससे पहले, विधायक को नूंह पुलिस ने दो बार जांच में शामिल होने के लिए कहा था, लेकिन वह उसके सामने पेश नहीं हुए थे। विधायक ने यह कहकर 31 अगस्त तक पुलिस समन का पालन नहीं किया कि उन्हें वायरल बुखार है। मामन को नूंह कोर्ट में पेश किए जाने से पहले शहर में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। 31 जुलाई को बृजमंडल यात्रा पर हमले के बाद नूंह से गुरुग्राम तक सांप्रदायिक हिंसा की



घटनाएं हुईं। हिंसा में 6 लोगों की मौत हो गई तो दर्जनों लोग जख्मी हुए। हालात को काबू करने के लिए कई दिनों तक इंटरनेट को बंद करना पड़ा और धारा-144 लगी रही। पहले मोनू मानेसर और अब मामन खान की गिरफ्तारी को लेकर प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए धारा 144 लगाने का फैसला किया है। लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की अपील की जा रही है तो सोशल मीडिया पर भी नजर रखी जा रही है। 31 जुलाई को हुई हिंसा में मामन खान को अहम किरदार बताया जा रहा है। सांप्रदायिक झड़पों के बाद दर्ज की गई प्राथमिकी में फिरोजपुर झिरका से विधायक मामन खान का भी नाम है। फिरोजपुर झिरका के विधायक ने मंगलवार को अदालत का रुख कर गिरफ्तारी से सुरक्षा की मांग की थी और दावा किया था कि उन्हें इस मामले में फंसाया जा रहा है जबकि हिंसा भड़कने के दिन वह नूंह में नहीं थे। हरियाणा सरकार ने कोर्ट को बताया था कि नूंह हिंसा के बाद दर्ज प्राथमिकी में खान को आरोपी बनाया गया था, साथ ही दावा किया गया था कि पुलिस के पास आरोपों को साबित करने के लिए फोन कॉल रिकॉर्ड और अन्य सबूत हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने बुधवार को इसी मामले में कहा था, अगर जांच के दौरान खान की संलिप्तता का पता चला तो उसे बख्शा नहीं जाएगा। हरियाणा के अतिरिक्त महाधिवक्ता दीपक सभरवाल ने उच्च न्यायालय को बताया कि खान के खिलाफ सबूतों की जांच के बाद उन्हें चार सितंबर को आरोपी बनाया गया था। बाद में उन्होंने कहा कि खान के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं।

## कश्मीर एनकाउंटर में क्यों दो दिन से काबू में नहीं आ रहे आतंकी

**अनंतनाग।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादियों से बीते 48 घंटे से मुठभेड़ जारी है। सुरक्षा बलों ने पहाड़ियों में छिपे दो विदेशी आतंकियों को घेर रखा है। इसके अलावा एक स्थानीय आतंकी जुबैर को भी घेर रखा है, जिस पर 10 लाख रुपये का इनाम भी घोषित है। इन आतंकियों से निपटने में इसलिए वक्त लग रहा है क्योंकि ये घने जंगल और पहाड़ियों में छिप गए हैं और वहीं से रुक-रुक कर फायरिंग कर रहे हैं। इस बीच एनकाउंटर में शामिल एक सैनिक के लापता होने की खबर है, जबकि दो अन्य घायल हो गए हैं। यह एनकाउंटर बुधवार को सुबह शुरू हुआ था, जब पुलिस और सेना ने मिलकर आतंकियों की तलाश के लिए कोकरनाग के घने जंगलों में ऑपरेशन शुरू किया था। बुधवार शाम को इसी एनकाउंटर में सेना के कर्नल मनप्रीत और मेजर आशीष शहीद हो गए थे। इसके अलावा जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमांयू भट भी आतंकियों से लोहा लेते हुए शहीद हो गए थे। हालांकि अब तक यह जानकारी नहीं मिल सकी है कि आतंकियों की तरफ से कोई मारा गया है या नहीं। फिलहाल इन आतंकियों की हरकतों पर नजर रखने के लिए हेरोन ड्रोन जैसी नई तकनीक वाली चीजों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक सेना और पुलिस ने मिलकर 12-13 सितंबर की रात को जॉइंट ऑपरेशन शुरू किया था। यह अभियान कुछ आतंकियों की तलाश में शुरू किया गया था, जिनके बार में खबर मिली थी कि वे गरोल गांव में छिपे हुए हैं। इसी बीच आतंकी जंगल में ही स्थित ऊंची पहाड़ी में जाकर छिपने में सफल रहे और वहीं से फायरिंग कर रहे हैं। इस एनकाउंटर में शामिल एक टीम का नेतृत्व कर रहे कर्नल मनप्रीत सिंह बुधवार शाम को शहीद हो गए थे। उनके साथ ही मेजर आशीष धोनाक भी वीरगति को प्राप्त हुए थे।

**आज विशेष विमान से घर पहुंचेंगे दो शहीद अफसरों के शव**-कश्मीर में हुमायूं भट के जनाजे में बड़ी संख्या में लोग जुटे थे। उनके डीआईजी पिता ने कांपते हाथों से बेटे को अंतिम विदाई दी तो हर कोई भावुक हो गया।

# सूर्य मिशन:आदित्य-एल1 की कक्षा बढ़ाने की चौथी प्रक्रिया सफल

**नई दिल्ली।** सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारत की तरफ से पहले सौर मिशन पर भेजे गए आदित्य एल-1 ने अपनी चौथी आर्बिटल छलांग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। इसे अर्थ बाउंड मैन्यूवर कहा गया है। ISRO का स्पेसक्राफ्ट आदित्य एल-1 अभी पृथ्वी के चारों तरफ 256 KM × 121973 चरूकी अंडाकार कक्षा में घूम रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने देर रात बताया कि आदित्य एल-1 ने रात करीब 2.15 बजे तीसरे ऑर्बिटल से निकलकर चौथे आर्बिटल में सफलतापूर्वक छलांग लगी ली है। इसके लिए कुछ देर के लिए थ्रस्टर फायर किए गए। इसरो ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, चौथी बार अर्थ-बाउंड छलांग सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। मॉरीशस, बेंगलुरु, एसडीएससी-




एसएचएआर और पोर्ट ब्लेयर में इसरो के ग्राउंड स्टेशनों ने इस ऑपरेशन के दौरान उपग्रह को ट्रैक किया जबकि आदित्य एल-1 के लिए एक ट्रांसपोर्टेबल टर्मिनल इस समय फिज़ी द्वीप में तैनात है। ये टर्मिनल आदित्य एल-1 के पोस्ट-बर्न ऑपरेशन को सपोर्ट करेगा। स्पेसक्राफ्ट का नया ऑर्बिट 256 किमी × 121973 किमी का है।

**19 सितंबर क्यों खास?** अब आदित्य एल-1 19 सितंबर को अगली ऑर्बिट बदलने का काम करेगा। इसे अर्थ बाउंड मैन्यूवर या अर्थ बाउंड फायर भी कहा गया है। यह पृथ्वी के चारों तरफ आदित्य एल-1 का आखिरी चक्कर होगा। इसरो ने लिखा है, अगली छलांग (टीएल1आई) 19 सितंबर को लगभग 02ः00 बजे होगी और इसके साथ ही ये स्पेसक्राफ्ट पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकल जाएगा।

**हैलो ऑर्बिट में 109 दिन की यात्रा**

यह प्रक्रिया इसलिए अपनाई जा रही है ताकि आदित्य एल-1 इतनी स्पीड हासिल कर ले कि वह पृथ्वी की कक्षा से बाहर निकलकर 15 लाख किलोमीटर की लंबी यात्रा पूरी कर ले। इस सफर को पूरा करने के बाद स्पेसक्राफ्ट सूरज की तरफ मौजूद एल1 प्वाइंट यानी लैरेंज प्वाइंट पर पहुंच सके। वहां पहुंचने के बाद आदित्य एल-1 हैलो ऑर्बिट में करीब 109 दिनों की यात्रा करेगा। एल1 प्वाइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी दूर है। यह धरती और सूर्य के बीच का एक प्वाइंट है।

**आदित्य एल-1 ने कब-कब बदला ऑर्बिट?**-इससे पहले 10 सितंबर को इसरो ने रात करीब 2.30 बजे आदित्य एल-1 स्पेसक्राफ्ट की ऑर्बिट बढ़ाई थी और उसे तीसरे ऑर्बिटल कक्ष में भेजा था। तब आदित्य एल-1 धरती से 296 किलोमीटर X 71,767KM की कक्षा में भेजा गया था। इससे पहले स्पेसक्राफ्ट ने 5 सितंबर को दूसरी बार और तीन सितंबर को पहली बार कक्षा बदली थी।

# कुछ दोषियों को मिल जाते हैं विशेषाधिकार, बिलकिस बानो केस में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

**नई दिल्ली।** हर दोषी एक जैसा नहीं होता है और कुछ लोग तो दूसरों के मुकाबले विशेषाधिकार जैसी स्थिति में होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को बिलकिस बानो केस के दोषियों की रिहाई को लेकर यह बात कही। अदालत में उम्रकैद की सजा पाए 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इन लोगों पर बिलकिस बानो से गैंगरेप करने और उसके परिवार के सदस्यों की हत्या करने का आरोप सिद्ध हुआ था। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुयान की बेंच में इस बात को लेकर सुनवाई चल रही है कि गुजरात सरकार के पास दोषियों की समय पूर्व रिहाई का अधिकार है या नहीं। बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि बिलकिस बानो केस के दोषी उन लोगों के साथ अपनी तुलना नहीं कर सकते, जो अपनी सजा के दौरान कभी पेरोल पर जेल से बाहर ही नहीं गए। एक दोषी का पक्ष रखते हुए सीनियर एडवोकेट सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि इन लोगों में बहुत सुधार आया था। जेल के अंदर इनका व्यवहार काफी अच्छा रहा। इसके अलावा इनके परिवार के लोग भी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में सुधार का मौका देने के सिद्धांत के तहत उनकी रिहाई गलत नहीं थी। वकील सिद्धांत लूथरा ने कहा, जेल के अंदर पूरी जिंदगी गुजारना कठिन होता है। ये लोग बीते 15 सालों से जेल में बंद थे। इनके परिवारों





**● जेल के अंदर इनका व्यवहार काफी अच्छा रहा। इसके अलावा इनके परिवार के लोग भी लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। ऐसे में सुधार का मौका देने के सिद्धांत के तहत उनकी रिहाई गलत नहीं थी।**

के लोग बाहर इंतजार कर रहे थे। इन लोगों का इंतजार था कि जेल से बाहर आएं और फिर सुधरे हुए इंसान के तौर पर जिंदगी बिताएं। सुधार ही तो न्याय की अहम कड़ी है। हालांकि इससे अदालत संतुष्ट नहीं दिखी। बेंच ने इस तर्क के जवाब में कहा, लेकिन इस मामले में ये लोग कई बार जेल से बाहर आए। कुछ कैदी ऐसे होता हैं, जिन्हें दूसरों के मुकाबले ज्यादा अधिकार मिलते हैं। यह अहम बिंदु है, जिस पर हम बात करना चाहते हैं। अदालत में पेश रिकॉर्ड्स के मुताबिक इन 11 अपराधियों में से कई ऐसे भी थे, जो अपनी सजा के दौरान करीब 1,100 दिन तक जेल से पेरोल पर बाहर रहे। बेंच ने कहा कि कोई भी समय पूर्व रिहाई की पॉलिसी को लेकर बात नहीं कर रहा है। सवाल इस बात पर है कि कैसे इस नियम का इस्तेमाल किया जा रहा है और किन लोगों के लिए हो रहा है। इस पर वकील ने कहा कि ये लोग 15 साल तक जेल में बंद थे। ऐसे में डेढ़ दशक बाद यदि ये लोग सुधार के लिए बाहर निकलते हैं तो इसका स्वागत होना चाहिए।

# यह सन्तमत की परंपरा हमेशा रही है कि सन्त जाने से पहले किसी न किसी को अपना काम सौंप कर जाते हैं

## परमेश्वर से गुरु बड़े, गावत वेद पुराण, गुरु धरा शीश पर हाथ, सोचे मन काहे को करे

मुंबई। निजधामवासी बाबा जयगुरुदेव जी के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी, संकट में किसी के भी द्वारा श्रद्धा भक्ति विश्वास से जयगुरुदेव बोलने पर मदद करने वाले, सदैव अपने गुरु की ओट में, उनके आदेश में रहने वाले, सारी दुनिया के धन से भी जो न खरीदा जा सके वो नामदान फ्री में लुटाने वाले, और शेर का बच्चा शेर ही होता है यानी स्वयं समझने की बात है, तो ऐसे इस समय के युगपुरुष, पूरे समरथ सन्त सतगुरु, दुःखहर्ता, उज्जैन वाले बाबा उमाकान्त जी महाराज ने 8 मार्च 2020 उज्जैन आश्रम में दिए व अधिकृत यूट्यूब चौनल जयगुरुदेवयूकेएम पर लाइव प्रसारित संदेश में बताया कि गुरु महाराज ने गुरु का ऐसा नाम जगाया, ऐसे नाम के आगे जय लगाया जो सतयुग में था, सतयुग में उद्धार होता था, गुरु की पूजा होती थी, गुरु को ही सब कुछ मानते थे, उस गुरु नाम को जगाया। और गुरु के आगे देव लगाया, देव यानी जो देने वाला होता है। तो गुरु सबको देते हैं। परमेश्वर से गुरु बड़े, जिसको लोगों ने परमेश्वर कहा, उससे भी गुरु के बड़े होने का महत्व बताया, दिया गया है। तो यह नाम उन्होंने जगाया। क्यों जगाया? यह नाम कुछ दिन रहेगा। यह नहीं कि वह (बाबा जयगुरुदेव जी इस दुनिया से) चले गए तो (यह जयगुरुदेव नाम) खत्म हो गया, यह नाम अभी कुछ दिन रहेगा। इस समय पर कलयुग है। कलयुग में सतयुग आने की बात मिलती है। सतयुग में भी यह नाम रहेगा। जब तक ऊपर से कोई आदेश नहीं होता है तब तक कोई भी महापुरुष रहे, अपनी तरफ से कोई भी नाम जगा, जारी नहीं कर सकता है। इसीलिए जब गुरु ही जगा कर चले गए तो अब किसी को दूसरा नाम जगाने, लाने की जरूरत ही नहीं है। उसी से कल्याण हो रहा है। तो यह जयगुरुदेव नाम गुरु का नाम है। यह जगाया हुआ भगवान का नाम है। परमात्मा की पूरी शक्ति जयगुरुदेव नाम में भरी हुई है। विश्वास करो, यकीन करो।

गुरु नानक देव जी ने 27 साल की उम्र में नाम दान लिया था

महाराज जी ने 31 दिसंबर 2020 दोपहर उज्जैन में बताया कि कबीर साहब जो सन्त के रूप में आए उन्होंने सतनाम सत साहब जगाया। उस नाम में शक्ति रही। उनके नामदानी, उनके चेला, नानक देव हुए। रावी नदी के किनारे नानक देव ने 27 साल की उम्र में नाम दान लिया था। उन्होंने वाहेगुरु नाम जगाया। वाहेगुरु करताल उन्होंने कहा। तो वह चलता रहा। फिर उसके बाद में वह धार तो उसमें उतरती रही लेकिन (कोई नया) नाम को जगाने की जरूरत नहीं पड़ी। उसी नाम के सहारे चलते रहे। लेकिन जब उस नाम को, उनकी समाधि को, उनके स्थान को जब लोगों ने पंथ बना लिया तब शिव दयाल जी महाराज द्वारा राधा स्वामी नाम को जगाना पड़ा। राधा यानी सुरत, शब्द मानी स्वामी। राधास्वामी नाम चलता रहा। तीन–चार पुश्तों तक तो वह नाम चला। उनके बाद गरीब साहब, विष्णु दयाल जी महाराज, घूरेलाल जी महाराज। तब तक यह नाम चलता रहा। गुरु महाराज ने जयगुरुदेव नाम को जगाया। तो वर्णनात्मक नाम हमेशा एक रहता है। और हर नाम में शक्ति होती है।

गुरु धरा शीश पर हाथ सोचे मन काहे को करे

महाराज जी ने 21 फरवरी 2020 प्रातः लखनऊ (उ.प्र.) में बताया कि सबसे खराब काम नाम दान देना है। (मेरी) हिम्मत तो नहीं हो रही थी लेकिन गुरु का आदेश दोबारा हुआ, फिर हुक्म हो गया कि नाम दान देना शुरू कर दो। बड़े प्रेम से समझा करके कहा नाम दान दे दोगे, यह (लोग) भजन करने लगेंगे और (यदि) इनका शरीर भी छूट गया तो (भी) इनको मनुष्य शरीर मिल जाएगा। तो मैंने नामदान देना शुरू कर दिया। गुरु धरा शीश पर हाथ, सोच मन काहे को करे। जब गुरु का आदेश हो गया तो वो ही संभाल करेंगे, वो ही देखेंगे। जितना बोझा ढोपाऊगा, ढोऊंगा नहीं तो वह धोयेंगे। अरे गिरने थोड़ी न देंगे, घुटने थोड़े टूटने देंगे। हमने कहा, जाएगी लाज तुम्हारी, हमारा क्या बिगड़ेगा। तो एक तरफ से चाहे दस हजार हो, चाहे बीस हजार हो, चाहे लाख–दो लाख हो, सब को नाम दान दे देता हूं। आदेश का पालन



करता हूं। (मैं जितना) संभाल पाऊंगा, संभाल लूंगा नहीं तो वह तो संभाल (ही) लेंगे।

यह सन्तमत की परंपरा हमेशा रही है

महाराज जी ने 4 जनवरी 2023 दोपहर मुंबई (महाराष्ट्र )में बताया कि यह परंपरा हमेशा रही है कि (सन्त) जाने से पहले किसी न किसी को अपना काम सौंप कर जाते हैं। तो गुरु महाराज के पास जब (मैं) आया था तब कुछ नहीं जानता था। एकदम गांव का आदमी था। पढ़ करके वही कॉलेज छोड़ा ही था कि गुरु महाराज मिल गए और गुरु महाराज ने सब सिखाया, बताया, दया किया। मैंने भी केवल गुरु भक्ति करने का एक निशाना बनाया। गुरु भक्ति, गुरु के आदेश का पालन, इस शरीर से ज्यादा से ज्यादा कर सकूं इसीलिए गृहस्थी का कोई जंजाल नहीं पाला। न कोई शादी किया, न कोई बच्चे पैदा किए, ना कोई कल–कारखाना खोला, न कोई जमीन–जायदाद खरीदा, कुछ नहीं किया। आप को समझने की जरूरत है प्रेमियों अभी जो कुछ कर रहा हूं, जमीन–जायदाद, आश्रम या गुरु महाराज का जो मंदिर (बावल में) बनाया जा रहा है, आप लोगों के लिए ही, आपके बच्चों के भविष्य के लिए ही कर रहा हूं। गुरु महाराज भी कहा करते थे कि मेरे अपना कोई बच्चा नहीं है लेकिन आध्यात्मिक दृष्टिकोण से तुम सब लोग मेरे बच्चे हो। तुम्हारे ही बच्चे, मेरे बच्चे की तरह से हैं। यह कहा करते थे। तो उन्ही का चेला तो मैं भी हूं। जैसे कोई शेर है तो शेर का बच्चा कोई गीदड़ थोड़ी पैदा होता है, शेर जैसा होगा। अब यह है अपने को तो दीन हीन समझे। हमेशा अपने को दीन हीन ही समझता हूं तो मैं तो गुरु महाराज के चरणों का धूल (रज) भी नहीं हूं।

# बेटी दामाद सहित तीन की गोली मारकर हत्या

## आकर्षित ग्रामीणों ने एक दर्जन से अधिक घरों में लगाई आग
## एसपी एडीजी आईजी जोन घटना स्थल पर मौजूद

चायल / कौशांबी। जनपद के संदीपन घाट थाना क्षेत्र मोहिद्दीनपुर गांव के छबीलवा मे पांडा चौराहा के पास बीती रात बेटी दामाद और पिता की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या से आक्रोसित ग्रामीणों ने आधा दर्जन से अधिक घरों में आग लगा दी। आग का विकराल रूप देखकर फायर सर्विस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल गाड़ियों ने काफी देर बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर आईजी प्रयागराज जोन और पुलिस अधीक्षक तथा अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सहित कई थानों की फोर्स मौके पर मौजूद है। शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया गया। मोहिद्दीनपुर गांव



निवासी होरीलाल उम्र 26 वर्ष पुत्र स्वर्गीय श्री नाथ व दामाद शिवसागर 26 वर्ष पत्नी बृजकाली 22 वर्ष का छबीलवा गांव के पांडा चौराहा के पास 54 बीघा सरकारी बेस कीमती जमीन पर अवैध कब्जा करके रोड किनारे झोपड़ी डालकर गुजर बसर कर रहे थे। होरीलाल द्वारा गुरुवार को सांसद विनोद सोनकर से मिलकर जमीन में कब्जा पाने के लिए शिकायती पत्र दिया गया था। इसी बात को लेकर होरीलाल और पड़ोसी के बीच शाम लगभग 8:00 बजे विवाद हो गया था। दलित बस्ती में बेटी दामाद और पिता की बीती रात 2 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। लोगों का आरोप है कि पाटीदारों से जमीन बंटवारे का काफी समय से विवाद चल रहा था। इसी बात को लेकर बेटी दामाद और पिता की गोली मारकर बीती रात हत्या कर दी गई। हत्या से आक्रोशित ग्रामीणों ने एक दर्जन घरों में आग लगा दी। इससे सभी घर धू–धू कर जलने लगे आग का विकराल रूप देखकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर संदीपन घाट फोर्स पहुंच गई। दमकल की कई गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंचकर काफी देर बाद आग पर काबू पाया। घटना की सूचना पर आईजी जोन प्रयागराज तथा पुलिस अधीक्षक अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी सहित पीएसी और भारी पुलिस बल घटना स्थल पर मौजूद है। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर परीक्षण के लिए भेज दिया। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है।

# रौता पुलिस चौकी के बगल अधिवक्ता की पत्नी को घायल कर लूट करने वाले आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने किया खुलासा

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी के निर्देश पर पुलिस ने लूट कांड का किया खुलासा बस्ती कोतवाल विनय पाठक ने अधिवक्ता के घर पत्नी को बंधक बनाकर लूट करने वाले लुटेरे को किया गिरफ्तार एसओजी टीम प्रभारी गजेंद्र प्रताप सिंह स्वाट टीम प्रभारी उमाशंकर तिवारी सर्विलांस सेल प्रभारी शशिकांत की संयुक्त टीम ने किया गिरफ्तार बस्ती कोतवाल विनय पाठक ने अभियुक्त रामदेव यादव उर्फ प्रिंस राजेश को किया गिरफ्तार पुलिस टीम ने अभियुक्तो के पास 9 सोने के जेवरात 12 हजार 2 सौ 50 रुपये एक मोबाइल फोन घटना



में प्रयुक्त एक लोहे का संबल किया बरामद अभियुक्त रामदेव यादव उर्फ प्रिंस के खिलाफ पहले से दर्ज है 3 मुकदमा अभियुक्त राजेश उर्फ राजू के खिलाफ पहले से दर्ज है 8 मुकदमे पुलिस ने अभियुक्तो को बस्ती जिले के कोतवाली थाना के अमहट पुल के पास से किया गिरफ्तार पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया के अभियुक्त रामदेव पहले अधिवक्ता के घर करता था ड्राईवर का कार्य कुछ दिन पहले अभियुक्त अधिवक्ता के घर गया था बकाया पैसा मांगने पैसा न मिलने पर खुन्नस खाकर दिया घटना को अंजाम लूट की घटना खोलने में पुलिस ने खंगाले से थे करीब 200 सीसीटीवी कैमरे पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर घटना का किया खुलासा घटना का खुलासा करने वाली टीम को 25 हजार रुपये पुरस्कार देने की घोषणा प्रेस कांफ्रेंस के दौरान एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी सीओ सदर आलोक प्रसाद रहे मौजूद अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में SI राकेश मिश्रा SI राहुल गुप्ता SI शशि शेखर सिंह SI रमेश यादव रहे शामिल गिरफ्तार करने में एसओजी टीम के हेड कांस्टेबल आनंद यादव कांस्टेबल साजिद जमाल गजेंद्र प्रताप सिंह देवेंद्र निषाद स्वाट टीम के धर्मेंद्र कुमार रमेश कुमार धीरज यादव अभिलाष सिंह सुभेन्द्र तिवारी रहे शामिल।

## मेरी माटी – मेरा देश अमृत वाटिका के अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरी लखनपुर के पंचायत सचिवालय से निकाली गई कलश यात्रा



यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। जनपद के विकास खंड कमासिन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत सिकरी लखनपुर के पंचायत सचिवालय में मेरी माटी– मेरा देश कार्यकम आयोजित किया गया कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी कमासिन के मंडल अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा व अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में आज सम्पूर्ण गांव में भ्रमण कर अमृत कलश के माध्यम से हर घर से एक–एक मुट्ठी मिट्टी व अक्षत एकत्र करने का कार्य बहुत ही भव्य तरीके से किया गया आपको बता दें ग्राम प्रधान निर्मला देवी व सचिव संजय द्विवेदी द्वारा अमृत कलश यात्रा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए थे वहीं कार्यकम की समाप्ति के पश्चात उपस्थित सभी लोगों को मिष्ठान वितरण किया गया वहीं ग्राम पंचायत अधिकारी संजय द्विवेदी ने बताया कि हर घर से मिट्टी एकत्र करके ब्लाक के माध्यम से जिले में और जिले से प्रदेश में व प्रदेश से दिल्ली भेजा जायेगा दिल्ली में शहीदों के स्मारक अमृत वाटिका में ब्लाक अनुसार वृक्ष लगाए जायेंगे इस अवसर पर सैकड़ों ग्राम वासियों की उपस्थिति रही।

## पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने मुंडेरवा थाने पहुँच कर आकस्मिक निरीक्षण

यूपी फाइट टाइम्स



बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने मुंडेरवा थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान थाना परिसर कार्यालय आदि का भ्रमण किया गया मुंडेरवा थाने पर अपराध रजिस्टर निरोधात्मक कार्यवाही रजिस्टर हिस्ट्रीशीट रजिस्टर सक्रिय अपराधी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों का अवलोकन किया गया तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये थाना परिसर में उपस्थित सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण को सख्त हिदायत दिया कि उनसे अपेक्षित समस्त कार्यवाहियों का निर्वहन पूर्ण व सही तरीके से करें बीट आरक्षी मुख्य आरक्षी गण को अपने अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा भ्रमणशील रहकर वहां के संभ्रांत लोगों से नियमित संपर्क में रहे क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों तथा आम जन के शिकायतो का विधि के अनुसार समय से निस्तारण करें।

## राष्ट्रसंत ब्रह्मलिन महंत अवेद्यनाथ महाराज जी की नवमी पुण्यतिथि के अवसर पर गौ पूजन कार्यक्रम आयोजित

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष माननीय भिखारी प्रजापति के नेतृत्व में पूरे उत्तर प्रदेश में विश्व हिंदू महासंघ के संस्थापक राष्ट्र संत ब्रह्मलीन महंत अवैद्यनाथ महाराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे उत्तर प्रदेश में एक सप्ताह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं जो कि आज बांदा जनपद में बड़ोखर ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुरेह मैं संचालित अस्थाई गौशाला में पहुंचकर सभी गौ माता की पूजा करके एवं गुड़ खिलाकर कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा उपस्थित वहां पर सभी कर्मचारियों को माला पहनकर सम्मानित भी किया गया गौ रक्षा समिति के जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि राष्ट्र संत महंत अवैद्यनाथ महाराज जी की पुण्यतिथि के अवसर पर बांदा जिले में तहसील ब्लाक



एवं नगर सभी क्षेत्र कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं आगे उन्होंने बताया कि गौ रक्षा समिति के द्वारा लगातार गौशालाओं को निरीक्षण भी किया जा रहा है और जहां पर कमियां होती हैं वहां पर कर्मियों को दूर करने के लिए प्रशासन से आग्रह किया जाता है कि यहां की कमियां जल्द से जल्द दूर की जाए जिससे गौ माता भूख से या आकस्मिक मृत्यु ना हो आगे जिला अध्यक्ष महेश कुमार प्रजापति ने बताया कि गोवंश अभी भी सड़कों पर घूमते हुए नजर आ रहे हैं लेकिन माननीय जिलाधिकारी श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल जी लगातार आदेश जारी कर रही हैं कि गोवंशों को अंदर किया जाए लेकिन कुछ जिम्मेदार अधिकारी अभी भी उनकी सुनने को तैयार नहीं है गौ रक्षा समिति मांग करती है ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ माननीय जिलाधिकारी महोदय जी उचित कार्रवाई करें जिससे कोई बड़ी अनहोनी ना हो इस मौके में उपस्थित जिला प्रभारी सुरेश कान्हा राहुल गुप्ता जिला सोशल मीडिया प्रभारी आशु प्रजापति एवं गौशाला कर्मचारी उपस्थित रहे।

## देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा को लेकर बोले समाजवादी पार्टी के बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। समाजवादी पार्टी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के नेतृत्व में प्रयागराज से शुरू हुई देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी साइकिल यात्रा कप्तानगंज विकास खण्ड के वायरलेस चौराहे के निकट से आरम्भ हुई पूर्व कैबिनेट मंत्री रामप्रसाद चौधरी ने हरी झण्डी दिखाकर साइकिल यात्रा को रवाना किया स्थान स्थान पार्टी नेताओं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया यात्रा हर्रैया विधानसभा क्षेत्र के ऋं गीनारी पहुंची जहां विश्राम की व्यवस्था यात्रा रूधौली विधानसभा क्षेत्र में पहुंचेगी सपा जिलाध्यक्ष एवं बस्ती सदर विधायक महेन्द्रनाथ यादव ने बताया कि कप्तानगंज विधानसभा क्षेत्र के पिकौरासानी में क्षेत्रीय विधायक कविन्द्र चौधरी अतुल की मौजूदगी में साईकिल यात्रियों का स्वागत किया गया इसी क्रम में महराजगंज बिहरा गेट विक्रमजोत पर नुक्कड़ सभायें हुई साईकिल यात्रा के दौरान आयोजित सभाओं में सपा नेताओं ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव सपा विधायक एवं जिलाध्यक्ष महेन्द्रनाथ यादव विधायक कविन्द्र चौधरी उर्फ अतुल के साथ ही पार्टी के अनेक नेताओं ने कहा कि केन्द्र और उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में किसान मजदूर नौजवान व्यापारी के साथ ही सभी वर्ग परेशान है आने वाले लोकसभा के चुनाव में सपा पूरी मजबूती से चुनाव मैंदान में उतरेगी और राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में घोसी की तरह विजय का रेकार्ड जनता बनायेगी साईकिल यात्रा का स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से प्रवीण पाठक अरविन्द यादव रन बहादुर यादव समीर चौधरी राजू सिंह नीलू सिंह चन्द्र प्रकाश चौधरी मो. स्वालेह सिद्धार्थ सिंह प्रदीप यादव मुलायम प्रमोद यादव गुलाम गौस कुलदीप श्रीवास्तव नन्हें यादव हरीश अजीत नरसिंह यादव दुर्गा यादव दिलीप यादव मनीष शर्मा श्याम सुन्दर यादव तूफानी यादव जगदीश मौर्य राहुल सिंह राम सहाय यादव अरविन्द सिंह शंकर यादव के साथ ही साईकिल यात्रा में अभिषेक यादव के साथ चल रहे अखिलेश गुप्ता राघवेन्द्र यादव जयसिंह प्रताप यादव अविनाश विद्यार्थी राकेश शर्मा प्रिन्स सिंह के साथ ही बड़ी संख्या में सपा पदाधिकारी कार्यकर्ता स्थानीय नागरिक शामिल रहे।

# विवेकानंद मिश्र बने भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष

यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। बस्ती समेत प्रदेश के 44 जिलों में भाजपा जिलाध्यक्षों की घोषणा को लेकर लगाई जा रही तमाम अटकलों पर विराम लगाते हुए उत्तर प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने जिलों में संगठन के नए मुखिया के नामों की घोषणा शुक्रवार को दिन में 12 बजे कर दी बस्ती में प्रदेश भाजपा संगठन ने विवेकानंद मिश्रा पर भरोसा जताया है विवेकानंद मिश्र का राजनैतिक जीवन परिचय बस्ती जनपद के गोटवा तिलकपुर के रहने वाले विवेकानंद मिश्र के पिता सेवानिवृत्त शिक्षा राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित थे एम ए बी एड नेट पास आउट गोटवा इंटर कालेज में प्रवक्ता है। 1998 में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संपर्क में आने के बाद 1999 से 2000 तक प्रयागराज में विश्व विद्यालय इकाई प्रमुख रहे 2001 से 2002 तक महानगर सहमंत्री 2002 से 2003 तक महानगर



मंत्री 2006 से 2010 तक बस्ती में जिला प्रमुख रहे 2010 से 2012 तक भाजपा युवा मोर्चा में बस्ती सिद्धार्थनगर व संतकबीर नगर के विभाग संयोजक के साथ ही सिद्धार्थनगर के जिला प्रभारी भी रहे 2012 में भारतीय जनता पार्टी के जिला सदस्यता प्रमुख बनाये गए 2013 से 2016 तक जिला उपाध्यक्ष व 2016 से अब तक 2 बार भाजपा के जिला महामंत्री रहे विवेकानन्द भाजपा के पुराने और जमीनी कार्यकर्ता हैं चुनाव में नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाने में कुशल माने जाने वाले विवेकानंद को अध्यक्ष बनाये जाने से उन पुराने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। विवेकानद मिश्र ने कहाँ नए एवं पुराने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का रास्ता और बेहतर समन्वय स्थापित कर पार्टी को सफलताएं दिलाऊंगा कई थे दावेदार जबरदस्त थी लड़ाई बस्ती भाजपा का जिलाध्यक्ष बनने की दौड़ में कई चेहरे शुरुआती दौर से ही शामिल थे हालांकि बाद में नाम शार्ट लिस्ट होते गए और दावेदारों की संख्या भी घट गई लेकिन एक वक्त ऐसा दौर भी आया जब इस प्रतिष्ठा पूर्ण पद के लिए घमासान इस कदर हुआ कि बस्ती पर फैसला ही रोकना पड़ गया बस्ती में जब जिलाध्यक्षी की दावेदारी शुरू हुई तो महेश शुक्ल विवेकानन्द मिश्र अभय पाल प्रमोद पाण्डेय दिवाकर मिश्र राजेश पाल चौधरी अमृत कुमार वर्मा के नामों पर चर्चा तेज थी।

# हरिकेवल प्रसाद सदन से लेकर सड़क तक गरीबों के हक के लिए संघर्ष किया : सूर्यप्रताप शाही

देवरिया। सलेमपुर के बापू इण्टर कालेज के मैदान में पूर्व सांसद स्व0 हरिकेवल प्रसाद की 11वी पुण्यतिथि शुक्रवार को मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उक्त श्रद्धांजलि सभा मे कृषि उत्पादन वृद्धि के लिए कृषि प्रसार कृषि निवेश तथा तकनीकी प्रबंधन योजनांतर्गत विकास खण्ड स्तरीय गोष्ठी ६ मेला का भी आयोजन किया गया। जिसमे विभिन्न उपकरण का स्टाल लगाया गया। सुनील यादव स्नेही ने कार्यक्रम का शुभारंभ लोकगीत से किया। कार्यक्रम के आयोजक सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा एवम भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह एवम शाल भेंटकर स्वागत किया। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद का सपना था कि किसानों की





आमदनी बढ़े। आज भाजपा सरकार में किसानों की आमदनी में कई गुने की बढ़ोतरी हो रही है। पिछली सरकारों में बस अल्पसंख्यक एवम एक विशेष समुदाय के लिए खजाना होता था।आज किसानों को किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के खातों में धन जाता है। गरीबो के लिए किया संघर्ष

श्री शाही ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद का पूरा जीवन गांव, गरीब, किसान, दलित और वंचितों के लिए समर्पित रहा। सदन से लेकर सड़क तक गरीबों के हक के लिए संघर्ष किया। हरिकेवल प्रसाद के विचार,कार्य और संघर्षों का एक लंबी श्रृंखला है, जो लोगों में आज भी रचा बसा है। देवरिया सांसद रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद व्यक्ति नही विचार थे और लोगो की प्रेरणा थे। उन्होंने पूर्व सांसद के जीवन को संघर्षपूर्ण बताते हुए उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गरीबों को पक्का मकान, बेहतर इलाज, अच्छी सड़कें हरिकेवल प्रसाद का सपना था, जिसे आज पीएम मोदी और सीएम योगी की सरकार साकार कर रही है। राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने इनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हरिकेवल प्रसाद गरीबों, मजलूमों की आवाज थे। जहां भी शोषण व अन्याय हुआ और हरिकेवल प्रसाद के कान तक इसकी आवाज पहुंची तो वे संघर्ष करने जरूर पहुंचे। आज भाजपा सरकार सभी जनकल्याणकारी योजना आम जनमानस तक पहुचाकर उनके सपने को साकार कर रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत अध्यक्ष पण्डित गिरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि हरिकेवल प्रसाद जैसे संघर्षशील नेता कभी–कभी पैदा होते हैं। सांसद रविन्दर कुशवाहा ने बताया कि पिता जी संघर्ष की उपज थे।उन्होंने आजीवन राजनीति को तपस्या और सेवा के भाव से देखा। वे गरीबो में भगवान का चेहरा देखते थे। भाजपा नेता जयनाथ कुशवाहा गुड्डन ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। संचालन सन्तोष पटेल ने किया। उक्त कार्यक्रम को विधायक सभाकुंवर कुशवाहा,राजधारी सिंह,जिलाध्यक्ष भुपेन्द्र सिंह,बलबीर सिंह दादा,बिंदा कुशवाहा,अशोक पाण्डेय, अमित सिंह बबलू,भगवान पाठक,कन्हैया लाल जायसवाल,अमरेश सिंह बबलू,नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव,हरिचरन कुशवाहा,पवन राय आदि ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अजय दूबे वत्स,वीरेंद्र कुशवाहा,अभिषेक जायसवाल,त्रिपुणायक विश्वकर्मा,धनन्जय चतुर्वेदी,बीके शुक्ला, सन्दीप श्रीवास्तव,विभय पाण्डेय,अभय तिवारी,पुनीत यादव,सत्यप्रकाश सिंह विशेन,ब्लॉक प्रमुख सन्दीप सिंह,संजय दुबे,हाकिम सिंह,कमलेश तिवारी,रविन्द्र श्रीवास्तव, बृजेश दूबे, हितेन्द्र तिवारी,राहुल सिंह,अशोक कुशवाहा,अमरनाथ पाल आदि मौजूद रहे।

# अपर सचिव ने श्रृंग्वेरपुरधाम का किया दौरा

## विकास कार्यो की धीमी गति देख जताई नाराजगी

लालगोपालगंज, प्रयागराज। ब्लॉक श्रृंगवेरपुर धाम में मुख्यमंत्री के आगमन की सुगबुगाहट तेज हो गई है। पिछले दिनों डीएम प्रयागराज संजय खत्री ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के श्रृंग्वेरपुरधाम आगमन की तैयारियो का जायजा लेने पहुंचे थे। वहीं शुक्रवार को अपर सचिव देवेश चतुर्वेदी दोपहर को श्रृंग्वेरपुरधाम पहुंचे। सबसे पहले निषादराज पार्क पहुंचकर निर्माण कार्य एवं राम केवट मिलन प्रतिमा देखकर निरीक्षण किया। जिसके बाद श्रृंग्वेरपुरधाम के शांता श्रृंगी ऋषि मन्दिर पहुंचकर पूजन अर्चना किया। इसी के साथ राम केवट मिलन मन्दिर का भी दौरा किया। अपर सचिव रिवर फ्रंट और निषादराज मंदिर के जीर्णोद्धार की मांग की है।



ने श्रृंग्वेरपुर धाम में बने पर्यटन सुविधा केंद्र की अनियमितता पर नाराजगी जताते हुए राम केवट मिलन मन्दिर और शांता श्रृंगी ऋषि मन्दिर के जीर्णोद्धार कराये जाने को भी कहा गया है। श्रृंग्वेरपुर महोत्सव के अध्यक्ष संजय तिवारी ने श्रृंग्वेरपुरधाम मे हरिद्वार के तर्ज पर गंगा महोत्सव के अध्यक्ष संजय तिवारी ने बताया कि विभिन्न प्रस्तावो को देकर श्रृंग्वेरपुरधाम मे अनियमितता की जाँच कराने का भी मांग किया है। श्रृंग्वेरपुरधाम मे मंदिरो का जीर्णोद्धार और निषादराज पार्क के साथ श्रृंगी ऋषि पार्क बनाये जाने का भी प्रस्ताव रखा है।

# रोडवेज के संविदा ड्राइवर पहुंचे जिलाधिकारी कार्यालय

यूपी फाइट टाइम्स

बांदा। रोडवेज संविदा कर्मियों ने एआरएम लक्ष्मण सिंह पर लगाए गंभीर आरोप संविदा कर्मियों ने एआरएम पर ड्यूटी के नाम पर घूस लेने का लगाया आरोप रोडवेज के संविदा ड्राइवरों का आरोप एआरएम की घूसखोरी से परेशान होकर साथी संविदा ड्राइवर ने विगत 11 तारीख को प्रयागराज में बस में ही फांसी लगाकर की थी आत्महत्या संविदा कर्मियों ने जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में घटना की जांच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की रोडवेज संविदा कर्मियों के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची मृतक संविदा ड्राइवर वेद प्रकाश की पत्नी वंदना ने भी रोडवेज के एआरएम लक्ष्मण सिंह पर घूसखोर का लगाया आरोप मामला बांदा रोडवेज के एआरएम लक्ष्मण सिंह द्वारा संविदा कर्मियों के उत्पीड़न और घूसखोरी से जुड़ा हुआ है। वहीं इस मामले में सहायक क्षेत्रीय प्रबंन्धक लक्ष्मण सिंह ने




बताया कि मेरे ऊपर जो भी आरोप लगाया जा रहा है वह सब असत्य व निराधार है , प्रयागराज में जो परिचालक के साथ घटना हुई है उसकी हम निष्पक्ष जांच करवाने के पत्र लिखकर भेज दिया और मृतक परिचालक के परिवार को जो भी सरकारी सहायता होगी दी जायेगी। इस मौके पर वंदना मृतक संविदा ड्राइवर वेद प्रकाश की पत्नी संतोष, राहुल, मुकेश सिंह सहित अन्य रोडवेज चालक व परिचालक मौजूद रहे।

# मोहित गारमेंट्स का उद्घाटन किए जिला संघ उपाध्यक्ष रामकोला ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण



यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर। जनपद के विकास खंड रामकोला के लक्ष्मीगंज चौराहे पर मोहित गारमेंट्स हमारे सहयोगी चौराहा पर शुक्रवार को मोहित गारमेंट्स का उद्घाटन किए जिला संघ उपाध्यक्ष रामकोला ब्लाक प्रमुख दिग्विजय सिंह लक्ष्मण इस दौरान प्रमुख ने कहा की दुकान उन्नति प्रगति हो भव्य उद्घाटन हुआ। मौके पर प्रमुख रामकोला पंडित जी ने दुकान पर स्वास्तिक चिन्ह बना फीता काटकर दुकान का शुभारंभ किया। वही दुकान के क्षेत्रपंचायत सदस्य राहुल यादव ने बताया कि लोगों को शुद्धता के साथ उचित मूल्य पर सामान उपलब्ध रहेगा। जिससे लोगो को अधिक से अधिक सुविधा उपलब्ध हो इस दौरान उपस्थित रामकोला ब्लाक प्रमुख जिला उपाध्यक्ष संघ दिग्विजय सिंह लक्ष्मण रियाज अली राहुल यादव परिवार समस्त बीडीसी ग्राम वासियों उपस्थित रहे।

# मिहींपुरवा में नवयुग इंटर कालेज के एनसीसी इकाई का अधिकारीयो ने किया निरीक्षण

बहराइच। मिहींपुरवा कस्बे स्थित नवयुग इंटर कालेज में संचालित एनसीसी इकाई का 51 यूपी बटालियन एनसीसी बलरामपुर कमाडिंग ऑफिसर कर्नल एपीएस पटवाल ने निरीक्षण किया। इस दौरान एनसीसी एएनओ प्रमोद कुमार व रंजना गुप्ता द्वारा कमान अधिकारी एपीएस पटवाल को विद्यालय में संचालित एनसीसी गतिविधियों की जानकारी दी गयी



। कमान अधिकारी ने ट्रेनिंग ग्राउंड पर केडेट से मिल उनसे एनसीसी दायित्व, यूनिफोर्म, टर्नआउट, ड्रिल, शारीरिक दक्षता, अनुशासन एवं आर्मी भर्ती आदि पर चर्चा की। उन्होंने केडेट्स को एनसीसी के द्वारा मिलने वाले समस्त लाभ लेने पर जोर दिया । साथ ही कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार एनसीसी प्रमाण पत्र धारकों को दिए जाने वाले बोनस अंक या प्राथमिकताओं के बारे में केडेट्स को अवश्य जानकारी होनी चाहिए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुबाष चन्द वर्मा ने कमान अधिकारी कर्नल एपीएस पटवाल जी को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान सूबेदार सुखविन्दर सिंह मौजूद रहें।

# भारतीय जनता पार्टी कौशाम्बी से धर्मराज मौर्य को जिला अध्यक्ष बनाए जाने की खुशी में भाजपाइयों ने लड्डू बांटकर खुशी मनाई

सिराथू/कौशाम्बी। भारतीय जनता पार्टी के कौशांबी जिला उपाध्यक्ष धर्मराज मौर्य को शीर्ष नेतृत्व नें पार्टी का जिला अध्यक्ष बनाया है जैसे ही यह खबर उनके समर्थकों तक पहुंची सभी खुशी से झूम उठे चारों तरफ डिप्टी सीएम केशव मौर्य एवं भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए जाने लगे, नगर पंचायत दारानगर कड़ा धाम के शरीफाबाद तिराहे पर युवा भाजपा नेता राहुल कुशवाहा के नेतृत्व में दर्जन भाजपा कार्यकर्ताओं ने धर्मराज मौर्य के जिला अध्यक्ष बनने की खुशी में एक दूसरे को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा कराया, साथ ही डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य एवं भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा नेता अजय मौर्या, नगर मंत्री एबीवीपी अमन अग्रहरि,ठेकेदार बृजेश कुशवाहा, अभिषेक गौतम,अमन सोनी, गुलाब मौर्य,समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सेक्स रैकेट का खुलासा कर 15 युवतियों और 10 युवकों को भेजा जेल कुशीनगर पुलिस ने

यूपी फाइट टाइम्स

कुशीनगर। जनपद में देह व्यापार के अनैतिक कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए बीते दिनों एसडीएम और सीओ के अगुवाई मे छापेमारी की गई. इस दौरान रंगरलियां मनाते हुए पकड़े गए 15 युवतियों और दस युवकों के खिलाफ पुलिस ने अनैतिक देह व्यापार की धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।कुशीनगर जिले के कसया में स्थित होटलों पर उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह और पुलिस क्षेत्राधिकारी कुंदन सिंह ने संयुक्त रूप से मीडिया से मुखातिब होकर देह व्यापार के कारोबार का खुलासा किया. उन्होंने बताया कि मीडिया



और जनमानस से जानकारी मिल रही थी कि क्षेत्र में अवैध और अनैतिक देह व्यापार का कारोबार चल रहा है. इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पुख्ता जानकारी इकट्ठा करने के बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई।कहां–कहां पुलिस ने की छापेमारी अधिकारियों ने बताया कि कसया नगर के जैन बिल्डिंग के पास स्थित नूरजहां, सपहा रोड पर एसबीआई बैंक के सामने स्थित पूजा शर्मा के मकान, पुराने थाना के बगल में स्थित आयशा के मकान और कुशीनगर में स्थित थाई मंदिर के पीछे पारस गुप्ता के मकान सहित नगर के एक होटल रिद्धि–सिद्धि में अनैतिक देह व्यापार और जिस्मफरोशी का धंधा चल रहा था. इन जगहों पर छापेमारी कर मौके से 15 महिलाओं और 10 पुरुषों को गिरफ्तार किया गया था. इसमें संचालक और एजेंट भी शामिल हैं. साथ ही इस दौरान भारी मात्रा में आपत्तिजनक समान सहित शराब की बोतलें और सेक्सुअल दवाइयां भी बरामद हुईं।पुलिस ने इस मामले में अनैतिक देह व्यापार की धाराओं में मुकदमा संख्या 805ध्23 धारा 3ध्4ध्5ध्7 अनैतिक देह व्यापार अधिनियम 1956 दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया है. कसया नगर के अलग–अलग घरों और कुशीनगर के होटलों पर मारे गए छापे के दौरान गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान कन्हैया सिंह पुत्र विनोद सिंह निवासी बरवा सेमरा, अरुण गोविंद राव उर्फ प्रिंस पुत्र संदीप निवासी कठिनहिया, सचिन तिवारी पुत्र सर्वजीत तिवारी निवासी जुड़वनिया, दीपक यादव उर्फ गोलू पुत्र लल्लन यादव निवासी तुर्कपट्टी चौराहा शामिल हैं।पुलिस ने दी देह व्यापारियों को चेतावनी इसके अलावा दीपक जायसवाल पुत्र शिवजी निवासी वार्ड नं. 26 अमिय नगर, रवि सिंह पुत्र कमला सिंह निवासी मुंडेरा, रमेश गुप्ता पुत्र स्व. राजेंद्र गुप्ता निवासी अनरुद्धवा, शैलेंद्र उर्फ बब्लू चौधरी पुत्र स्व. कमलेश्वर चौधरी निवासी एकडेरवा, नौशाद अली पुत्र विकाउल्लाह निवासी डिघवा बुजुर्ग, पारस गुप्ता पुत्र विजयी निवासी कुशीनगर के साथ–साथ 15 महिलाएं हैं।उपजिलाधिकारी योगेश्वर सिंह और सीओ कुंदन सिंह बुद्ध नगरी में अवैध रूप से बेखौफ संचालित देह व्यापार के कारोबार के प्रति गंभीर हैं. इन अधिकारियों ने अवैध कारोबारियों को चेतावनी दी है कि किसी भी सूरत में देह व्यापार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इन्होंने कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी. इस धंधे मे लिप्त कारोबारियों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा।

## न्यूज डायरी

### एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने रिजर्व पुलिस लाइन में साप्ताहिक शुक्रवार परेड का किया निरीक्षण दिये गए आवश्यक दिशा निर्देश



यूपी फाइट टाइम्स

बस्ती। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउण्ड मे साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों के टर्नआउट को चेक करते हुए सभी अधिकारी कर्मचारीगणों को ड्यूटी के दौरान उच्च कोटि की वर्दी पहनने व जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया निरीक्षण के पश्चात कर्मियों को शारीरिक रुप से फिट रहने हेतु दौड़ लगवाई गई व परेड के दौरान अनुशासन व एकरुपता के लिए टोलीवार ड्रिल कराई गई पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा परेड के उपरान्त पुलिस मेस में भोजन की गुड़वत्ता का परिक्षण किया गया तथा परिवहन शाखा डायल 112 के वाहनों आदि का निरीक्षण किया गया तथा पुलिस लाइन की बेहतर साफ–सफाई हेतु प्रतिसार निरीक्षक को निर्देशित किया गया तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी द्वारा पुलिस लाइन के आदेश कक्ष मे सभी गार्द रजिस्टरों को चेक करते हुए गार्द की सुरक्षा के संबंध मे सभी गार्द कमांडरों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान को लेकर प्रखंड सभागार में बीडीओ ने की बैठक



यूपी फाइट टाइम्स

गौनाहा। प्रखंड सभागार में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा ष्स्वच्छता ही सेवाष अभियान को लेकर स्वच्छता कर्मियों के साथ बीडीओ शिवजन्म राम द्वारा एक बैठक की गई। जिसमें स्वच्छता से जुड़ी जानकारी को सजा करते हुए सभी स्वच्छता कर्मियों को अपने कर्तव्यों को लेकर शत प्रतिशत ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का सुझाव दिया गया। तथा ष्स्वच्छता ही सेवाष्अभियान 15 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक संचालन को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उपस्थित प्रखंड समन्वयक विनोद कुमार ,स्वच्छता पर्यवेक्षक बुद्धेश्वर प्रसाद, कार्यपालक सहायक अविष्कार कुमार, अशोक कुमार, नितेश कुमार, अनिकेत कुमार, कमलेश कुमार, धर्मेंद्र गिरि, राकेश कुमार, आकांक्षा आर्या, सिकेंद्र कुमार, अशोक चौधरी, आईटी हेड प्रवीण कुमार, पंचायत सचिव कृष्ण राम ,गौतम कुमार रजक, मितेश रंजन कुमार, सन्नी कुमार, जीतेंद्र कुमार,नंदेलाल कुमार, रुपेश कुमार पटेल, दीपक कुमार, संतोष कुमार, अजय सोनी,जीतेंद्र कुमार, गोपाल पासवान, पिंटु चौरसिया, शंकर कुमार पंचायत रोजगार सेवक, सुदर्शन यादव,शत्रुघ्न कुमार, विजय कुमार,अमन कुमार आदि उपस्थि रहे।

### नवनियुक्त जिलाअध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



देवरिया। भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह का स्वागत सलेमपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी मुझे दिया है उसको पूरी ईमानदारी एवम निष्ठा से निर्वहन करूंगा। भूपेंद्र सिंह जो जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर सांसद रविन्दर कुशवाहा,राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम,जयनाथ कुशवाहा गुड्डन,बलबीर सिंह दादा,अभिषेक जायसवाल,कन्हैया लाल जायसवाल,अजय दूबे वत्स,देवेंद्र सिंह राजू, पुनीत यादव,विनय पाण्डेय आदि ने बधाई दी।

### बैतालपुर में लम्पी रोग जागरूकता अभियान चलाया गया



देवरिया। बैतालपुर पशु चिकित्सालय द्वारा लम्पी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है जिसमें टीकाकरण कार्य के साथ पम्पलेट वितरण कर पशु पालकों को जागरूक किया जा रहा है कि टीकाकरण के साथ साफ –सफाई से ही लम्पी बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।पशुधन प्रसार अधिकारी निशाकान्त तिवारी के नेतृत्व में पशु चिकित्सालय बैतालपुर की टीम ने महुआडीह,रामपुर बनहर व वरवां राजस्व ग्रामों में कैम्प किया। भ्रमण के दौरान बेचू, हीरा यादव व मोतीलाल के गायों में लम्पी के लक्षण मिले,जिनका उपचार के बाद अन्य पशुओं से अलग रखने के लिए कहा गया।घांव भरने के लिए नियमित नीम व फिटकरी खौलाकर ठंडा होने पर पशुओं को स्नान करवाने का निर्देश दिया गया। सभी स्वस्थ गोवंशीय पशुओं को लम्पी का टीका लगाया गया। सुवाष चन्द्र के साथ पैरावेट्स रामरतन भारती व प्रणवेश मणि त्रिपाठी ने टीकाकरण कार्य में सहयोग किया। पशु चिकित्साधिकारी डॉ. दिग्विजय यादव ने गुड़री में पैरावेट सुनील कुमार के साथ टीकाकरण कार्य किया और कहा कि सभी ग्रामों में रोस्टर तैयार कर टीकाकरण अभियान नियमित चलाया जा रहा है।

# ओजोन परत के बिना समाप्त हो जाएगा पृथ्वी पर जीवन


सम्पादक
सतीश गोयल

**ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है।**

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतर्राष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है और इस वर्ष विश्व ओजोन दिवस थीम है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः फिक्सिंग द ओजोन लेयर एंड रिड्यूसिंग क्लाइमेट चेंज' अर्थात 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः ओजोन परत को ठीक करना और जलवायु परिवर्तन को कम करना'।

आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में पिछले साल कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों




में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से पर्यावरण पर छपी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के मुताबिक ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्रायः कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार, पर्यावरण मामलों के जानकार तथा चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' के लेखक हैं)

## संपादकीय

### आरोपियों की खातिर

सर्वोच्च अदालत ने बुधवार को मीड़िया पर नाराजगी व्यक्त की। अदालत ने केंद्र से मीड़िया ब्रीफिंग पर तीन महीनों में गाइड़लाइन बनाने को कहा। एक मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश ड़ीवाई चंद्रचूड़. ने कहा मीड़िया ट्रायल से न्याय प्रभावित हो रहा है। इसलिए पुलिस में संवेदनशीलता लाना आवश्यक है। पुलिस को मामले का कितना खुलासा करना है, यह निश्चित करने की जरूरत है। उन्होंने कहा यह आरोपी व पीड़ितों के हित में है। हमें आरोपी के अधिकारों को भी ख्याल रखना है। अगर आरोपी का मीड़िया ट्रायल होता है तो जांच निष्पक्ष नहीं रह जाती। अदालत ने माना कि इस मीड़िया ट्रायल से पीड़ित या शिकायतकर्ता की गोपनीयता का उल्लंघन भी होता है। कभी-कभी मामले में नाबालिग का संबंध भी होता है। पीड़ित की निजता प्रभावित नहीं की जा सकती। हमें दोनों के अधिकारों का ख्याल रखना है। मुख्यधारा मे मीड़िया के अतिरिक्त अब सोशल मीड़िया पर भी तरह-तरह खबरों का प्रसार बढ़ा है। खबरों की रोचकता बढ़ाने और उन्हें नजरखेंचू बनाने के लोभ में मीड़िया द्वारा बढ़-चढ़ कर पेश किया जाता है। खासकर आरोपी को लेकर पूर्वाग्रहित मनगढंत संदेह थोपे जाते हैं। चीख-चिल्लाहट के दरम्यान अंतिम फैसले तक सुना दिए जाते हैं। मीड़ियाकर्मियों का तर्क होता है, वे सब कुछ पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के आधार पर करते हैं। इसीलिए अदालत ने इस बार पुलिस के लिए भी नियम निर्धारित करने के आदेश दिए हैं। अमूमन पुलिस व मीड़िया द्वारा प्रत्यक्षदर्शियों, परिवारवालों के बयानों के आधार पर कहानी गढ़ ली जाती है। इतने के बावजूद आजकल आरोपी को अपराधी सिद्ध करने वाले न्यायाधिकारी के तौर पर फैसले भी देने से संकोच नहीं करते। ऐसे में उसके खिलाफ किया गया अनर्गल प्रलाप फिजूल तो होता ही है परंतु उसके कारण हुई मानसिक यंत्रणा का क्या नतीजा हो सकता है। यही बात नाबालिगों के लिए भी लागू होती है। वे आरोपी हों या पीड़ित, सख्त नियमों व आदेशों के बावजूद अतिउत्साह में उनकी तस्वीरें/परिचय जाहिर कर दी जाती हैं। यह सिर्फ संवेदनहीनता का ही मसला नहीं है, बल्कि नाबालिग के भविष्य को भी तबाह करने वाला हो सकता है। न्याय भी अपराधियों को जीने का अधिकार देता है। सजायाफ्ताओं को सुधार का मौका दिया जाना ही मानवता है।

## चिंतन-मनन

### प्रधानता आत्मा को

मनुष्य सामान्यतः जो बाह्य में देखता, सुनता, समझता है वह यथार्थ ज्ञान नहीं होता। किन्तु भ्रमवश उसी को यथार्थ ज्ञान मान लेता है। अवास्तविक ज्ञान को ही ज्ञान समझकर और उसके अनुसार अपने कार्य करने केकारण मनुष्य अपने मूल उद्देश्य सुख-शान्ति की दिशा में अग्रसर न होकर विपरीत दिशा में चल पड़ता है। यथार्थ ज्ञान की अनुभावक मनुष्य की अंतरात्मा ही है। शुद्ध, बुद्ध एवं स्वयं चेतन होने से उसको अज्ञान का अंधकार कभी नहीं व्यापसकता। परमात्मा का अंश होने से वह उसी तरह सत, चित एवं आनंद है, जिस प्रकार परमात्मा के समीप असत्य की उपस्थिति संभव नहीं है उसी प्रकार उसके अंश आत्मा में भी असत्य का प्रवेश सम्भव नहीं। मनुष्य की अंतरात्मा जो कुछ देखती, सुनती और समझती है, वही सत्य और यथार्थ ज्ञान है। अंतरात्मा से अनुशासित मनुष्य ही सत्य के दर्शन तथा यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि कर सकता है। यथार्थ ज्ञान की उपलब्धि हो जाने पर मनुष्य के सारे शोक-संतापों का स्वतः समाधान हो जाता है। अंतरात्मा की बात सुनना और मानना ही उसका अनुशासन है। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है, किन्तु उसकी वाणी सूक्ष्मातिसूक्ष्म होती है, जिसे बाह्य एवं स्थूल श्रवणों से नहीं सुना जा सकता। मनुष्य की अन्तरात्मा बोलती है किन्तु मौन विचार स्फुरण की भाषा में, जिसे मनुष्य अपनी कोलाहलपूर्ण मानसिक स्थिति में नहीं सुन सकता। अन्तरात्मा की वाणी सुनने के लिए जरूरी है मनुष्य का मानसिक कोलाहल बन्द हो। अन्तरात्मा का सान्निध्य मनुष्य को उसकी आवाज सुनने योग्य बना देता है। यों मनुष्य की अन्तरात्मा उसमें ओतप्रोत है, पर उसका सच्चा सान्निध्य पाने के लिए उसे जानना आवश्यक है। परिचयहीन निकटता भी एक दूरी होती है। रेलयात्रा में कन्धे से कन्धा मिलाये बैठे दो आदमी अपरिचित होने के कारण समीप होने पर भी एक-दूसरे से दूर होते हैं। अजनबी छोड़िए, जिन्दगी भर एक दूसरे केसाथ रहने पर भी आन्तरिक परिचय के अभाव में कई लोग एक-दूसरे से दूर ही रहते हैं। अन्तरात्मा जानने का एक ही उपाय है कि उसके विषय में सदा जिज्ञ-ासु तथा सचेत रहा जाए। जो जिसके विषय में जितना अधिक जिज्ञासु एवं सचेत रहता है, वह उसकेविषय में उतनी ही गहरी खोज करता है और निश्चय ही उसे पा लेता है। आत्मा के विषय में अधिक से अधिकजिज्ञासु एवं सचेत रहिए। अपनी आत्मा से परिचित होंगे, उसकी वाणी सुनेंगे, सच्चा मार्ग निर्देशन पाएंगे, तो अज्ञान से मुक्त हों यथार्थ सुख-शान्ति के अधिकारी बनेंगे।

# हे राम, सनातन धर्म और घमंडियां


प्रबन्ध संपादक
मदन पाल सिंह



सनातन धर्म को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदयनिधि द्वारा जो बयान सनातन धर्म को लेकर दिया गया। उससे लगता है, भारतीय जनता पार्टी को एक नई संजीवनी बूटी मिल गई है। भाजपा और संघ सनातन वाले मुद्दे को हवा दे रही है तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाडीएमके दोनों ही पेरियार के समर्थक हैं। दोनों ही सनातन धर्म की आलोचना करने वाले, राजनीतिक दल के रूप में अपनी पहचान बनाए हुए हैं। तमिलनाडु में ब्राह्मणवाद के खिलाफ जो आंदोलन चला था। इसका नेतृत्व तमिलनाडु में डीएमके और अन्नाडीएमके कर रहे हैं। डीएमके इंडिया गठबंधन का हिस्सा है। अन्नाडीएमके एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जिस तरह से सनातन का विरोध करने पर इंडिया गठबंधन को निशाने पर ले रहे हैं। वहीं भाजपा और मीडिया अन्ना डीएमके को लेकर चुप्पी साध रहे हैं। पिछले कई दिनों से मीडिया भी इस मामले को बढ़-चढ़कर उठा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी मध्य प्रदेश की यात्रा के दौरान कहा, कि गांधी जी के आखिरी शब्द थे, हे राम। गांधी जी जीवन भर सनातन के पक्ष में खड़े रहे। जिस सनातन धर्म ने हजारों वर्षों से भारत को एक जुट रखा है। घमंड या गठबंधन, सनातन को खंड-खंड करना चाहता है। विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया बनने के बाद से देश में एक बार फिर मंडल और कमंडल की राजनीति अपने चरम की ओर जा रही है। भारतीय जनता पार्टी राम मंदिर हिंदुत्व और सनातन धर्म को मुद्दा बनाकर हिंदुओं के वोट पाने की जुगत में है। इसी तरीके से विपक्षी दल के गठबंधन इंडिया ने जिस तरह से जातीय जनगणना, दलित पिछडों और आदिवासियों को लेकर जाति जनगणना के आधार पर उनके हकों की मांग की जा रही है। विपक्षी गठबंधन इंडिया के सभी राजनीतिक दल हिंदुओं के वोट बैंक में भाजपा का जो एकाधिकार बन गया था। उसे धार्मिक आधार पर अब चुनौती देने का काम शुरू कर दिया है। इससे भाजपा में निश्चित रूप से कहीं ना कहीं घबराहट देखने को मिल रही है। दलित और आदिवासियों के अलग-अलग धर्म के मानने वाले हैं। उनकी अलग-अलग परंपराएं हैं। उनकी आस्था भी अलग-अलग है। मनुवादियों और ब्राह्मणों के खिलाफ भारत में पिछले 100 वर्षों में कई आंदोलन चले। हिंदुओं के बीच से आर्य समाज ने भी हिंदू धर्म के पाखंड के विरोध में आर्य समाज की स्थापना की थी। समाज सुधार के प्रयास सैकड़ो वर्ष से हो रहे हैं। उसमें सनातन धर्म का ब्राह्मणवाद जाति व्यवस्था, ऊंच-नीच का भेदभाव, छुआछूत इत्यादि को लेकर हमेशा से एक टकराव बना हुआ है। 1990 के राम मंदिर आंदोलन और 2014 के हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरणके बाद भारतीय जनता पार्टी ने जो नया मुकाम हासिल किया है। उस समय मंडल को ज्यादा सफलता नहीं मिली थी। उस समय सारे विपक्षी दल एकजुट नहीं थे। पिछले दो वर्षों से जिस तरह की स्थितियां बनी हैं। उसके बाद पिछड़े दलित आदिवासी अपने हक और अधिकारों को लेकर ज्यादा सजग हुए हैं। रामचरित मानस में ढोर गंवार शूद्र पशु और नारी के विरुद्ध एक आंदोलन के रूप में दलितों को हिंदुओं से अलग किया जा रहा है। आदिवासियों में भी बड़े देव के नाम से पूजा पाठ की जाती है। उनकी परंपराएं भी सनातन हिंदू धर्म से अलग है। जाति आधार पर जनगणना के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक न्याय की जो लड़ाई शुरू की गई है। उसमें बीजेपी अपने हिंदू वोट बैंक को एकजुट रख पाने में सफल नहीं हो पा रही है। भारतीय जनता पार्टी ने सनातन धर्म को आधार बनाकर एक बार फिर हिंदुओं के वोट बैंक पर एकजुट रखने का प्रयास किया जा रहा है। सनातन धर्म को भगवान राम की आस्था से जोड़कर हिंदू आस्था जगाने का प्रयास किया जा रहा है। जिस तरह से पिछले 10 वर्षों में हिंदू मुसलमान के नाम से एक ध्रुवीकरण के बाद दलित और पिछड़े वर्ग के हिंदुओं की अनदेखी की गई है। मणिपुर में हाल ही में ईसाई धर्म के मानने वालों के ऊपर और उनके चर्च जलाकर जिस तरह की उत्पीड़न की खबर सामने आई है। उसके बाद से अब धार्मिक आधार पर हिंदू भी बंटने लगे हैं। बौद्ध धर्म के बहुत व्यापक अनुयाई दलित और पिछड़े वर्ग के हैं। यह भी अपने आप को असुरक्षित मानकर अपना नया जनाधार बनाने के लिए दिशा में आगे बढ़ चले हैं। इंडिया गठबंधन में शामिल सभी राजनीतिक दल उनके समर्थन में एकजुट हो गए हैं। जिसके कारण 1990 के दशक में मंडल मुकाबला नहीं कर पाया था। वह 2023 में मुकाबले में मजबूती से बड़ा होता दिख रहा है। एनडीए गठबंधन सनातन धर्म को लेकर जिस तरह से इंडिया गठबंधन पर हमला कर रहा है। उसका कितना लाभ चुनाव में भारतीय जनता पार्टी या एनडीए गठबंधन को होगा, कहना मुश्किल है इंडिया गठबंधन इस लड़ाई में भारी पड़ता हुआ दिख रहा है। सही मायने में मंडल और कमंडल के बीच में एक बार फिर शक्ति परीक्षण होगा। इसमें हिन्दू वोटों का बंटवारा होगा। बसपा का कमजोर होना इंडिया को लाभ पहुंचा रहा है।

# मुद्दा : तनाव की काट है सही संस्कार


शरद कुमार सह सम्पादक



अक्सर यह देखा जाता है कि तनाव के कारण छात्र हों, युवा हों या कोई समझदार व्यक्ति, ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके कारण उन्हें और उनके परिवार को पछताना पड़ता है। तनाव ग्रस्त इंसान गलत संगत में पड़ जाता है और गलत राह पर चलने लग जाता है, जैसे नशा और जुआ आदि की लत लगना। मानसिक तनाव के कारण कभी-कभी कठोर कदम उठाते हुए वो व्यक्ति आत्महत्या तक कर डालता है। आए दिन हमें ऐसी खबरें मिलती हैं, जहां परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र प्रतिस्पर्धा की दौड़ में ऐसे कदम उठाते हैं। जिन छात्रों को उनके परिवार से यदि सही संस्कार मिलते हैं वो कभी भी ऐसा कदम नहीं उठाते। वो समस्या का सामना करते हैं और उसके निदान का मार्ग खोज लेते हैं।

राजस्थान के शहर कोटा को 'कोटा फैक्टरी' के नाम से भी जाना जाता है। यहां पर देश भर के छात्र खुद को आईआईटी व मेडिकल में भर्ती कराने की मंशा से विभिन्न कोचिंग केंद्र में दाखिला लेते हैं। जिस भी कोचिंग सेंटर के छात्रों का नतीजा सबसे अच्छा होता है उस कोचिंग सेंटर की फीस भी उसी अनुसार होती है। छात्रों को सबसे अच्छे कोचिंग केंद्र में भर्ती कराने के लिए उनके मां-बाप अपनी क्षमता अनुसार हर वो कोशिश करते हैं, जो उन्हें अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाने में सहायक हो, परंतु अहम बात है कि क्या आजकल मां-बाप या स्कूल बच्चों को सही संस्कार दे रहे हैं? ये वो संस्कार हैं जो शास्त्रों पर आधारित हैं। इन्हीं संस्कारों की नींव पर हमारे बच्चों का भविष्य खड़ा होता है। यदि नींव मजबूत हो तो बड़े-से-बड़े तूफान का भी सामना किया जा सकता है। वृंदावन के सुप्रसिद्ध रसिक संत श्री हित प्रेमानंद स्वामी जी का एक वीडियो आजकल काफी वायरल हो रहा है। इस वीडियो में स्वामी जी से एक टीवी पत्रकार ने पूछा कि कोटा में छात्रों द्वारा हो रही आत्महत्याओं को कैसे रोका जा सकता है? तो स्वामी जी का कहना था कि,'यदि हम अध्यात्म को नहीं समझेंगे और न ही समझाएंगे तो चाहे किसी भी पद पर पहुंच जाओ आपका पतन होना निश्चित ही है।' अध्यात्म का अर्थ समझाते हुए स्वामी जी कहते हैं कि, 'धर्म के मार्ग पर चलना व कर्तव्य का बोध होना जरूरी है। बिना आध्यात्मिक ज्ञान के लौकिक उन्नति के प्रयास में उत्साह आना असंभव है। जब तक माता-पिता अपने बच्चों को आध्यात्मिक ज्ञान नहीं देंगे तब तक बच्चों में कठिन परिस्थितियों का सामना करने का साहस नहीं आएगा। बुरी संगत में पड़ते ही बच्चों का खान-पान भी बिगड़ जाता है। जिससे उनकी स्मरण शक्ति पर असर पड़ता है। इसका नतीजा ये होता है कि बच्चे परीक्षा में सही से प्रदर्शन नहीं कर पाते और प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। इन सबके ऊपर इस बात का दबाव भी होता है कि माता-पिता उन पर इतना पैसा खर्च कर रहे हैं और वो उसे व्यर्थ कर रहे हैं। ऐसी परिस्थिति में वो अज्ञानतावश गलत कदम उठा लेते हैं।' स्वामी जी कहते हैं कि, 'यदि माता-पिता में अध्यात्म का ज्ञान हो तो वो अपने बच्चों को उत्साहित करेंगे। वो बच्चों पर दबाव नहीं डालेंगे। वो बच्चों को इस बात के लिए प्रोत्साहित करेंगे कि यदि किसी कारण से उनके बच्चे परीक्षा में उत्तीर्ण नहीं हो पाए तो वो घबराएं नहीं। यदि उन्हें कोई उच्च सरकारी पद नहीं मिल पाया तो कोई बात नहीं। वो जिस भी श्रेणी में आए हैं उन्हें उसी के अनुसार कुछ न कुछ पद तो मिल ही जाएगा। यदि कुछ भी नहीं मिला तो वे अपने बच्चों को किसीझन किसी रोजगार पर लगा ही देंगे। ऐसा करने से बच्चों को यह पता रहेगा कि चाहे कुछ भी हो जाए उन्हें माता-पिता का सहारा है। ऐसे में वो कभी भी गलत कदम नहीं उठाएंगे। यदि हमें आत्महत्या जैसी घटनाओं को रोकना है तो इस बात पर जोर देना होगा कि असफल होने से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए। निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। यह बात केवल छात्रों पर लागू नहीं होती, किसान, व्यापारी या कोई भी अन्य जो असफल होने पर हतोत्साहित होते हैं, उन्हें सबसे पहले अपने परिवार में इस बात की चर्चा करनी चाहिए और समस्या का हल निकालना चाहिए। यदि हमारे अंदर आध्यात्मिक ज्ञान है तो कोई भी गलत कदम उठाने से पहले हम हमेशा ठंडे दिमाग से अपने परिवार में चर्चा करेंगे। चर्चा करने से कोई न कोई हल अवश्य निकलेगा।

आज के युग में हर स्कूल में, हर अध्यापक को, छात्रों से भले कुछ ही क्षण के लिए ही सही, आध्यात्मिक चर्चा अवश्य करनी चाहिए। ऐसी चर्चा से छात्रों के मन में उत्साह बढ़ेगा। वो चाहे किसी भी धर्म का क्यों न हो ऐसी चर्चा से वे कठिन परिस्थितियों का सामना करने का साहस मिलेगा। ऐसा ही कुछ हर उस क्षेत्र में होना चाहिए जहां प्रतिस्पर्धा की दौड़ में लोगों पर दबाव है और वो तनाव का कारण बना हुआ है। फिर वो चाहे सरकारी नौकरी हो, पुलिस या फौज हो, बड़े कॉर्पोरेट संस्थान हों या कोई अन्य क्षेत्र हों। तनाव मुक्ति के लिए आध्यात्मिक चर्चा का मार्ग ही सबसे कामयाब रास्ता है। इसलिए हम चाहे किसी भी धर्म को क्यों न मानें हमें दिन में कुछ क्षण निकाल कर आध्यात्मिक चिंतन अवश्य करना चाहिए, चाहे किसी भी माध्यम से ही क्यों न हो। आध्यात्मिक संस्कारों और चिंतन से ही हम बड़े से बड़े तनावों से मुक्ति पा सकेंगे।

# गौनाहा में सात निश्चय के करोड़ों का नल-जल योजना विफल, नही मिल रहा आमजन को शुद्ध पेयजल का लाभ

## नल जल मामले में प्रखण्ड से लेकर जिला तक के पदाधिकारी साधे हैं चुप्पी

यूपी फाइट टाइम्स

गौनाहा। प्रखण्ड के समस्त पंचायतों के किसी भी वार्ड में 90 प्रतिशत नहीं मिल रहा है नल–जल योजना से शुद्ध पेयजल का लाभ। सूबे के मुखिया नीतीश कुमार का सपना था कि ग्रामीण क्षेत्रों के हर वार्ड में हर घर नल जल योजना को धरातल पर उतार कर आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराये, लेकिन सच्चाई यही है कि अधिकांश नल जल अंतिम सांसें गिन रहें हैं। यानी भले ही सरकारी फाइलों में योजनाएं चल रही हो और लोगों को शुद्ध पेयजल मिल रहा हो, पर धरातल पर ऐसी बात नही है। 90 प्रतिशत नल जल ठप पड़ी है। नल जल की योजनाओं का क्या हाल है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पश्चिम चंपारण जिले के गौनाहा प्रखंड की महूई पंचायत सहित लगभग सभी पंचायतों के समस्त वार्डो में नल जल योजना पूर्ण रूपेण चालू नही है। सभी वार्डों में नल जल योजनाएं भगवान भरोसे है। यानी किसी न किसी कारण से संचालित नहीं है। नल जल योजना को लाखों का आवंटन तो प्राप्त हुआ लेकिन धरातल पर देखने को नहीं मिल रहा है काम। बता दे की यह मामला गौनाहा प्रखंड में 90 प्रतिशत नलजल फेल हो गया है। जहाँ प्रखण्ड के सभी वार्डों में नल जल योजनाएं दम तोड़ रही हैं। पूरे प्रखण्ड में उक्त योजनाओं पर करोड़ों खर्च हो चुके है। एक योजना पर लग–भग 20 लाख रुपए खर्च हुए है। फिर भी प्रखण्ड के आम जनों को पानी नसीब नहीं हो रहा है। एक तरह से यह योजना सरकारी राशि की लूट का बेहतर जरिया साबित हो रहा है।क्योंकि सभी नलजल भगवान भरोसे है। ताज्जुब और हैरानी की बात तो यह भी है कि नलजल योजना के निर्माण के लिए सरकारी जेई प्राकलन तो बनाएं हैं ,लेकिन कई पंचायतों में योजना पूर्ण हो जाने पर राशि की निकासी भी हो चुकी लेकिन अधिकांश योजनाओं की एमबी यानी कि मास्टर बिल नहीं बन पाया। जो बिल्कुल स्पष्ट करता है कि राशि का बन्दर बाँट जन प्रतिनिधियों और जेई या एई के मिली भगत से किया है। और जिस योजना का एम नही है । उस योजना में मरम्मती के लिए राशि किस आधार पर दिया है। यानी कि समस्त कार्य सरकारी राशि के घोटाले के लिए किए गए हैं। वही प्रखण्ड के एसिस्टेन्ट जेई विद्यानन्द रवि ने बताया कि कुछ पंचायतों में ओरिजल एम बी वार्ड सदस्यों के द्वारा नही दिखाया जाता है। ताकि उनके बकाये राशि भी दे दिए जाएं। कुछ योजनाएं इस कारण से भी चालू नहीं हैं। सूत्रों के अनुसार जनप्रतिनिधियो और ठीकेदारों के द्वारा जम कर लुटा गया है गौनाहा में नलजल योजना की राशि ।वही अनेकों बार वुधवारी जांच के नाम पर जांच पदाधिकारियों द्वारा भी जम कट लुटा गया है नलजल योजना को। और प्रखण्ड से लेकर जिला तक के पदाधिकारियों को अपने जिम्मेवारियों का तनिक भी एहसास नही है। इसी लिए गौनाहा में करोड़ो का सात निश्चय नल जल योजना फेल है।



बंद पड़ी नलजल की टंकी

# कजरीतीज के दृष्टिगत डीएम ने किया जनपद मुख्यालय पर कन्ट्रोल रुम को स्थापित

यूपी फाइट टाइम्स

गोंडा। जनपद में आगामी 17 सितम्बर, एवं 18 सितम्बर, 2023 को आयोजित होने वाले कजरीतीज के अवसर पर जनपद के प्रमुख शिवालयों में जिलाभिषेक के दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा शर्मा के निर्देशानुसार जनपद मुख्यालय पर जिला आपदा प्रबंधन विभाग गोण्डा द्वारा मुख्यालय पर कन्ट्रोल रुम नंबर–05262–230125, 05262358560 को स्थापित कर सक्रिय कर दिया गया है। सरयू घाट करनैलगंज से कांवरिया जल भर कर जनपद के बाबा पृथ्वीनाथ महादेव मंदिर खरगूपुर एवं बाबा दुरूखहरण नाथ महादेव मंदिर गोण्डा मुख्यालय सहित अन्य कई महादेव मंदिरों पर भारी संख्या में जलाभिषेक करते हैं। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने जल भरने वाले कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुओं के सुरक्षा के दृष्टिगत कटरा सरयू घाट करनैलगंज में एसडीआरएफ एवं पीएसी की टीमों को पूरी सुरक्षा व्यवस्था के साथ समय से पहले तैनात करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये हैं कि कांवरियों एवं अन्य श्रद्धालुआओं के जल भरने से पहले कटरा सरयू घाट करनैलगंज में आवश्यकता के अनुसार सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित कर ली जाय। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिये हैं कि सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि जहाँ उनकी डियूटी लगाई गई है, वहां पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण करें की, किसी प्रकार की कोई कमी न रहने पाये। ताकि जलाभिषेक करने वाले कांवरियों को जलाभिषेक के समय किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये। इसके साथ ही सभी जन सामान्य एवं अन्य लोगों से यह भी अपील है कि यदी किसी प्रकार की समस्या हो तो ऊपर दिये गये कन्ट्रोल रुम के नंबर पर तत्काल सूचित करें।




## मकान/सम्पत्ति की नीलामी 23 सितम्बर को तहसील सिराथू सभागार में

कौशाम्बी। उप जिला मजिस्ट्रेट सिराथू ने अवगत कराया है कि न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ द्वारा क्रिमनल अपील संख्या–276ध्2011 उमेश कुमार मिश्रा बनाम उ0प्र0 पारित आदेश के माध्यम से सम्बन्धित अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज निवासी–पश्चिमी कोडर (कैनी) थाना–मंझनपुर के मकानध्सम्पत्ति की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर नीलामी से प्राप्त होने वाली धनराशि सरकारी कोष में जमा कराये जाने के निर्देश दियें गये हैं। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश एफ0टी0सी0 प्रतापगढ़ के आदेश एवं जिला मजिस्ट्रेट, कौशाम्बी के आदेश द्वारा उन्हें नीलामी बिक्रय के लिए नीलाम अधिकारी नामित किया गया है। उप जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि अभियुक्त उमेश कुमार मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा उर्फ राधे महराज के मकानध्सम्पत्ति की नीलामी के लिए 23 सितम्बर 2023 की तिथि निर्धारित की गयी हैं। इच्छुक व्यक्ति 23 सितंबर को तहसील सिराथू के सभागार कक्ष में मध्यान्ह 12 बजे उपस्थित होकर नीलामी में प्रतिभाग कर सकतें हैं।

# पोखरा कला पावर हाउस के जेई ने ग्रामीणो को वीडियो बनाने पर अपशब्दों से नवाजा

## ग्रामीणों का आरोप है कि पिछले कई दिनों से जेई पोखरा कला के काट रहे थे चक्कर

यूपी फाइट टाइम्स

उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर की तहसील महमूदाबाद के अंतर्गत थाना सदरपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत शिवपुर देवरिया के गांव में बिजली विभाग के जेई कामता प्रसाद ने शुक्रवार को बिजली चेकिंग अभियान चलाकर चेकिंग करने गए थे, शांति देवी पत्नी अमित कुमार का आरोप है कि अज्ञात दो लोगो के साथ मीटर चेक करने घर पहुंच गए जब कि मीटर बरामदे में लगा हुआ था तब घर के अंदर जा कर महिला को अकेले देखकर गन्दे गन्दे शब्दों का प्रयोग करने लगे।महिला के विरोध करने पर गन्दी गन्दी गालियां देते हुए मार पीट करने लगे।राजिया खातून पत्नी अनीश ने आरोप लगाया कि तीन साथियों के साथ कनेक्शन जो जेठ सरीफ के नाम है कनेक्शन काटने जा रहे थे तभी खातून ने कनेक्शन काटने से मना करने पर अज्ञात लोगों ने गंदी गन्दी गालियां देते हुए मारने पीटने की धमकी भी दी। और तभी अनिल कुमार पत्नी आरती सास सुशीला पत्नी गया प्रसाद के घर में बिजली मीटर चेक करने के लिए गए तभी अनिल की पत्नी को घर में अकेला देखकर महिला आरती से अभ्रदता करने लगे तभी अभ्रदता करने के बाद महिला ने शोर मचाना शुरू किया,शोर की आवाज सुनकर मौके पर ग्रामीण और परिजन मौके पर पहुंचकर जब जेई से जानकारी करनी चाही तथा कुछ लोगो ने जेई का वीडियो बनाना शुरू किया तभी जेई अपना रौब दिखाते हुए अब शब्द बोलने लगे और इस मामले को लेकर महिलाओं ने ग्रामीणों के साथ सदरपुर थाने में तहरीर दी।और आश्वासन मिला की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। इस पूरे मामले की जब मीडिया द्बारा जानकारी की गई तो जेई ने ग्रामीणों पर आरोप लगाते हुए बताया कि हमको जानकारी मिली थी कि गाँव देवरिया में कुछ लोग अवैध तरीके से मीटर के बाहर लगे केबिल को काटकर बिजली जला रहे थे,और जब हमने अवैध रूप से जला रहे बिजली के उपभोक्ताओं से जानकारी करनी चाही तो कुछ अज्ञात लोग मारपीट करने लगे जिससे हमारा सरकारी मोबाइल व जेब में रखे बीस हजार रुपये भी छीन लिए है जिसका हमने प्रार्थना पत्र थाना सदरपुर में दे दिया है।आखिर ऐसा क्या हुआ कि जेई के द्वारा अपशब्दो का प्रयोग किया गया?ऐसा तो नही की जेई साहब के द्वारा महिलाओं के साथ बदसलूकी की गई हो? क्या योगी सरकार में जेई के द्वारा अवैध वसूली तो ग्रामीणों से नहीं की जा रही थी? सूत्रों से जानकारी मिलने के अनुसार बीते कुछ दिनों से जेई गांव के चक्कर किस लिए काट रहे थे? यह तो जांच करने का विषय है और यदि इन सभी बिंदुओं पर गहनता से जांच कर ली जाए तो जेई साहब के कारनामे और ग्रामीणों की सच्चाई सामने आ जाएगी।




# चोरी की घटना का खुलासा, चोरी की योजना बनाते समय 01 शातिर चोर गिरफ्तार, चोरी की सरिया व चोरी करने के उपकरण बरामद

यूपी फाइट टाइम्स

पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शातिर चोरों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0ध्थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा रात्रिगस्त के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर चोरी की योजना बनाते समय 01 शातिर अभियुक्त धर्मराज उर्फ धरमू को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1,000 रू0, चोरी करने के उपकरण व निशानदेही से 54 पीस लोहे की सरिया बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त धर्मराज उर्फ धरमू का साथी अभियुक्त अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। उक्त अभियुक्त ने अपने फरार साथी अभियुक्त के साथ मिलकर दिनांक 09ध10.09.2023 की रात्रि करनैलगंज रोड पर विल्डिंग मैटरियल व किराना की दुकान का ताला तोड़कर सरिया व 8000 रू0 चोरी की थी। जिसके सम्बन्ध में थाना कटराबाजार में अभियोग पंजीकृत था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कटराबाजार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।




गिरफ्तार अभियुक्त–

01. धर्मराज उर्फ धरमू पुत्र बहादुर नि0 पहलीपुरवा थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

अनावरित अभियोग–

01. मु0अ0सं0–418/23, धारा 457,380,411 भादवि थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–465/23, धारा 401 भादवि थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

बरामदगी–

01. 54 अदद पीस लोहे की सरिया।

02. 1000 रू0 नगद।

03. चोरी करने के उपकरण।

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास–

01. मु0अ0सं0–396/23, धारा 380 भादवि थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा।

02. मु0अ0सं0–485/23, धारा 380,411 भादवि थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा। 03. मु0अ0सं0–375/21, धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा। 04. मु0अ0सं0–312/20, धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा। 05. मु0अ0सं0–111/18, धारा 457,380 भादवि थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा। 06. मु0अ0सं0–205/98, धारा 401 भादवि थाना कटराबाजार जनपद गोण्डा। गिरफ्तार कर्ता टीम– व0उ0नि0 अजय कुमार पाण्डेय मय टीम।

## नौ सवारी वाहनों का चालान

कौशाम्बी। सवारी वाहनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एआरटीओ तारकेश्वर मल्ल ने नौ वाहनों का ऑनलाइन चालान किया। ज्ञात हो कि इसके अलावा दो स्कूल वैन व एक विक्रम को सरायअकिल थाने में सीज कर दिया। गुरुवार को एआरटीओ ने भरवारी में चार, करारी में दो व बेनीराम कटरा के आस–पास तीन सवारी वाहनों का ऑनलाइन चालान किया। यहां के बाद सरायअकिल पहुंचे एआरटीओ ने दो स्कूल वैन व एक विक्रम को थाने ले जाकर सीज कर दिया।

# भदई मेले में एक लाख रुपये का बिका खच्चर

कौशाम्बी। भदई मेले में गुरुवार को गधे व खच्चरों की जमकर खरीदारी हुई। इस दौरान मध्य प्रदेश के व्यापारी ने खच्चर एक लाख रुपये देकर खरीदा। ज्ञात हो कि मूरतगंज में भदई अमावस्या के मौके पर गर्दभ मेले का आयोजन किया जाता है। इस दौरान यहां पर प्रदेश के अलावा अन्तरप्रांतीय व्यापारी गधे व खच्चरों की खरीद करने आते हैं। गुरुवार को आयोजित मेले में मध्य प्रदेश से आए एक व्यापारी ने एक लाख रुपये देकर खच्चर खरीदा। मेले में गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में व्यापारियों ने गधे व खच्चरों की खरीद की। मेले में मध्य प्रदेश, बिहार, हरियाण से आए व्यापारियों ने बड़ी संख्या में खरीदारी कर गधे व खच्चरों को ले गए।

## कौशाम्बी में ट्रिपल मर्डर से सनसनी, तीन की हत्या के बाद कई घरों में भी लगाई गई आग

कौशाम्बी। जिले में ट्रिपल मर्डर से सनसनी मच गई। तीन की हत्या के बाद कई घरों में भी आग लगाई गई है। बवाल की आशंका पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची है। घटना किस लिए हुई है अभी जानकारी नहीं मिल पा रही है। हत्या के बाद ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है। इन वारदात के बाद लोगों में नाराजगी है। ज्ञात हो कि घटना संदीपन घाट थाना क्षेत्र के हररायपुर की है। जहां ससुर, बेटी और दामाद की हत्या कर दी गई है। वहीं बताया जा रहा है कि मृतक बेटी गर्भवती भी थी। तीन की हत्या से इलाके में सनसनी मच गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने कई घरों में आगजनी भी कर दी है। घटना की सूचना पर भारी मात्रा में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और मामले को कंट्रोल करने में जुटी हुई है।

## न्यूज सार




### रसूलाबाद के प्राइमरी स्कूल में नए स्कूली ड्रेस पाकर छात्र–छात्राओं के के चेहरे पर आई मुस्कान

चायल। ब्लॉक के कम्पोजिट विद्यालय रसूलाबाद के छात्र भी अब निजी स्कूलों की तरह रंग–बिरंगे ड्रेस कोड में दिखाई देंगे। राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका शालिनी कुशवाहा की इस पहल से प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के विद्यार्थी एक जैसे मॉडर्न नजर आएंगे। राज्य पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका शालिनी कुशवाहा ने प्रोत्साहन राशि के रूप में मिली धनराशि से विद्यालय के 470 छात्रों के लिए हाउस ड्रेस मंगाई। जिसे शुक्रवार को विद्यालय में एक कार्यक्रम के जरिये डायट प्राचार्य भारती त्रिपाठी ने छात्रों को वितरित किया। हाउस ड्रेस पाकर नौनिहालों के चेहरे खिल उठे। डायट प्राचार्य ने शिक्षिका के इस प्रयास की सराहना की। इस दौरान एआरपी मनोज मौर्य,सुधाकर द्विवेदी सहित समस्त विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

### धोखाधड़ी कर जमीन बैनामा कराने का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

यूपी फाइट टाइम्स




पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0ध्थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना को0 नगर पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर जालसाजी कर जमीन बैनामा कराने के वांछित अभियुक्त शत्रोहन को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने संतोष कुमार पुत्र द्वारिका प्रसाद नि0 ग्राम वैरागी पुरवा राजापुर परगना थाना को0 नगर जनपद गोण्डा गोण्डा की जमीन को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करवा लिया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना को0 नगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त–

01. शत्रोहन पुत्र साहेबदीन नि0 वैरागी पुरवा थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–910/22, धारा 419,420,467,468,471 भादवि थाना को0 नगर जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता टीम–

उ0नि0 सुरेशमणि मिश्रा मय टीम।

### दुष्कर्म करने का आरोपी अभियुक्त 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार




यूपी फाइट टाइम्स

पुलिस अधीक्षक गोण्डा अंकित मित्तल ने अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं से घटित अपराधों में वांछित अभियुक्तों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के निर्देश जनपद के समस्त प्र0नि0ध्थानाध्यक्षों को दिए थे। उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान दुष्कर्म करने के आरोपी अभियुक्त नानबाबू चौहान को गिरफ्तार कर लिया गया। उक्त अभियुक्त ने थाना उमरीबेगमगंज क्षेत्र की रहने वाली एक लड़की के साथ दुष्कर्म किया था। जिसके सम्बन्धा में पीड़िता द्वारा दिनांक 14.09.2023 को थाना उमरीबेगमगंज में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना उमरीबेगमगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गयी।

गिरफ्तार अभियुक्त–

01. नानबाबू चौहान पुत्र ननकऊ चौहान नि0 आदमपुर थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

पंजीकृत अभियोग–

01. मु0अ0सं0–305/23 धारा 376 भादवि थाना उमरीबेगमगंज जनपद गोण्डा।

गिरफ्तार कर्ता–

व0उ0नि0 अश्वनी कुमार राय मय टीम।

### भाजपा ने यूपी में 50 से अधिक जिलाध्यक्ष बदले, धर्मराज मौर्य को मिली कौशाम्बी जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी

कौशाम्बी। प्रदेश में भाजपा ने 50 से अधिक जिलों में नए जिलाध्यक्ष घोषित कर दिए हैं। आगामी 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए जातीय और क्षेत्रीय समीकरणों को भाजपा ने इस बदलाव के जरिए साधने का प्रयास किया है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि बड़े शहरों में जिला अध्यक्षों को पार्टी ने पूरी तरह से बदल दिया है। ज्ञात हो कि वहीं इस बार पूर्व विधायक और एमएलसी को भी जिलाध्यक्ष का प्रभार सौंपा गया है। इस क्रम में एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा को बनारस का जिला अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं बलिया की कमान पूर्व विधायक संजय यादव को सौंपा गया है। वहीं आगरा, बरेली समेत कई जिलों के जिलाध्यक्ष नहीं बदले गए हैं। पुराने चेहरों पर भरोसा जताया गया है। वही कौशाम्बी जिले में पुराने भाजपा कार्यकर्ता और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के करीबी धर्मराज मौर्य को जिलाध्यक्ष बनाया गया है।

# कोतवाल और चौकी प्रभारी समेत चार पुलिसकर्मी निलंबित, अब तक पकड़े नहीं जा सके बदमाश




मिर्जापुर (संवाददाता)। मिर्जापुर के कटरा कोतवाली क्षेत्र के बेलतर स्थित एक्सिस बैंक के सामने कैश वैन लूट कांड में एसपी ने चार पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई की है। मामले में कटरा कोतवाल, डंकिनगंज चौकी प्रभारी, बीट आरक्षी व पीआरवी बाइक आरक्षी को निलंबित कर दिया है। मंगलवार दोपहर डंकिनगंज चौकी से 200 मीटर की दूरी पर स्थित बैंक के सामने गार्ड की हत्या कर कैश वैन से 35 लाख रुपये लूट मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। बदमाशों के भागने के बाद जिले को सील करने की सूचना भी देर से दी गई। बैंक के बाहर पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिली। बदमाश डंकिनगंज पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी से होकर भागे थे। इसको देखते हुए पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई तय मानी जा रही थी। एसपी अभिनंदन ने कटरा कोतवाल वेंकटेश तिवारी व चौकी प्रभारी डंकिनगंज अनिल विश्वकर्मा, बीट आरक्षी जयप्रकाश व पीआरवी बाइक के आरक्षी श्रवण कुमार को निलंबित कर दिया है। घटना से कुछ देर पहले ही पीआरवी बाइक सवार बैंक के पास से गुजरे थे। बदमाश घटनास्थल पर आधे घंटे से मौजूद थे। अभी और पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो सकती है। कैश वैन से लूट मामले में पुलिस पहले दिन से लूट के रुपये के बारे में जानकारी नहीं दे रही है। कैश वैन के कैशियर पवन यादव ने तो बताया कि 35 लाख रुपये कैश थे। पुलिस ने पवन यादव की तहरीर पर चारों अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आकलन करने के बाद धनराधि का विवरण उपलब्ध कराया जाएगा।

कैश वैन के गार्ड की हत्या कर 35 लाख लूटने वाले बदमाशों को पकड़ने के लिए मुख्य रूप से जोन के 10 जिलों की पुलिस और एसटीएफ लगी है, पर अब तक बदमाश गिरफ्त में नहीं आ सके हैं। बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए कई स्तर पर पुलिस कार्य कर रही है। जहां घटना स्थल के आसपास मुहल्लों की गलियों में पुलिस की तफ्तीश चल रही है। वहीं जौनपुर, आजमगढ़, गाजीपुर सहित बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश में भी टीमों ने डेरा डाला है। पूर्व की बैंक लूट व डकैती से जुड़ी घटनाओं को खंगालने के साथ ही जेल में बंद आरोपियों से भी पुलिस राज उगलवाने में लगी है। स्थानीय स्तर पर बदमाशों की मदद करने वाले लोगों से की तलाश की जा रही है।

कैश वैन के गार्ड की हत्या कर 35 लाख रुपये लूट के मामले में बदमाशों के बारे में जानकारी देने वाले को एक लाख रुपये इनाम देने का एलान किया गया है। एडीजी जोन वाराणसी रामकुमार ने यह घोषणा की है। दो दिन बाद भी पुलिस मामले का पर्दाफाश नहीं कर सकी है। एक आरोपी की सीसी टीवी फुटेज से तस्वीर मिली जरूर है पर पुलिस बदमाशों तक नहीं पहुंच सकी है। बदमाशों की पहचान या उनसे संबंधित सूचना हासिल करने के लिए अब जनता की मदद ली जाएगी। पुलिस के अनुसार, बदमाशों के बारे में कोई भी सूचना या जानकारी देने वाले व्यक्ति का नाम और पता गोपनीय रखा जाएगा।

लूटकांड के अपराधियों को पकड़ने के लिए जोन की पुलिस बड़े अपराधियों और माफिया गिरोह से ताल्लुक रखने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। प्रदेश में कई घटनाएं ऐसी हुई है, जिसकी साजिश जेल रची गई है। गिरोह का सरगना जेल में साजिश रचता है। उसके गुर्गे उसे अंजाम देते है।

## साइकिल सवार छात्रा को बेकाबू कार ने रौंदा, मौत

बढुआगोदाम (संवाददाता)। सरायलखंसी थाना क्षेत्र के बड़ागांव पेट्रोल पंप के पास बृहस्पतिवार की शाम लगभग साढ़े सात बजे कोचिंग से घर जा रही साइकिल सवार छात्रा की बेकाबू कार की चपेट आने से मौत हो गई।टक्कर के बाद कार छात्रा को घसीटते हुए 20 मीटर दूर तक ले गई।सूचना पाकर पहुंची पुलिस कार समेत चालक को गिरफ्तार कर थाने ले गई। थाना क्षेत्र के अमारी गांव निवासी अमृता यादव (16) पुत्री विजय यादव कक्षा नौ की छात्रा थी।वह प्रतिदिन की तरह बृहस्पतिवार को भी बड़ागांव स्थित एक कोचिंग सेंटर से पढ़ाई करके घर जा रही थी।अभी वह बड़ागांव पेट्रोल पंप के पास पहुंची थी कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू कार ने जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि कार साइकिल समेत छात्रा को घसीटने हुए 20 मीटर दूर तक ले गई।इससे इसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## जंगल में दुर्गंध के साथ भिनक रही थी मक्खियां, मंजर देख सन्न रह गए लोग




सोनभद्र (संवाददाता)। सोनभद्र और चंदौली जिले की सीमा पर कर्मनाशा नदी के किनारे जंगल में शुक्रवार को सूटकेश में एक युवती का अर्धनग्न शव मिला है। प्लास्टिक की पन्नी में बांध कर शव को सूटकेश में भरकर फेंका गया था। सोनभद्र के रायपुर और चंदौली के चकरघट्टा थाने की पुलिस मौके पर पहुंच गई है। सीमा विवाद के कारण काफी देर तक शव मौके पर ही पड़ा रहा। बाद में चकरघट्टा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू की।

बॉर्डर पर स्थित मांची रेंज अंतर्गत पकरहट के पास कर्मनाशा पुल से सटे जंगल के ग्रामीणों ने एक लाल रंग का सूटकेश देखा। उससे तेज दुर्गंध आ रही थी और मक्खियां भिनक रही थीं। आसपास खून भी गिरा था। संदेह जताते हुए लोगों ने रायपुर थाने को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने सूटकेश खोला तो अंदर का दृश्य देख सन्न गई।

प्लास्टिक की पन्नी में बांधकर एक युवती के शव को सूटकेश में बंद किया गया था। कपड़े काफी कम थे। शव तीन से चार दिन पुराना है। घटनास्थल चकरघट्टा थाना क्षेत्र में होने के कारण सम्बन्धित थाने को सूचना दी गई। कुछ ही देर में चकरघट्टा पुलिस भी पहुंच गई। काफी देर तक सीमा को लेकर विवाद बना रहा।

बाद में चकरघट्टा पुलिस ने छानबीन शुरू की। युवती के हाथ पर टैटू से उसका और एक लड़के का नाम लिखा है। पुलिस उसकी शिनाख्त में जुट गई है। आशंका जताई जा रही कि कहीं दूर युवती की हत्या कर शव को जंगल में लाकर फेंक दिया गया है। फिलहाल घटना को लेकर क्षेत्र में सनसनी है।

## 22 महीने में करीब 12 करोड़ भक्तों ने किए दर्शन, 100 से अधिक बार पहुंचे सीएम योगी



वाराणसी (संवाददाता)। श्री काशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नित नए कीर्तिमान बना रही है। धाम के लोकार्पण के बाद से अब तक करीब 22 महीने में 11.72 करोड़ से ज्यादा भक्तों ने हाजिरी लगाई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ से अधिक बार मत्था टेक चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने विस्तारित धाम में भक्तों के हर छोटी–बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा है। ताकि, श्रद्धालुओं को असुविधा न होने पाए। लोकार्पण के बाद हर महीने कम से कम 31 लाख से अधिक और अधिकतम 95 लाख से अधिक शिव भक्त देवो के देव महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से रोजाना धाम में लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि 13 दिसंबर 2021 को श्री काशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से अब तक 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने दर्शन बाबा के दर्शन किए हैं।

गर्मी, ठंड और बरसात में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो, इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, मैट, कूलर, पीने का पानी, सावन में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर, सभी के लिए चिकित्सा व्यवस्था आदि की व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान की है। श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में श्रद्धालुओं के लिए दुकानों के इंतजाम भी किए गए हैं। धाम परिसर में फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट भी हैं जहां उचित दर पर बिना प्याज और लहसुन का शुद्ध शाकाहारी भोजन मिलता है और व्रत की थाली भी उपलब्ध है। धाम परिसर में ही रुकने के लिए होटल और काशी दर्शन के लिए टूर पैकेज उपलब्ध हैं।

## खुजली की शिकायत लेकर पहुंची बालिका की इंजेक्शन लगने से मौत

दिलदारनगर (संवाददाता)। नगसर हॉल्ट थाना क्षेत्र के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बृहस्पतिवार को हाथ में खुजली होने पर इलाज के लिए पहुंची एक बालिका की इंजेक्शन लगने के बाद मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने न्यू पीएचसी और थाने का घेराव करते हुए दोपहर दो बजे नगसर– असांव मार्ग को जाम कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस समझा–बुझाकर मामला शांत कराया और शाम तीन बजे जाम समाप्त कराया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर मृतका के पिता की तहरीर पर अज्ञात स्वास्थ्य कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर छानबीन शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी फरार हो गए। बहादुरपुर निवासी राजू राजभर पुत्री साधना (11) को हाथ में खुजली की शिकायत होने पर उपचार के लिए सुबह 11 बजे नगसर न्यू पीएचसी पहुंचे। वहां तैनात एक स्वास्थ्य कर्मी ने बालिका को दवा देने के बाद इंजेक्शन लगाया। इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद बालिका के शरीर में अकड़न होने लगी। अभी लोग कुछ समझ पाते इसके पहले ही उसकी मौत हो गई।

बालिका की मौत की सूचना मिलते ही ग्रामीण अस्पताल पहुंच घेराव करते हुए दोपहर दो बजे नगसर– असावं मार्ग को जाम कर दिया। उधर वहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी मामला बिगड़ता देख फरार हो गए। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक नगसर राजेश कुमार मिश्रा पुलिस के साथ पहुंचे और समझा– बुझाकर शाम तीन बजे जाम समाप्त कराया।

## पूर्वांचल के कई जिलों में पुराने चेहरे पर भरोसा




वाराणसी (संवाददाता)। लोकसभा चुनाव 2024 की पृष्ठभूमि तैयार करने में जुटी भारतीय जनता पार्टी ने शुक्रवार को यूपी संगठन में बड़ा फेरबदल किया है। कई जिलों में नए जिलाध्यक्ष की तैनाती की गई है तो वहीं वाराणसी समेत कई जिलों में पुराने फार्मूले को रिपीट किया गया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सदस्य विधान परिषद भूपेंद्र सिंह चौधरी ने प्रदेश के जिलाध्यक्षों की सूची जारी की। वाराणसी जिले की कमान पिछड़ा वर्ग और शहर में अगड़े समाज को नेतृत्व देकर पार्टी ने सर्वसमाज को साधने की कोशिश की है। एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा पर भरोसा जताते हुए उन्हें फिर से जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं विद्यासागर राय को नगर अध्यक्ष पद बरकरार रखा गया है। इसके अलावा मिर्जापुर, जौनपुर और मछलीशहर में भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। नए जिलाध्यक्ष की तैनाती में जातीय समीकरण का खूब ध्यान रखा गया है।

भाजपा ने पूरे प्रदेश को संगठन के लिहाज से छह हिस्सों में बांटा है। इसमें काशी, अवध ,पश्चिम, ब्रज, गोरखपुर और कानपुर शामिल है। पूर्वांचल के अधिकतर लोकसभा सीट काशी और गोरखपुर क्षेत्र में है। जिलाध्यक्षों की नई सूची में युवाओं के साथ लोकसभा 2024 चुनाव पर ज्यादा जोर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने 16 जिलों के जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की है। इस सूची में छह जिला अध्यक्ष ऐसे हैं, जिन्हें दोबारा जिला अध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया है। इसमें मिर्जापुर जिले से बृजभूषण सिंह भी एक हैं। एक बार फिर से पार्टी ने उनपर भरोसा जताया है। दोबारा अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी कार्यालय पर बधाई का तांता लगा है। जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के करीबियों में गिने जाने वाले और उनके प्रतिनिधि रह चुके सुनील सिंह को गाजीपुर का जिलाध्यक्ष बनाया गया है। वह वर्ष 1984 से भाजपा से जुड़े हुए हैं। जिला प्रचारक, जिला महामंत्री, प्रदेश कार्य समिति सदस्य भी रह चुके हैं। साथ ही वर्ष 2014 से 19 तक सांसद मनोज सिन्हा के प्रतिनिधि भी रहे। वहीं, मौजूदा भाजपा के जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह रिकॉर्ड तीन बार से इस पद रहे। आजमगढ़ से कृष्णपाल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जबकि लालगंज से सूरज प्रकाश श्रीवास्तव को जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शुक्रवार को जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष ने सूची जारी की कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। दोनों जिलाध्यक्षों को बधाई देने का तांता लगा रहा।

## बनारस के सरकारी अस्पतालों में 40 फीसदी डॉक्टरों की कमी



वाराणसी (संवाददाता)। वाराणसी जिले के सरकारी अस्पतालों में 40 फीसदी डॉक्टरों की कमी है। ऐसे में सरकारी अस्पतालों के वार्डों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की 24 घंटे तैनाती के फरमान को अमलीजमा पहनाना बड़ी चुनौती होगी। जिला अस्पताल से लेकर मंडलीय अस्पताल और शास्त्री अस्पताल रामनगर में जहां एक भी हृदय रोग विशेषज्ञ नहीं हैं, वहीं इन अस्पतालों में फिजिशियन से लेकर सर्जन, रेडियोलॉजिस्ट सहित कई अन्य विशेषज्ञ भी नहीं है। इधर, सीएमओ ने सरकारी अस्पतालों के वार्डों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 24 घंटे तैनाती का जो फैसला लिया है, उसको अमली जामा पहनाना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। ऐसा इसलिए क्योंकि एक तो ओपीडी के लिए पूरे विशेषज्ञ ही नहीं हैं, ऐसे में वार्ड में 24 घंटे ड्यूटी कराने के आदेश का सौ फीसदी अनुपालन कैसे कराया जा सकता है। शास्त्री अस्पताल रामनगर में चिकित्सकों के कुल 32 पद हैं, इसमें वर्तमान समय में 16 खाली चल रहे हैं। अस्पताल में हृदय रोग विशेषज्ञ, बाल रोग विशेषज्ञ, दंत चिकित्सक, प्लास्टिक सर्जन, न्यूरो सर्जन ही नहीं है। इस वजह से ओपीडी में आने वाले मरीजों को परेशानी का सामना होता है। सबसे अधिक संकट इमरजेंसी में आने वाले मरीजों के लिए हैं। इसमें ईएमओ के चार स्वीकृत पद में सभी खाली चल रहे हैं। अस्पताल में सर्जन के दो स्वीकृत पद में से एक खाली, रेडियोलॉजी और एनीसथीसिया में तीन–तीन में दो–दो पद खाली है। इसके अलावा ईएनटी में दो पदों में एक खाली, आर्थो में तीन में एक खाली हैं जबकि बाल रोग विशेषज्ञ के दो पद में एक भी नहीं है। हृदय रो, न्यूरो फिजिशियन, दंत चिकित्सक,प्लास्टिक सर्जन के एक–एक पद हैं, जो कि सभी खाली है।

## न्यूज सार

### बनारस सबसे ज्यादा जीआई टैग वाला देश का पहला शहर, यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में लगेगी प्रदर्शनी

वाराणसी (संवाददाता)। बनारस देश का पहला शहर है जहां के उत्पादों को सबसे ज्यादा जीआई टैग मिले हैं। यहां के 23 उत्पादों को अब तक जीआई टैग मिल चुके हैं। खास बात ये कि इन 23 उत्पादों की प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से ग्रेटर नोएडा में 21 से 25 सितंबर तक यूपी गोज इंटरनेशनल ट्रेड शो में लगाई जाएगी। इससे वैश्विक मंच पर वाराणसी के जीआई उत्पादों का प्रचार–प्रसार होगा। दुनिया भर के लोग काशी के कलाकारों और उनकी कलाओं से परिचित होंगे। इस प्रदर्शनी में देश भर की कलाओं का प्रदर्शन होगा। ऐसे में अकेले वाराणसी शहर ही अपने 23 जीआई उत्पादों के साथ देश व शहर का मान बढ़ाएगा। इसमें प्रतिभाग करने वाले कलाकारों को उद्योग विभाग और जिला प्रशासन की ओर से पूरी तैयारी कर शामिल होने के निर्देश दिए गए हैं। वाराणसी की काष्ठकला, गुलाबी मीनाकारी, बनारसी साड़ियां, ग्लास बीड्स आदि का काम करने वाले कारीगर इस आयोजन को लेकर उत्साहित हैं।

### मनबढ़ युवक ने ईट–पत्थरों से वृद्ध को मार डाला, मामूली विवाद में दी खौफनाक मौत

आजमगढ़ (संवाददाता)। आजमगढ़ जिले के शेखपुर दाउद गांव में एक मनबढ़ युवक ने वृद्ध पर ईंट–पत्थरों से हमला कर उसकी जान ले ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपी युवक और उसके पिता को गिरफ्तार कर लिया। वृद्ध की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। मृतक छट्टू राम (70) निजामाबाद थाना के शेखपुर दाउद का निवासी था। ग्रामीणों के अनुसार गुरुवार रात 11 बजे उसके ही पट्टीदार दिनेश (28) पुत्र बाबू राम ने ईंट–पत्थरों से उस पर हमला बोल दिया। हमले में छट्टू को गंभीर चोटें आईं। अस्पताल ले जाने पुर मृत घोषित कर दिया गया। आरोपी युवक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और उसके पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया। फरिहां चौकी इंचार्ज सुल्तान सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को देर रात गिरफ्तार कर लिया गया है। उधर वृद्ध की मौत के बाद परिवार के सदस्यों का रो–रोकर बुरा है।

### काशी विश्वनाथ धाम के बाद तैयार होने जा रहा एक और कॉरिडोर

वाराणसी (संवाददाता)। काशी विश्वनाथ धाम के बाद बनारस का दूसरा कॉरिडोर तैयार होने जा रहा है। संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में बनने वाले कॉरिडोर में प्राच्य विद्या की विरासत को सहेजने के साथ ही पर्यटन का नया केंद्र भी विकसित होगा। पूर्वांचल भर के उद्यमियों के सहयोग से विश्वविद्यालय प्रशासन ने इसकी कार्ययोजना तैयार की है। देववाणी संस्कृत के संस्कार को देश के साथ ही सात समंदर पार तक पहुंचाने वाला संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय जल्द ही नए कलेवर में देश ही नहीं दुनिया के सामने होगा। विश्वविद्यालय के विकास के साथ ही इसे केंद्रीय विश्वविद्यालय के रूप में स्थापित करने की पहल शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे के बाद विश्वविद्यालय की व्यवस्था में कई बड़े बदलाव हुए हैं। पूरे परिसर की पुरातन काया को नवीनता प्रदान करने के प्रयास शुरू हो गए हैं। इसके तहत 180 करोड़ से विश्वविद्यालय की सूरत संवारने का प्रोजेक्ट शासन के पास भेजा जा चुका है।

### दुष्कर्म की साजिश में महिला को सात वर्ष की कैद

गाजीपुर (संवाददाता)। विशेष न्यायाधीश पाक्सो प्रथम राकेश कुमार सप्तम की अदालत ने बृहस्पतिवार को नाबालिग के साथ दुष्कर्म के साजिश में गांव के ही एक महिला को सात वर्ष की कड़ी कैद के साथ पांच हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन के अनुसार नौ अक्तूबर 2014 को जमानिया कोतवाली के एक गांव की एक महिला ने पुलिस को तहरीर दिया कि वह अपनी छोटी पुत्री को लेकर गाजीपुर गई थी। बड़ी पुत्री को पड़ोस की महिला संगीता के घर छोड़कर गई थी। रात में आरोपी संगीता ने अपने रिश्तेदार को बुलाकर पुत्री को कमरे में बंद कर दिया। उसने पुत्री साथ दुष्कर्म किया। दूसरे दिन घर आने पर पुत्री ने आपबीती सुनाई। सूचना पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ और पुलिस ने दोनों आरोपियों के विरुद्ध आरोप पत्र पेश किया। आरोपी किशोर अपचारी घोषित हो गया और उसकी पत्रावली अलग कर किशोर न्याय बोर्ड को भेजा गया। आरोपी महिला संगीता का विचारण शुरू हुआ। अभियोजन की तरफ से कुल आठ गवाह पेश किया गया।

### बिजली के खंभे से दबकर मजदूर की मौत

भांवरकोल (संवाददाता)। थाना क्षेत्र कुंडेसर पावर से कुछ दूरी पर स्थित एक मुर्गी फार्म के पास बृहस्पतिवार को क्षतिग्रस्त बिजली का खंभा खोदकर निकालते समय दबकर मजदूर की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। भांवरकोल गांव निवासी विजय शंकर राम (50) मजदूरी का कार्य कर परिवार का पालन पोषण करते थे। कुंडेसर पावस से कुछ दूरी पर स्थित एक मुर्गी फार्म के पास बिजली खंभा क्षतिग्रस्त हो गया था। वहां नए खंभा लगाने से पहले पुराने की खोदाई कर विजय शंकर राम निकालने का काम कर रहा था। इसी दौरान खंभा गिरने से मजदूर दब गया। आस– पास खेतों में मौजूद महिलाओं के शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और विद्युत पोल को ट्रैक्टर से हटाया गया और घायल को उपचार के लिए परिजन मऊ निजी अस्पताल लेकर गए। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### मांगे पूरी न होने पर जिले के अधिवक्ताओं ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

मऊ (संवाददाता)। हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए लाठी चार्ज की घटना के बाद शासन प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्रवाई न किए जाने तथा पांच सूत्रीय मांगों को लेकर वृहस्पतिवार को बार काउंसिल के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए जिले के अधिवक्ताओ ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान अधिवक्ताओ ने प्रदेश सरकार और पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी किया। अधिवक्ताओं के लगातार 15 वें दिन न्यायिक कार्य से विरत रहने के चलते वादकारियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिले के विभिन्न अंचलों से न्याय की आशा लेकर कचहरी आए वादकारियों को अगली तिथि लेकर वापस घर जाना पडा, किसी मामले में सुनवाई नहीं हो सकी।

## दिल्ली की फैशनिस्टा ने मुंबई के बिजनेसमैन दोस्त पर लगाया दुष्कर्म, मारपीट का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक फैशनपरस्त ने आरोप लगाया है कि हाल ही में मुंबई यात्रा के दौरान जब वह उसके घर पर रुकी थी, तो उसके एक व्यवसायी मित्र ने उसके साथ दुष्कर्म किया और मारपीट की। पुलिस ने यहांयह जानकारी दी। 28 वर्षीय पीड़िता ने उपनगरीय खार पुलिस स्टेशन में अपने दोस्त के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई, जो अब फरार बताया जा रहा है। उसने अपनी शिकायत में दावा किया कि जब वह अपनी पहली मुंबई यात्रा पर थी, तो वह व्यवसायी मित्र के घर पर रही थी। उस दौरान उसने कथित तौर पर उसे परेशान किया, हमला किया और दुष्कर्म किया।



पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत शिकायत दर्ज की है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# डूसू चुनाव में ABVP का वर्चस्व, 10 साल में सात बार अध्यक्ष पद पर किया कब्जा

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के चुनाव 22 सितंबर को होने हैं। इसके लिए नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सभी छात्र संगठन कालेजों में प्रचार में ताकत झोंक रहे हैं। हर संगठन अपनी जीत का दावा कर रहा है, लेकिन आंकड़ों के लिहाज से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सभी संगठनों से आगे नजर आ रही है। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआइ) पूरी ताकत से लड़ रही है।

वाम संगठन भी कालेजों में तेजी से प्रचार कर रहे हैं। देखना बाकी है कि जीत का सेहरा किसके सिर बंधेगा। पिछले 10 वर्षों की बात की जाए तो सात बार अभाविप को अध्यक्ष पद पर जीत हासिल हुई है। डूसू की कार्यकारिणी पर भी परिषद का कब्जा रहा है। इस बार भी मुकाबला एनएसयूआइ और अभाविप के बीच ही देखने को मिल रहा है। डूसू चुनाव में अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और संयुक्त सचिव चुने जाते हैं। 2010 में अभाविप ने तीन पद अपने नाम किए थे। एनएसयूआइ के खाते में संयुक्त सचिव का पद आया था। 2011 में एनएसयूआइ अध्यक्ष पद जीतने में कामयाब रही थी। शेष तीन पद अभाविप ने जीते थे। 2012 में सभी पदों पर एनएसयूआइ ने जीत हासिल की थी। 2013 में एनएसयूआइ को सचिव पद हासिल हुआ था। अध्यक्ष समेत तीन पदों पर अभाविप ने कब्जा जमाया था। 2014 में सभी पद अभाविप ने जीते थे। 2015 में भी अभाविप ने क्लीन स्वीप किया था। 2016 में वापसी करते हुए एनएसयूआइ ने संयुक्त सचिव का पद जीतने में कामयाबी हासिल की थी। 2017 में मुकाबला कांटे का रहा था।



## नोएडा में 24 घंटे में साइबर ठगों ने उड़ाए 82 लाख रुपये

**नोएडा।** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। बीते 24 घंटे में ऐसे पांच मामले सामने आए हैं। इनमें से चार लोगों ने करीब 82 लाख रुपए साइबर ठगों के हाथों गवां दिए। साथ ही एक अन्य मामले में बैंक के कर्मी की संलिप्तता का मामला दर्ज किया गया है। सभी मामले गौतम बुद्ध नगर के साइबर थाने में दर्ज किए गए हैं। बीते 24 घंटे में नोएडा में साइबर ठगी के कई मामले सामने आए हैं। इसमें पहले मामले में साइबर जालसाजों ने एक व्यक्ति को सोशल मीडिया पर टास्क देकर उससे 16.24 लाख रुपए की ठगी कर ली। दनकौर निवासी सुमित कौशिक ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके पास एक मैसेज आया था। मैसेज भेजने वाले ने खुद को एक कंपनी का अधिकारी बताया और पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। इसमें रोज 1500 से 2700 कमाने की स्कीम बताई गई थी। ठगी करने वाले ने सुमित को टेलीग्राम पर जोड़ दिया। इसके बाद साइबर ठगों ने वेबसाइट पर 16.24 लाख रुपए कई बार धीरे-धीरे करके जमा कर लिए और पैसे वापस मांगने पर संपर्क बंद कर दिया। दूसरे मामले में साइबर जालसाजों ने टेलीग्राम ग्रुप में जोड़कर एक महिला डॉक्टर से 11.34 लाख रुपए की ठगी कर ली। ग्रेनो वेस्ट की एक सोसाइटी में रहने वाली महिला डॉक्टर को कुछ दिन पहले ही टेलीग्राम पर एक मैसेज आया था। उनको एक गेम को लाइक और सब्सक्राइब कर पैसा कमाने का लालच दिया गया था। शुरुआत में टास्क पूरा करने पर उन्हें 1000 रुपये जमा कर 1300 रुपये मिले।

## नोएडा में सुबह से झमाझम बारिश, कई जगह गिरे पेड़

**नोएडा।** नोएडा में शुक्रवार सुबह से ही मौसम ने करवट ली है लोगों को एक तरफ तेज गर्मी और उमस से निजात मिली, तो दूसरी तरफ तेज हवाओं और झमाझम बारिश से कई जगहों पर जल भराव हो गया और कुछ जगहों पर पेड़ गिर पड़े। इसकी वजह से आवागमन भी प्रभावित हुआ। मौसम के करवट लेते ही पारे में गिरावट दर्ज की गई है। बीते दिनों तेज गर्मी और उमस के चलते लोगों का हाल बेहाल हो गया था और कई दिनों से यह उम्मीद जताई जा रही थी कि बारिश होगी और मौसम खुशनुमा हो जाएगा। नोएडा में शुक्रवार सुबह से ही तेज हवाएं चल रही थी और बारिश हो रही थी। इसके चलते पारे में गिरावट तो जरूर दर्ज की गई, लेकिन कई सोसाइटियों और सेक्टरों के पास पेड़ भी टूट कर गिर पड़े। साथ ही साथ कई जगहों पर जल भराव की भी खबरें सामने आ रही हैं, इसके चलते ऑफिस जाने वाले लोगों को जाम का भी सामना करना पड़ रहा है तेज हवाओं के कारण जिन जगहों पर पेड़ गिरे हैं वहां पर विद्युत आपूर्ति को भी कुछ देर के लिए रोका गया है। कोशिश की जा रही है कि जल्द से जल्द गिरे हुए पेड़ों को साइड हटाकर विद्युत आपूर्ति फिर से शुरू की जाए।



## सुप्रीम कोर्ट ने सिसौदिया की अंतरिम जमानत पर सुनवाई 4 अक्टूबर तक स्थगित की

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के मामलों में जेल में बंद दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया की अंतरिम जमानत याचिका पर सुनवाई 4 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन. भट्टी की पीठ ने कहा कि सुनवाई की तारीख आज (शुक्रवार) या किसी अन्य दिन तय करेंगे। सिसौदिया की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अनुरोध किया, 'यदि इस मामले को 4 अक्टूबर को किया जाय, तो सुनवाई के लिए काफी समय मिल जाएगा।' अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू केंद्रीय जांच एजेंसियों की ओर से शीर्ष अदालत में पेश हुए। सिसोदिया ने 'मानवीय' आधार पर अपनी बीमार पत्नी सीमा से मिलने के लिए अंतरिम जमानत की अर्जी लगाई है और उनकी बिगड़ती स्वास्थ्य स्थिति से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत की है। 4 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने अंतरिम जमानत पर कोई भी निर्देश पारित करने से इनकार कर दिया था और अंतरिम राहत और नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई के लिए मामले को 4 सितंबर को फिर से सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया था।सुप्रीम कोर्ट ने इस साल जुलाई में एक नोटिस जारी किया था और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट के उन आदेशों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर जांच एजेंसियों से जवाब मांगा था, जिसमें उन्हें सीबीआई और ईडी मामलों में जमानत देने से इनकार कर दिया गया था। 3 जुलाई को, दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने मनीष सिसोदिया को यह कहते हुए जमानत देने से इनकार कर दिया कि वह धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जमानत देने की दोहरी शर्तों और ट्रिपल टेस्ट को पूरा नहीं करते हैं। 7 जुलाई को ईडी द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि उन्होंने दिल्ली शराब नीति मामले में मनीष सिसोदिया, उनकी पत्नी और कुछ अन्य आरोपी व्यक्तियों की 52.24 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। इस साल 26 फरवरी को सीबीआई द्वारा सिसौदिया को गिरफ्तार करने के बाद ईडी ने 9 मार्च को उन्हें गिरफ्तार किया था।



## जिन बच्चों ने आंखों के कैंसर को दी मात, अब वे बनेंगे एम्स के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** आंखों के कैंसर को मात देकर सामान्य जिंदगी जी रहे बच्चों को एम्स ब्रांड एंबेसडर बनाएगा। इनमें से कई बच्चों ने इंजीनियरिंग व मेडिकल कॉलेज में दाखिले की परीक्षा पास की। अब यह आंखों के कैंसर रेटिनोब्लास्टोमा की टारगेट थेरेपी को प्रोत्साहित करते हुए दिखेंगे। ब्रांड एंबेसडर बनकर इनकी कोशिश मरीजों के साथ मेडिकल संस्थानों को भी राह दिखाने की होगी।

एम्स प्रशासन का कहना है कि जल्द ही इनको ब्रांड एंबेसडर बनाकर एम्स से जोड़ा जाएगा। दरअसल, एम्स दिल्ली में ही टारगेट थेरेपी से रेटिनोब्लास्टोमा के उपचार की सुविधा है। हर साल देश में दो हजार से अधिक बच्चों में यह रोग हो रहा है। अकेला सरकारी संस्थान होने से एम्स में मरीजों का दबाव ज्यादा है। जबकि समय पर इलाज न मिलने से आंखों की रोशनी जाने से लेकर मरीज की मौत तक हो जाती है। ऐसे में एम्स प्रशासन इस थेरेपी को दूसरे एम्स व सहित देश के अन्य संस्थानों में प्रमोट करने की योजना बनाई है। इसमें मरीजों को भी इस बारे में जागरूक करना है।

**दे रहे हैं ट्रेनिंग**

इस तरह के इलाज में नेत्र विज्ञान विभाग, न्यूरो ऑन्कोलॉजी, इंटरवेंशनल न्यूरोरेडियोलॉजी, बाल रोग विभाग, न्यूरोनेथिसिया विभाग की मदद ली जाती है। एम्स दिल्ली की देखरेख में सुविधा के विस्तार जोधपुर और गुवाहाटी एम्स में भी किया जा रहा है। इसके लिए ट्रेनिंग तक दी जा रही है।

**ट्यूमर पर होता सीधा वार**

एम्स के तंत्रिका विकिरण एवं उपचार विभाग के प्रमुख व प्रोफेसर डॉ. शौलेश गायकवाड़ ने बताया कि इस टारगेट थेरेपी की मदद से सीधे ट्यूमर पर वार किया जाता है। इसमें दवा की डोज भी कम लगती है जिस कारण शरीर के अन्य हिस्सों पर दुष्प्रभाव भी नहीं होता। जबकि सामान्य कीमोथेरेपी से शरीर के अन्य हिस्सों में असर होता है। इससे 65त्न बच्चों की आंखों की रोशनी को बचाया गया है। अब हर सप्ताह तीन से चार बच्चों का इससे इलाज किया जा रहा है। टारगेट थेरेपी से एम्स में कैंसर के इलाज करवाने वाले 65त्न बच्चों के आंखों की रोशनी लौटी है। पिछले 10 साल में एम्स इस विधि से 170 बच्चों का सफल इलाज कर चुका है। इसमें जांघिक धमनी के रास्ते एक कैथेटर को नेत्र धमनी से होते हुए आंख हिस्से तक पहुंचाया जाता है, जहां ट्यूमर है। माइक्रो कैथेटर की मदद से प्रभावित हिस्से पर दवा डाली जाती। इससे ट्यूमर छोटे-छोटे हिस्सों में टूटकर खत्म हो जाता है। एक डोज दवा देने की इस प्रक्रिया में करीब 2-3 घंटे का समय लगता है। थेरेपी में कई बार बच्चे पर एक डोज में असर हो जाता है और कई बार 3-4 डोज की जरूरत पड़ जाती है।

## दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से 12 फीट नीचे गिरी बस, 20 यात्री घायल

**गाजियाबाद ।** गाजियाबाद के मसूरी थाना इलाके में दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर रोडवेज की बस करीब 12 फीट नीचे गिर गई। इस घटना में 20 यात्री घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक थाना मसूरी क्षेत्रान्तर्गत दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस-वे पर एक रोडवेज बस मेरठ से दिल्ली जा रही थी। बस अनियंत्रित होकर गिर गई। मौके पर लगभग 20 यात्री घायल थे। जिन्हें एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल एवं सर्वोदय अस्पताल भेज दिया गया। हादसे की जांच की जा रही है। घटना की तस्वीरों को भी जांच में शामिल किया गया है।



## दिल्ली-एनसीआर में बादलों की मेहरबानी, मौसम हुआ सुहावना

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सुबह तेज हवा के साथ बारिश होने से मौसम सुहावना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिली है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में हल्की बारिश होने का पूर्वानुमान जारी किया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के एक अधिकारी का कहना है कि दिल्ली-एनसीआर में आज सुबह लगभग 09:30 बजे तक उत्तर-पश्चिम उत्तर प्रदेश से आने वाले बादलों के कारण 50 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवा चलने और मध्यम बारिश के साथ बीच-बीच में तेज बारिश होने की संभावना है। उधर, आज सुबह राजधानी दिल्ली के कई हिस्सों में आसमान में घटाएं घिरने से कुछ देर के लिए अंधेरा छा गया। स्काईमेट वेदर डॉट काम के पूर्वानुमान के अनुसार उत्तर-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल तट के पास बंगाल की उत्तर-पश्चिमी खाड़ी के ऊपर कम दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है। अगले 2 दिन में इसके ओडिशा और छत्तीसगढ़ से आगे बढ़ने की संभावना है। अगले 24 घंटों के दौरान छत्तीसगढ़ और पूर्वी मध्य प्रदेश में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है। पश्चिम मध्य प्रदेश, विदर्भ, पूर्वी राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, केरल, तटीय कर्नाटक, लक्षद्वीप, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सिक्किम, असम, मेघालय, नगालैंड, कोंकण और गोवा, तेलंगाना, ओडिशा, झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, दक्षिण गुजरात, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।



## हिमाचल के लिए कांग्रेस ने बनाई राजनीतिक मामलों की समिति

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों की तैयारियों के लिए कांग्रेस ने राजनीतिक मामलों की कमेटी गठित कर दी है। कमेटी में पार्टी के प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ल, प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री आंनद शर्मा सहित 25 नेता शामिल किए गए हैं।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह के दिल्ली पहुंचते ही पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने सूची जारी। राजनीतिक मामलों की कमेटी में कैबिनेट मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल, चंद्र कुमार, हर्षवर्द्धन चौहान के अलावा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विप्लव ठाकुर, कौल सिंह ठाकुर, कुलदीप कुमार, कुलदीप सिंह राठौर को भी कमेटी में शामिल किया गया है। इनके अलावा रामलाल ठाकुर, आशा कुमारी, राजेंद्र राणा, सुधीर शर्मा, रंगीलाराम राव, विनय कुमार, नंद लाल, ठाकुर सिंह भरमौरी, राजेश धर्माणी, आशीष बुटेल, भवानी सिंह पठानिया, रामकुमार चौधरी और रवि ठाकुर को भी कमेटी में शामिल किया गया है। वर्ष 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनावों को लेकर इस कमेटी की अगुवाई में प्रदेश में चुनाव प्रचार की आगामी रणनीति बनाई जाएगी।

# पत्रकारों को धमकाना तानाशाही, नकारात्मक सोच का परिचायक: भाजपा

**नई दिल्ली।**भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भारतीय राष्ट्रीय विकासात्मक समावेशी गठबंधन (आईएनडीआईए) गठबंधन द्वारा कुछ पत्रकारों के बहिष्कार किए जाने और धमकाए जाने की कड़ी निंदा की है और इसे तानाशाही तथा नकारात्मक सोच का परिचायक करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी ने आज यहाँ एक बयान में कहा कि घमंडिया गठबंधन आईएनडीआईए में शामिल घटक दलों द्वारा पत्रकारों के बहिष्कार और उन्हें धमकाने का लिया गया निर्णय घोर निंदनीय तथा भर्त्सनीय है। घमंडिया गठबंधन में शामिल दलों ने ऐसा निर्णय लेकर अपनी दमनकारी, तानाशाही और नकारात्मक सोच को ही प्रदर्शित किया है। भाजपा आईएनडीआईए के इस दुर्भाग्यपूर्ण कदम की घोर निंदा करती है।

श्री बलूनी ने कहा कि भाजपा ऐसी विकृत सोच का घोर विरोध करती है, जो विचारों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रोके। घमंडिया गठबंधन में शामिल दलों द्वारा पत्रकारों के बहिष्कार का धृष्टता से एलान उनकी आपातकाल वाली सोच को ही दर्शाता है। हम सब जानते हैं कि अतीत में भी आपातकाल के दौरान इसी तरह से लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया का गला घोंटा गया था। आज भी घमंडिया गठबंधन के दल उसी अराजकवादी और आपातकाल वाली सोच के तहत काम कर रही है। भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख ने कहा कि आईएनडीआईए द्वारा मीडिया को खुलेआम धमकी देना देश की जनता की आवाज को कुचलने की कोशिश जैसा है। इससे ये भी प्रतीत होता है कि घमंडिया दलों में सच का सामना करने की हिम्मत नहीं है। साथ ही यह भी प्रतीत होता है कि घमंडिया गठबंधन किसी बाहरी दवाब में मीडिया की स्वतंत्रता को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है। देश में लोकतंत्र है, किसी को भी प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। घमंडिया गठबंधन हताश और निराश है।



उन्होंने कहा कि भाजपा मीडिया संस्थानों और अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित सभी पत्रकारों से आग्रह करती है कि आप ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए ऐसी विकृत सोच का विरोध करें। सभी पत्रकार साथी घमंडिया गठबंधन के दलों की ऐसी तानाशाही मानसिकता के आगे बिलकुल न डरते हुए बिना भय और पक्षपात के उच्च भारतीय मूल्यों का पालन करते हुए ऐसी निकृष्ट सोच का बहिष्कार करें।

# बिलकिस बानो मामला: 'कुछ दोषियों को विशेषाधिकार कैसे'

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बिलकिस बानो सामूहिक दुष्कर्म मामले के 11 दोषियों को सजा में छूट देकर निर्धारित अवधि से पहले पिछले साल अगस्त में रिहा करने वाले फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा कि कुछ दोषियों को इतना विशेषाधिकार कैसे मिल सकता है? न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ के समक्ष आज एक आरोपी का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने दलील पेश की। उन्होंने अपनी दलील में कहा कि दोषियों को केवल इस आधार पर छूट के लाभ से वंचित नहीं किया जा सकता है कि उसका अपराध जघन्य था।इस पर पीठ ने उनसे पूछा कि कैसे ये दोषी जेल से समय से पहले रिहाई के हकदार हैं। उन्होंने पैरोल की लंबी अवधि (1000-1500 दिनों के बीच) का लाभ लिया। ऐसे में सवाल उठता है कि कुछ दोषी दूसरों की तुलना में अधिक विशेषाधिकार प्राप्त कैसे हो सकते हैं? पीठ ने कहा कि सवाल यह है कि क्या कुछ दोषियों के साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है?पीठ ने कहा कि सवाल यह है कि क्या बिल्किस मामले में दोषियों को कानूनी तौर पर सजा में छूट का लाभ दिया गया।



वहीं, श्री लूथरा ने अदालत के समक्ष दलील देते हुए कहा कि क्या इन लोगों (दोषियों) को स्वतंत्रता से वंचित किया जाना चाहिए और क्या कार्यपालिका के पास इस पर निर्णय लेने की शक्ति नहीं है।पीठ ने कहा कि अपराध की प्रकृति और मामले में सबूत दोषियों की सजा में छूट या शीघ्र रिहाई के आवेदन पर विचार करने के कारक नहीं हैं। शीर्ष अदालत ने हालांकि कहा कि उसे इस बात की जांच करनी होगी कि क्या बिलकिस बानो सामूहिक बलात्कार मामले के दोषियों को समय से पहले जेल से रिहा करने के संबंध में कोई तरजीह दी गई थी। शीर्ष अदालत इस मामले की अगली सुनवाई 20 सितंबर को करेगी। उल्लेखनीय है कि अगस्त 2022 में बिलकिस बानो मामले में 11 दोषियों को दी गई छूट को बिलकिस सहित अन्य ने याचिकाएं दायर कर के चुनौती दी गयी हैं। अन्य याचिकाकर्ताओं में पूर्व सांसद और मार्क्सवादी कम्युनिस्टा पार्टी (माकपा) नेता सुभाषिनी अली, तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल ) सांसद महुआ मोइत्रा, स्वतंत्र पत्रकार रेवती लौल और लखनऊ विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति रूप रेखा वर्मा शामिल हैं।

## निपाह मामलों पर केंद्र सरकार की नजर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि केरल में निपाह के मामले सामने के बाद स्थिति पर कड़ी नजर रखी जा रही है और राज्य सरकार को सभी मदद दी जा रही है।

केंद्रीय स्वास्थ्य? एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने आज पुणे में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद - राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (आईसीएमआर-एनआईवी) से केरल के कोझिकोड में निपाह वायरस के प्रकोप की रोकथाम के लिए उठाए गए कदमों की समीक्षा की। समीक्षा करने के बाद डॉ. पवार ने कहा कि केंद्र सरकार स्थिति की निगरानी कर रही है और वायरस प्रसार की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठा रही है।



## विपक्षी दलों का पत्रकारों का बहिष्कार , लोकतंत्र पर चोट : एनयूजेआई

**नई दिल्ली।** देश में पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने विपक्षी गठबंधन इंडिया में शामिल 26 दलों के पत्रकारों के बहिष्कार की घोषणा की निंदा की है और इस कदम को मीडिया का दमन एवं लोकतंत्र पर चोट करार दिया है।इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ जर्नलिस्ट्स से संबद्ध एनयूजेआई के अध्यक्ष रास बिहारी ने गुरुवारको यहां एक बयान में कहा कि विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों ने मीडिया का भी राजनीतिकरण कर दिया है। यह सर्वथा अनुचित और अस्वीकार्य है। यह इन दलों में लोकतांत्रिक मूल्यों की भारी कमी को भी दर्शाता है।

## न्यूज सार

### गोरखपुर से लखनऊ आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव, दो महीने के अंदर चौथी बार हुई ऐसी घटना

लखनऊ (संवाददाता)। गोरखपुर से लखनऊ आ रही वंदे भारत एक्सप्रेस पर शुक्रवार सुबह मल्हौर रेलवे स्टेशन से गुजरते समय उपद्रवियों ने पथराव कर दिया। जिसके कारण ट्रेन की चेयरकार बोगी सी–3 का शीशा क्षतिग्रस्त हो गया। पथराव के कारण यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। ट्रेन में गस्त कर रही आरपीएफ ने पथराव करने वालों की तलाश में सीसीटीवी कैमरा चेक करवा रही है। बीते सात अगस्त को सफेदाबाद रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन पर पथराव किया गया था, जिससे कोच का शीशा टूट गया था। अराजक तत्वों के पत्थर चलाने से कोच नंबर सी–2 के सीट नंबर 3 और 4 के पास वाली खिड़की का शीशा टूटा था। नौ जुलाई से वंदे भारत ट्रेन की शुरूआत हुई थी, जिसके बाद बीते दो माह में चार बार वंदे भारत एक्सप्रेस पर पथराव हो चुका है, जिसके मामले आरपीएफ ने दर्ज किये हैं। बाराबंकी में पथराव के मामले में तीन लोगों पर ही कार्रवाई हो सकी। पिछली बार जब वंदे भारत ट्रेन में पथराव हुआ तब उसकी वजह अजीब निकली थी। जांच में पता चला था।

### बढ़ाई जाएगी उपकेंद्रों और ट्रांसफार्मर की क्षमता, बनेंगे नए सर्विस स्टेशन

लखनऊ (संवाददाता)। यूपी के लोगों को निर्बाध बिजली देने के लिए सरकार योजना बना रही है। इसके लिए उपकेंद्रों, फीडरों और ट्रांसफार्मर पर विशेष जोर दिया जा रहा है। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा कि प्रदेश में उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं बेहतर विद्युत आपूर्ति देने के लिए उपकेंद्रों, फीडरों एवं ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि की जा रही है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की 17 हजार करोड़ रुपये की आरडीएसएस योजना के तहत प्रदेश की ऊर्जा जरूरतों के मुताबिक इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है। नए उपकेंद्र, फीडर बनाए जा रहे हैं, नए ट्रांसफार्मर भी लगाए जा रहे हैं। इसी प्रकार फीडर अलग करने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 500 से ऊपर फीडरों को अलग किया गया है। 3311 केवी के 100 से अधिक सब स्टेशन को उच्चीकृत किया गया है। 110.4 केवी के 564 नए सर्विस स्टेशन बनाए गए हैं।

### हादसे रोकने के लिए रोडवेज बसों में लगेंगी एंटी स्लीपिंग डिवाइस

लखनऊ (संवाददाता)। चालक व परिचालक के सो जाने की स्थिति में तत्काल एलार्म बज उठेगा। इसके लिए बस की स्टीयरिंग पर सेंसरयुक्त एंटी स्लीपिंग डिवाइस लगाई जाएगी, जिससे बस हादसे रोकने में मदद मिलेगी। पहले चरण में 400 से अधिक बसों में ये सेंसरयुक्त डिवाइसों को लगाया जाएगा। परिवहन निगम प्रशासन ने बस यात्रियों की सुरक्षा के लिए बसों में एंटी स्लीपिंग डिवाइस लगाएगा। डिवाइस लगाने की मंजूरी प्रबंधक निदेशक मासूम अली सरवर ने दी है। बसों में डिवाइस लगने से बस ड्राइवर को बस चलाते समय नींद या झपकी आने पर अलार्म अलर्ट करेगा। लखनऊ से दिल्ली व देहरादून जाने वाली बसों में ट्रायल किया गया है। डिवाइस की टेस्टिंग दो चरणों में की गई, जिसके सफल होने के बाद टेंडर के जरिए डिवाइस लगाने के लिए कंपनी का चयन कर कंपनी को वर्क आर्डर जारी किया जाएगा। तीन महीने के अंदर बसों में डिवाइसों को लगा दिया जाएगा। दरअसल, बीती 28 अगस्त को डेढ़ साल के अंदर हुए बस हादसों की रिपोर्ट जारी की गई थी। जिसके अनुसार बस हादसे रोकने के लिए सेंसरयुक्त डिवाइस बसों में लगाकर हादसे कम करने की ओर यह कार्य किया गया है।

### बाथरूम में ऐसे हाल में थी विवाहिता, दीवार पर लिखा था- आई लव मम्मी-पापा, अभिषेक को कुछ मत करना

लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के गुडंबा के कल्याणपुर में बृहस्पतिवार दोपहर विवाहिता मोनिका वर्मा (24) का शव घर के बाथरूम में फंदे से लटकता मिला। दीवार पर लिखा था....आई लव मम्मी पापा...अभिषेक (पति) को कुछ मत करना...। पुलिस ने महिला के मायके वालों को जानकारी दी। जिसके बाद परिजन दर्जनों लोगों के साथ पहुंचे और हंगामा करने लगे। बमुश्किल पुलिस शांत कर सकी। इंस्पेक्टर नितीश श्रीवास्तव ने बताया कि मृतका के पिता की तहरीर पर आठ पर दहेज हत्या का केस दर्ज किया गया है। अभिषेक समेत पांच को हिरासत में लिया गया है। मूलरूप से बाराबंकी निवासी सनद कुमार ने बताया कि उन्होंने बेटी मोनिका का विवाह कल्याणपुर निवासी अभिषेक बैसवार से इसी वर्ष 18 जनवरी को किया था। पुलिस को ससुरालवालों ने बताया कि दोपहर करीब बारह बजे आशंका होने पर बाथरूम का दरवाजा खटखटाया।

### बेटे की मौत का सच जानने के लिए पिता खुद कर रहे तफ्तीश

लखनऊ (संवाददाता)। सैनिक स्कूल के स्विमिंग पूल में छात्र ओम बुधौलिया की डूबकर मौत के मामले में उसके पिता मनोज कुमार खुद एक तरह से तफ्तीश कर रहे हैं। वह दो दिन से शहर में हैं। स्कूल के प्रिंसिपल, छात्रों और कर्मचारियों से विस्तार से घटना की जानकारी ली। तमाम सवाल पूछे और सीसीटीवी फुटेज देखीं। अब वह शुक्रवार को मंडलायुक्त से मुलाकात करेंगे। उसके बाद आगे की कार्रवाई करेंगे। उनका कहना है कि वह अपने स्तर से हर पहलू के बारे में पता कर रहे हैं। कई अहम तथ्य सामने आए हैं।

### पढ़ाई करने की बात कह कमरे में गई और लगा ली फांसी

लखनऊ (संवाददाता)। आलमबाग इलाके में रहने वाली 11वीं की छात्रा नैंसी गुप्ता (16) ने बृहस्पतिवार को घर पर फांसी लगा ली। किशोरी पढ़ने की बात कहकर कमरे में गई थी। फिलहाल, आत्महत्या की वजह नहीं पता चल सकी है। आलमबाग के पवनपुरी में सेल्समैन राकेश गुप्ता परिवार संग रहते हैं। बृहस्पतिवार सुबह वह ड्यूटी पर गए थे। घर पर पत्नी बिमला व बच्चे थे। राकेश के मुताबिक, दोपहर करीब एक बजे घर खाना खाने पहुंचे।

# यूपी में भाजपा ने किया संगठन में बड़ा फेरबदल, एक झटके में बदले 69 जिलाध्यक्ष



लखनऊ (संवाददाता)। यूपी बीजेपी ने अपने संगठन में बड़े स्तर का फेरबदल किया है। पूरे यूपी से 75 प्रतिशत से अधिक जिलों के जिलाध्यक्ष बदल दिए गए हैं। माना जा रहा है कि यह बदलाव आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर किया गया है।

बीजेपी में लंबे समय से संगठन के फेरबदल की चर्चाएं चल रहीं थीं। शुक्रवार को यह फेरबदल कर दिया गया। भाजपा के संगठनात्मक 98 जिलों में नए जिलाध्यक्षों की नियुक्ति हुई। करीब दो महीने से इस बारे में चर्चाएं चल रही थीं। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सामाजिक और क्षेत्रीय संतुलन बनाए रखते हुए यह नियुक्तियां की गई हैं। 98 जिलों में 69 जिलाध्यक्ष नए बनाए गए हैं और 29 पुराने जिलाध्याक्षों पर ही दांव लगाया गया है।हालांकि इस सूची में महिलाओं को जगह कम मिली है। मात्र पांच महिलाओं को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। लखनऊ महानगर में आनंद द्विवेदी, लखनऊ जिला में विनय प्रताप सिंह अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी तरह रायबरेली में बुद्धिलाल पासी, सीतापुर से राजेश शुक्ला, बाराबंकी में अरविंद मौर्या, गोंडा में अमर किशोर कश्यप, बहराइच में बृजेश पांडेय अध्यक्ष बनाए गए हैं। इन सभी ने पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने की बात कही है।

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले हुए संगठन के इस फेरबदल में साफ तौर पर चुनावी तैयारी देखी जा सकती है। पार्टी ने संगठन में सक्रिय भूमिका निभा रहे नेताओं पर दांव लगाया है। इस फेरबदल में सोशल इंजीनियरिंग की झलक साफ देखने को मिल रही है। पार्टी ने इस फेरबदल में जातीय और सामाजिक समीकरणों को साधने की कोशिश की है। साथ ही उन लोगों को पद से हटाया है जिनका प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार कुछ महीने बाद होने जा रहे लोकसभा चुनावों में टिकट वितरण के समीकरणों को देखते भी हुए इन चेहरों का चयन किया है।

भाजपा ने अवध क्षेत्र के महामंत्री त्रयंबक तिवारी को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। मूलतः जिले के हंसवर निवासी त्रयंबक लखनऊ में रहकर पार्टी की बड़ी गतिविधियों में लंबे समय से सक्रिय हैं। जिले के कार्यक्रमों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रहती आई है। यहां अब तक मिथिलेश त्रिपाठी अध्यक्ष थे। अयोध्या, भाजपा प्रदेश नेतृत्व ने अयोध्या में महानगर अध्यक्ष पद पर बदलाव कर दिया है। महानगर अध्यक्ष रहे अभिषेक मिश्रा को हटाकर कमलेश श्रीवास्तव को महानगर अध्यक्ष बनाया गया है। मौजूदा समय में वे भाजपा अवध क्षेत्र के मंत्री पद पर हैं।

## चीनी सप्लाई के नाम पर कारोबारी से 78.97 लाख की ठगी

लखनऊ (संवाददाता)। चीनी सप्लाई के नाम पर हसनगंज के कारोबारी आलोक गुप्ता से 78.97 लाख की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने नोएडा की डालमियाबिज रिटेल कंपनी पर आरोप लगाया है। आरोप है कि एडवांस लेने के बाद आरोपियों ने कम चीनी भेजी और अंतर बता क्रेडिट नोट जारी कर दिया। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से मिलकर शिकायत की थी।

आदेश होने पर 12 सितंबर को हसनगंज थाने में कंपनी के एमडी संजय डालमिया, सीईओ विजय सेरोन, आवरा घोष, अक्षय बिसरिया और जफरुद्दीन के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

उक्त फर्म एफएमसीजी के डिस्ट्रीब्यूशन का काम करती है। उनके मुताबिक, सितंबर 2021 में पूर्व परिचित जफरूद्दीन मिलने पहुंचे और बताया कि वह डालमियाबिज कंपनी में काम कर रहा है। उन्होंने आलोक की मुलाकात कंपनी के रीजनल मैनेजर अक्षय से कराई। बातचीत के दौरान दोनों ने आलोक से 37 रुपये प्रति किलो की दर से चीनी का सौदा तय किया। आलोक ने डालमियाबिज के खाते में 8.27 लाख ट्रांसफर कर दिए। चार दिन बाद उनके पास 20 टन चीनी पहुंच गई। तीन–चार दिन बाद आलोक ने डालमियाबिज कंपनी के बिजनेस हेड आवरा घोष के कहने पर खाते में 10 लाख और अगले दिन 27 लाख भेजे। एक दिन बाद 10 लाख की चीनी भेजी गई, जबकि बिल के 12.45 लाख दर्ज था। पीड़ित के आपत्ति करने पर आवरा ने रेट का अंतर का क्रेडिट नोट बाद में देने की बात कही। 24 सितंबर को पीड़ित ने 8.98 लाख और तीन दिन बाद 15 लाख ट्रांसफर किए। इस पर 7.40 लाख की चीनी भेजी और मूल्य 8.30 लाख दिखाया। आपत्ति पर क्रेडिट नोट में अंतर देने की बात कही। दो दिन बाद 200 टन चीनी का वादा कर 62.02 लाख लिए और इस बार 22.58 लाख की चाय की पत्ती भेज दी।

## बूथ और बस्तियों में आधार मजबूत करेगी भाजपा



लखनऊ (संवाददाता)। भाजपा सेवा पखवाड़ा में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में बूथ और बस्तियों में मजबूत आधार तैयार करेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर को पीएम विश्वकर्मा योजना और आयुष्मान भवः योजना के अभियान की शुरुआत के अवसर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ, केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय वाराणसी में रहेंगे। वहीं केंद्रीय महिला एवं बाल कल्याण मंत्री स्मृति ईरानी झांसी और केंद्रीय राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह गोरखपुर में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे। भाजपा की ओर से 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्तूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान भाजपा प्रदेश मुख्यालय में पीएम मोदी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। सेवा पखवाड़े में आयुष्मान भवः योजना के लिए विभिन्न प्रकार के अभियान संचालित किए जाएंगे। 25 सितंबर को दीनदयाल उपाध्याय जयंती मनाई जाएगी। 26 सितंबर से एक अक्तूबर तक बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाया जाएगा। इसमें बूथ कमेटियों के नए सदस्यों की नियुक्ति के साथ मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान की तैयारी की जाएगी। इसी अवधि में बस्ती संपर्क अभियान चलाकर पार्टी के कार्यकर्ता, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि प्रत्येक बस्ती तक पहुंचेंगे। बस्तियों में मोदी सरकार की उपलब्धियां बताई जाएंगी। 2 अक्तूबर को सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा की तैयारी को लेकर पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने इसके लिए सभी संगठनात्मक 98 जिलों में तीन सदस्यीय कमेटी बनाने के निर्देश दिए। प्रदेश स्तर पर गठित समिति प्रतिदिन अभियान की समीक्षा करेगी।

## विश्वकर्मा दिवस पर 30 हजार करोड़ रुपये बांटेंगे बैंक, प्लंबर, मिस्त्री जैसे कामगारों को मिलेगा लोन



लखनऊ (संवाददाता)। विश्वकर्मा दिवस पर प्रदेश में सभी बैंक 30 हजार करोड़ रुपये का कर्ज बांटेंगे। बैंकों को इस संबंध में निर्देश जारी करने के साथ अधिक से अधिक लोगों को लोन देने का आह्वान किया गया है। ये कर्ज गरीब बढ़ई, प्लंबर, मिस्त्री सहित डेढ़ दर्जन कुशल कामगारों और उद्यमियों को दिया जाएगा, जो अपने आप में एक रिकार्ड होगा।

17 सितंबर को विश्वकर्मा दिवस पर प्रदेश सरकार ने बड़ी तैयारी की है। हाल ही में आरबीआई और बैंकरों की बैठक में एमएसएमई विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस दिन 30 हजार करोड़ रुपये के वृहद लोन वितरण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। इतनी बड़ी मात्रा में एक दिन में लोन पहली बार वितरित किया जाएगा। इसका लाभ डेढ़ दर्जन से ज्यादा ट्रेड के कुशल कामगारों को मिलेगा। अभी तक 2.18 लाख कामगारों को प्रशिक्षित करने के बाद टूल किट दी जा चुकी है। इस साल 75 हजार कामगारों को टूल किट दी जा रही है।

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत बढ़ई, नाव निर्माता, शस्त्र निर्माता, लोहार, हथौड़ा और टूल किट निर्माता, तालासाज, सुनार, कुम्हार, मूर्तिकार, स्टोन ब्रेकर, मोची, राजमिस्त्री, टोकरी, चटाई व झाड़ू बुनकर, पारंपरिक खिलौना बनाने वाले, नाई, माली, धोबी,दर्जी और मछली जाल निर्माता को प्रशिक्षण के साथ स्टाइपेंड भी मिलेगा। ये योजना 17 सितंबर से शुरू हो रही है। कौशल विकास मिशन के तहत इन ट्रेड्स में लाभार्थी पांच दिन का प्रशिक्षण लेंगे। इस अवधि में उन्हें प्रतिदिन 500 रुपये का स्टाइपेंड भी मिलेगा। योजना के अनुसार 30 लाख 'विश्वकर्मा' को बेसिक ट्रेनिंग और तीन लाख को एडवांस ट्रेनिंग देने का लक्ष्य रखा गया है।

### सरेराह कारोबारी के मुनीम से लूटे साढ़े तीन लाख

लखनऊ (संवाददाता)। हसनगंज के निरालानगर के पास बाइक सवार बदमाश बुधवार शाम गल्ला कारोबारी पवन अग्रवाल के मुनीम से साढ़े तीन लाख रुपये लूट ले गए। पुलिस 24 घंटे मामले को दबाए रही और बृहस्पतिवार देर रात लूट की एफआईआर दर्ज की। सीसीटीवी कैमरों में बाइक सवार बदमाश नजर आए हैं। एडीसीपी मध्य मनीषा सिंह के मुताबिक, निरालानगर निवासी कारोबारी पवन की पांडेयगंज इलाके में थोक की दुकान है। शाम करीब सात बजे उनका मुनीम सीतापुर का अवधेश कुमार पांडेय कलेक्शन के साढ़े तीन लाख लेकर कारोबारी के घर देने बाइक से जा रहा था। कुछ ही दूरी पर दो बाइक पर सवार तीन से चार नकाबपोश बदमाशों ने मुनीम को रोक लिया और नकदी लूटकर फरार हो गए।

## भयावह मंजर देख कांप उठी रूह, सड़क से बटोरे अंगय दीवारों पर चिपक गए मांस के लोथड़े



लखनऊ (संवाददाता)। लखनऊ के बालागंज चौराहे के पास जेपीएस चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के बाहर बृहस्पतिवार दोपहर ऑक्सीजन सिलिंडर में ब्लास्ट के बाद खून से सने आरिफ और शोभित को देखने वालों की रूह कांप उठी। दोनों के मांस के लोथड़े आसपास की दीवारों पर भी चिपक गए थे। हादसे में दोनों के शरीर क्षतविक्षत हो गए। खासकर कमरे से नीचे का हिस्सा। इनकी हालत देख लोग चाहकर भी हाथ नहीं लगा पा रहे थे। करीब 50 मीटर तक फैला खून, कटे–फटे अंग देखकर लोग दहशत में आ गए। हालत यह थी कि सड़क से अंगों को बटोरना पड़ा।

आरिफ का भाई तारिक जेपीएस अस्पताल में गार्ड है। जब वह सिलिंडर लेकर पहुंचा तो तारिक गेट पर ही था। आरिफ सिलिंडर उतारने लगा तो तारिक उसके लिए पानी लेने अस्पताल के अंदर चला गया। इसी दौरान धमाका हुआ। तारिक दौड़कर बाहर आया तो देखा आरिफ खून से सना पड़ा है। उसके क्षतविक्षत अंग देख वह सदमे में आ गया। फिर अस्पताल में आरिफ की सांसें थम गईं।

घटना की जानकारी पर आरिफ की पत्नी शमा, सात साल की बेटी शिफा और छह साल का बेटा अनस अस्पताल पहुंचे। आरिफ का शव देख उनका दिल दहल गया। उधर, शोभित के परिजन भी बालामऊ से पहुंचे। वह उसकी जिंदगी के लिए प्रार्थना कर रहे हैं। आपको बता दें कि बालागंज चौराहे के पास जेपीएस चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के बाहर बृहस्पतिवार दोपहर ऑक्सीजन भरे सिलिंडर में ब्लास्ट हो गया। डाला से उतारते वक्त सिलिंडर के जमीन पर गिरने से हुए हादसे में गैस एजेंसी के डाला चालक के चीथड़े उड़ गए। उसका एक हाथ, पैर, पंजा और अंगुलियां कटकर अलग हो गईं। एजेंसी के कर्मचारी का शरीर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

पुलिस ने मेडिकल टीम की मदद से किसी तरह दोनों को ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया, जहां चालक की मौत हो गई। कर्मचारी का इलाज जारी है। उसकी हालत बेहद नाजुक है। न्यू फरीदीपुर में संजय श्रीवास्तव का एलाइड इंटरप्राइजेज के नाम से ऑक्सीजन प्लांट है। पुलिस के मुताबिक यहां से जेपीएस हॉस्पिटल को रोजाना एक दर्जन ऑक्सीजन सिलिंडर सप्लाई होते हैं।

बृहस्पतिवार दोपहर एक बजे कंपनी का डाला चालक फत्तेपुर मवई रहीमाबाद निवासी आरिफ (30) और कर्मचारी शोभित पटेल सिलिंडर लेकर पहुंचे। अस्पताल के गेट के बाहर डाला खड़ा कर दोनों सिलिंडर उतारने लगे। एक सिलिंडर भीतर पहुंचाने के बाद दूसरा उठाते वक्त सिलिडर हाथ से छूटकर नीचे जा गिरा और तेज धमाके के साथ फट गया। आरिफ और शोभित 15–20 फीट उछलने के बाद जमीन पर जा गिरे। दोनों के शरीर का निचला हिस्सा बुरी तरह क्षतिगस्त हो गया। आरिफ का एक हाथ अलग हो गया। सड़क किनारे भरा पानी खून से लाल हो गया। ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराए जाने के चंद मिनट बाद आरिफ की मौत हो गई। शोभित का आईसीयू में इलाज चल रहा है। मूलरूप से हरदोई के बालामऊ का शोभित यहां काकोरी के नरैना गांव में बहन रश्मि के घर रह रहा है। अंदेशा है कि सिलिंडर कमजोर था और उसमें क्षमता से अधिक ऑक्सीजन भर दी गई।

## सरकार और यूपी बार एसोसिएशन के बीच पांच सूत्री मांगों पर समझौता

लखनऊ (संवाददाता)। हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में प्रदेश में चल रही वकीलों की हड़ताल समाप्त हो गई है। बृहस्पतिवार शाम उत्तर प्रदेश बार काउंसिल और सरकार के अधिकारियों के बीच हुई बातचीत में सरकार ने हापुड़ के एएसपी को हटाने, सीईओ और पुलिस निरीक्षक को निलंबित करने सहित पांच सूत्री मांगों पर सहमति दी। उत्तर प्रदेश काउंसिल के चेयरमैन श्रीकिशोर गौड के नेतृत्व में काउंसिल के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र से लोकभवन में मुलाकात की। काउंसिल के पदाधिकारियों और शासन के अधिकारियों के बीच करीब एक घंटे से अधिक समय तक बातचीत चली। काउंसिल के सह अध्यक्ष प्रशांत सिंह अटल ने बताया कि सरकार ने हापुड़ के एएसपी को हटाने, सीईओ और पुलिस निरीक्षक को निलंबित करने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने के लिए कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया। सरकार ने हापुड़ प्रकरण में वकीलों पर प्रदेश भर में दर्ज मुकदमे वापस लेने और एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया। सरकार के आश्वासन के बाद काउंसिल ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा की है।

बातचीत में सरकार की ओर से पुलिस महानिदेशक विजय कुमार, डीजी स्पेशल कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार, प्रमुख सचिव संजय प्रसाद और प्रमुख सचिव विधायी जेपी सिंह मौजूद थे। वहीं काउंसिल के उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय सहित काउंसिल के अन्य सदस्य भी मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त को हापुड़ में पुलिस ने वकीलों पर लाठीचार्ज किया था। उसके बाद 29 अगस्त से प्रदेश भर में वकीलों ने कार्य का बहिष्कार कर रखा था। इससे न केवल न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहा था। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर राजधानी के वकीलों ने एक बार फिर बृहस्पतिवार को प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य भवन चौराहे से लेकर हजरतगंज चौराहे के बीच करीब दो किमी. तक वकीलों ने पुलिस व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। हजरतगंज चौराहे से आगे बढ़ने से पुलिस के रोकने पर वकील उग्र हो गए।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक सतीश कुमार द्वारा रहमान प्रिंटर्स एंड स्टेशनर्स 19बी, नई बस्ती (निकट पुलिस चौकी) आबूनगर फतेहपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर दरियामऊ खागा, जिला फतेहपुर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित। संपादक – सतीश कुमार

न्यूज सार

## तहसीलों में होगा बारिश से फसलों के नुकसान का सर्वे

रायबरेली (ब्यूरो)। जिले में कई दिनों तक हुई बारिश से फसलों के हुए नुकसान के ऑकलन के लिए डीएम ने सभी छह तहसीलदारों की अध्यक्षता में कमेटी गठित कर दी है। तहसीलदारों के अलावा कृषि अधिकारी और बीमा कंपनी के अधिकारी की टीम जल्द ही आकलन करके रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगे। डीएम माला श्रीवास्तव ने बताया कि सदर, महराजगंज, सलोन, ऊंचाहार समेत छह तहसीलों में भी बारिश की वजह से धान के अलावा उड़द, मूंग व दलहन व सब्जी की फसलों को नुकसान हुआ है। किसानों के हितों में निर्णय लेते हुए तीन सदस्यीय कमेटी बनाकर बारिश के कारण किसानों की फसलों के नुकसान का आकलन करके रिपोर्ट देने के आदेश दिए हैं। उन्होंने बताया कि बीमित फसलों के 50 प्रतिशत तक बारिश से नुकसान होने पर मुआवजा देने की व्यवस्था है। इसी कारण बारिश से फसलों के नुकसान के आकलन के लिए कमेटी गठित की गई है। रिपोर्ट आने के बाद मामले में आगे निर्णय लिया जाएगा।

## बाढ़ पीड़ितों को मुआवजे के लिए सर्वे इसी हफ्ते

रायबरेली (ब्यूरो)। गंगा में आई बाढ़ से प्रभावित किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा मिलेगा। इसी हफ्ते फसल नुकसान का सर्वे का कार्य शुरू कराया जाएगा। इसके लिए दो तहसीलों में टीमें गठित कर दी गई हैं। 50 फीसदी नुकसान होने पर ही किसानों को मुआवजा दिलाया जाएगा। दरअसल, लालगंज और डलमऊ तहसील क्षेत्र से होकर गंगा गुजरी है। दोनों तहसीलों में 50 हजार से ज्यादा किसान खेती करते हैं।

बाढ़ से इन दो तहसील क्षेत्रों के गंगा कटरी क्षेत्र के गांवों के किसानों द्वारा रोपी गई धान के अलावा उड़द, मूंग, तिल आदि की फसल खराब हो गई है। सब्जी की फसल को भी नुकसान हुआ है। अब कृषि विभाग की ओर से कटरी क्षेत्र के किसानों को फसल नुकसान का मुआवजा दिलाने के लिए कवायद शुरू की गई है।

## स्टेयरिंग फेल होने से खड्ड में पलटी बस, छह घायल

गदागंज (रायबरेली) (ब्यूरो)। थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार की शाम स्टेयरिंग फेल होने से प्रतापगढ़ डिपो की बस खड्ड में जाकर पलट गई। इससे बस पर सवार यात्रियों में चीख पुकार मच गई। आसपास के लोगों ने पहुंचकर यात्रियों को बाहर निकाला। इसमें चार महिलाएं समेत छह यात्रियों को चोटें आई। बाद में दूसरे वाहन से यात्री गतंव्य स्थान को चले गए।

शाम पांच बजे प्रतापगढ़ डिपो की बस कानपुर से सवारियां लेकर प्रतापगढ़ के लिए जा रही थी। गदागंज थाना क्षेत्र के गोविंदपुर माधव महामाया चरुहार जियायक गांव के पास बस की स्टेरिंग फेल हो गई और बस अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे खंड में पलट गई। इससे बस बैठी सवारियों में अफरातफरी मच गई। चीख पुकार सुनकर लोग बस यात्रियों को बचाने के लिए पहुंचकर सभी को बाहर निकाला। हादसे में प्रतापगढ़ जिले के तारापुर बासी निवासी सतेंद्र बहादुर सिंह, गदागंज निवासी शिवरानी, धोबिन झाला निवासी शिवदेवी, ऊंचाहार कोतवाली क्षेत्र के मनीरामपुर की रहने वाली शिखा सिंह, मीना सिंह समेत छह लोग घायल हुए।

## भगीरथ प्रयास की बाट जोह रही अयोध्या की गंगा

अयोध्या (ब्यूरो)। पौराणिक तिलोदकी गंगा नदी अपने पुनरुद्धार के लिए भगीरथी प्रयासों की बाट जोह रही है। अयोध्या की गंगा को नया जीवन देने के लिए पिछले डेढ़ साल से इसकी खोदाई की जा रही है। काम मनरेगा के तहत कराया जा रहा है। पौराणिक तिलोदकी अयोध्या में सरयू, तमसा, बिसुही के बाद सबसे बड़ी नदी है। प्रशासन से कराए गए सर्वे में इसकी लंबाई लगभग 47 किलोमीटर मिली। यह जिले के तीन ब्लाकों सोहावल, मसौधा, पूराबाजार के साथ नगर निगम क्षेत्र से निकलती है। पंडितपुर सहित पूराबाजार में कई स्थानों पर यह अभी पूरी नदी दिखती है। पश्चिम से पूरब की ओर बहते हुए रामनगरी में यह सरयू से संगम करती है। इसका बड़ा आध्यात्मिक महत्व है। अयोध्या के विश्व धार्मिक पर्यटन में इसका अहम स्थान है। पक्षी विहार समदा झील इसी के मार्ग में पड़ती है। इसका उद्गम सोहावल तहसील क्षेत्र के पंडितपुर गांव में स्थित ऋषि रमणक की तपस्थली से माना जाता है।

## एसएसएफ व सीआरपीएफ संभालेगी रेडजोन की सुरक्षा

अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि स्थाई सुरक्षा समिति की बृहस्पतिवार को हुई बैठक में तय हुआ कि प्राणप्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या की सुरक्षा अभेद्य होगी। वहीं 20 सितंबर से विशेष सुरक्षा बल रामजन्मभूमि परिसर यानि रेड जोन की सुरक्षा का जिम्मा संभाल लेगी। बृहस्पतिवार को बैठक से पहले एडीजी जोन पीयूष मोर्डिया के नेतृत्व में सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारियों ने रामजन्मभूमि परिसर का निरीक्षण किया। करीब एक घंटे के निरीक्षण के बाद रामघाट स्थित राममंदिर की कार्यशाला में बैठक शुरू हुई। बैठक के बाद एडीजी सुरक्षा केएस प्रताप सिंह ने बताया कि राममंदिर की सुरक्षा जल्द ही एसएसएफ के हवाले होने जा रही है। एसएसएफ की आठ कंपनी सीआरपीएफ के साथ मिलकर पूरे मंदिर परिसर की सुरक्षा संभालेगी। जबकि परिसर में तैनात पीएसी के जवानों को परिसर के बाहर यानी यलोजोन की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

## पुतला फूंककर वकीलों ने जताया विरोध

अयोध्या (ब्यूरो)। नाराज अधिवक्ताओं का गुस्सा बृहस्पतिवार को सातवें आसमान पर था। पूरा कचहरी परिसर पुलिस प्रशासन विरोधी नारों से गूंज उठा। नाराज अधिवक्ताओं ने मुख्य राजस्व अधिकारी कार्यालय के सामने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव व पुलिस महानिदेशक का पुतला फूंका। सैकड़ों का काफिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष कालिका प्रसाद मिश्र तथा मंत्री सूर्य नारायण सिंह के नेतृत्व में जिला अधिकारी कार्यालय होते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी कार्यालय पहुंचा। वकीलों ने वहां पुतला फूंका। सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कोई रजिस्ट्री नहीं हुई। पुतला फूंकने वालों में अधिवक्ता राकेश मिश्रा, राजेश उपाध्याय, राधा रमन पाठक, कमलेश शर्मा, अजय कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

# राममंदिर के प्रथम तल का 50 फीसदी काम पूरा, ट्रस्ट ने देश-दुनिया को दिखाई निर्माण की प्रगति



अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर का एक नया वीडियो सामने आया है। 59 सेकेंड के इस वीडियो में देश–दुनिया के भक्तों को मंदिर निर्माण की प्रगति दिखाई जा रही है। बृहस्पतिवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चपंत राय ने इस वीडियो को अपने टिवटर हैंडल पर पोस्ट किया है। वीडियो में मंदिर के भूतल व प्रथम तल के लिए चल रहे कार्यों को दिखाया गया है। राममंदिर के प्रथम तल का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है।

वीडियो के बैकग्राउंड में मर्यादा की परिभाषा है, श्रीराम का भजन गूंज रहा है। पहले दृश्य में राममंदिर के विहंगम दृश्य को दिखाया गया है। दूसरे दिन में कारीगर पत्थर तराश रहे हैं जबकि तीसरे में रिटेनिंग वॉल को दिखाया गया है। चौथे दृश्य में मूर्तिकार पत्थरों पर मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं। पांचवे व छठवें दृश्य में गर्भगृह को दिखाया गया है।

बतातें चलें कि राममंदिर के भूतल का काम लगभग पूरा हो चुका है। भूतल की फर्श का काम अंतिम चरण में हैं, जबकि स्तंभों पर मूर्तियां उकेरने का काम भी तेजी से चल रहा है। वहीं प्रथम तल का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है। राममंदिर को प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा दीवार का काम भी 80 फीसदी पूरा हो चुका है। इसके लिए 33 केवीए के पॉवर प्लांट की भी स्थापना की जा रही है। रामजन्मभूमि परिसर में सड़कों का भी निर्माण चल रहा है।

देश का नाम इंडिया की जगह भारत करने की चर्चा इन दिनों आम है। इसी बीच राजस्थान के एक भक्त ने भारत लिखा हुआ एक पत्थर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। सूत्रों का दावा है कि इस पत्थर को राम जन्मभूमि परिसर में स्थापित किया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो श्री राम जन्मभूमि परिसर पहला ऐसा मंदिर होगा जहां पर भारत लिखा हुआ स्तंभ नए सिरे से स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि इंडिया शब्द हटाकर अब देश में सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में भारत नाम प्रयोग किया जाए। बीते दिनों जी–20 समिट के दौरान राष्ट्रपति कार्यालय से जारी किए गए आमंत्रण पत्र में भी रिपब्लिक आफ भारत लिखा होने के बाद चर्चा जोरों पर थी। वहीं भारत लिखे इस पत्थर के अयोध्या पहुंचने पर इन कयासों को पंख लग रहे हैं। इस बारे में विश्व हिंदू परिषद के भूपेंद्र सिंह ने कहा कि भारत तो पहले से ही नाम था कुछ कथित लोगों ने इस देश का नाम इंडिया रख दिया। हमारे धार्मिक ग्रंथो में हमारी पूजा पद्धति में देश का नाम आने पर भारत ही कहा जाता है। प्रधानमंत्री का सपना है भारत को सिर्फ एक नाम से जाना जाए।

## नहीं दे रहे डेंगू की रिपोर्ट, 100 पैथोलॉजी को चेतावनी

रायबरेली (ब्यूरो)। डेंगू की जांच के नाम पर मरीजों की जेब पर डाका डालने वाले पैथोलॉजी संचालक स्वास्थ्य विभाग को रिपोर्ट देने में भी कंजूसी बरत रहे हैं। अकेले जिला अस्पताल में डेंगू की 1092 जांचें की गईं, लेकिन जिले में संचालित 100 से अधिक निजी लैब में मात्र 364 मरीजों की ही डेंगू की जांच की गई है। इससे स्पष्ट है कि पैथोलॉजी संचालक रिपोर्ट देने के नाम पर मनमानी कर रहे हैं। जिले में संचालित पांच से सात पैथोलॉजी ही नियमित रिपोर्ट उपलब्ध करा रहे हैं। डेंगू की रोजाना रिपोर्ट न देने वाले संचालकों को सीएमओ ने कार्रवाई की चेतावनी दी है। शासन ने डेंगू की जांच रिपोर्ट के लिए एक पोर्टल बनाया है, जिस पर सभी पैथोलॉजी संचालकों को रोजाना डेंगू की जांच रिपोर्ट को अपडेट करना है। तमाम प्रयास के बाद भी निजी पैथोलॉजी के संचालक मनमानी से बाज नहीं आ रहे हैं। इसी कारण डेंगू के मरीजों की समय से पुष्टि न हो पाने के कारण इलाज शुरू नहीं हो पा रहा है। निजी पैथोलॉजी में रोजाना मरीजों की भीड़ रहती है, लेकिन रिपोर्ट के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है। हाल यह है कि अकेले जिला अस्पताल में डेंगू की 1092 एलाइजा जांच की जा चुकी है, लेकिन निजी पैथोलॉजी के संचालकों ने मात्र 364 मरीजों की ही जांच की रिपोर्ट सीएमओ को उपलब्ध कराई है।

जिला मलेरिया अधिकारी भीखुल्लाह ने बताया कि रामा पैथोलॉजी में रैपिड टेस्ट कार्ड से जांच में डेंगू के लक्षण मिलने पर भूलवश पोर्टल पर रिपोर्ट अपलोड हो गई। विभागीय अधिकारियों ने पोर्टल में रिपोर्ट को संशोधित करा दिया है। ऐसा होने के बाद सीएमओ ने पैथोलॉजी को पत्र भी जारी करके संबंधित मरीजों के सैंपल एलाइजा जांच के लिए जिला अस्पताल भेजने के निर्देश दिए हैं। निजी पैथोलॉजी से डेंगू की नियमित रिपोर्ट नहीं आ रही है। इसके लिए सभी को कड़े निर्देश दिए गए हैं।

## हिंदी का मूल स्वरूप बचाए रखना बड़ी चुनौती

बहराइच (ब्यूरो)। जिले में बृहस्पतिवार को हिंदी दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम पर जगह–जगह विभिन्न संगठनों ने गोष्ठी व अन्य कार्यक्रमों का आयोजन कर हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

शहर के किसान पीजी कॉलेज के सभागार में बृहस्पतिवार को हिंदी दिवस पखवारा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि व कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि हिंदी के मूल स्वरूप को बचाए रखना हमारे लिए बड़ी चुनौती है। गोष्ठी को संयोजक डॉ. सत्यभूषण सिंह ने भी संबोधित किया। इस मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, प्रोफेसर धर्मवीर सिंह, अरूणवीर सिंह व डॉ. सतीश सिंह आदि मौजूद रहे। नेहरू युवा केंद्र के तत्वावधान में राम रहीम इंटर कॉलेज महाराजगंज महसी में गोष्ठी का आयोजन हुआ। इस दौरान वाद–विवाद, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कर युवा महिला मंडल के युवक व युवतियों ने पदयात्रा निकाली। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागी मुदिता मिश्रा, मोहम्मद आवेश व पारुल को कॉलेज प्रबंधक व मुख्य अतिथि रमेशचंद्र पाठक ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन सुनील कुमार चौधरी ने किया। इस मौके पर प्राचार्य राजेश कुमार पाठक, शिक्षक आशोक कुमार शुक्ला, रमेशचंद्र वर्मा व मनोज तिवारी ने भी हिंदी के महत्व के बारे में बताया।

महिला महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ.प्रिया मुखर्जी ने ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संचालन हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रीमा शुक्ला ने किया। कार्यक्रम में हिंदी से संबंधित डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर भाषण, पोस्टर, कविता पाठ, स्लोगन, रंगोली आदि प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अंजली अग्रवाल, डॉ.मनीषा खन्ना, डॉ.प्रियंका श्रीवास्तव व डॉ.सरिता यादव आदि ने हिंदी का महत्व बताया।

इस मौके पर अमृता मिश्रा, डॉ. ज्योति त्रिपाठी, डॉ. सायरा खातून व डॉ. यासमीन आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। नानपारा के सुंदर शिशु मंदिर जूनियर हाईस्कूल के परिसर में हिंदी दिवस के मौके पर निबंध, वाद–विवाद, काव्यपाठ व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विजेताओं को प्रशस्तिपत्र दिया गया। कार्यक्रम में कॉलेज प्रबंधक समेत सभी शिक्षक व शिक्षकाएं मौजूद रहीं।

## अयोध्या-अंबेडकरनगर में आठ नई शाखाएं खोलेगा जिला सहकारी बैंक

अयोध्या (ब्यूरो)। जिला सहकारी बैंक, अयोध्या और अंबेडकरनगर जिले में आठ नई शाखाएं खोलेगा। महिलाओं के सावधि जमा पर बैंक नई योजना लाएगा। शुक्रवार को सहकारी बैंक के बोर्ड की बैठक में इसका प्रस्ताव पारित कर दिया गया। इसके साथ ही बैंक के विकास को लेकर कई अन्य प्रस्ताव पारित किए गए हैं।

सहकारी बैंक के सभागार में आयोजित बोर्ड के बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने की। बैठक का फोकस बैंक की सामाजिक और आर्थिक मजबूती पर रहा। बैंक का विस्तार देते हुए बोर्ड ने अयोध्या के चौरेबाजार, शाहगंज, ड्योढ़ी, देवगांव और अंबेडकरनगर में महरुआ, मालीपुर, नेवादा और महबूबगंज में नई शाखाएं खोलने का प्रस्ताव पारित कर दिया। सहकारी बैंक महिलाओं से लंबी सावधि जमा पर विशेष सुविधा लाएगा। फैजाबाद की सिटी ब्रांच और अंबेडकनगर की जलालपुर ब्रांच को आधुनिकतम सुविधाओं से लैश माडल ब्रांच बनाए जाने का प्रस्ताव किया गया है। बोर्ड ने दोनों जिलों की निष्क्रिय पड़ी 11 सहकारी समितियों को सक्रिय करने और नकद लेन–देन शुरू कराने का प्रस्ताव किया। इनमें इब्राहिमपुर, बदौली बुजुर्ग, जानाबाजार, जजवारा, दिनकरपुर, बेरमा, जगुई, औरंगाबाद, केशवपुर, जमलुदार और ककरही समितियां शामिल हैं। बैठक में सहकारी समितियों लक्ष्मणपुर ग्रंट और पिगिरियावां को बैंक का सदस्य बनाए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड ने भौगोलिक दृष्टि से ज्यादा दूरी पर स्थित धान क्रय केंद्रों के बीच की सहकारी समितियों को क्रय केंद्र बनाए जाने के लिए प्रशासन को पत्र भेजे जाने का निर्णय लिया। उदाहरण के तौर पर सोहावल और भेलसर के बीच और हैदरगंज क्षेत्र बताए गए। पिछले साल सहकारिता के 36 क्रय केंद्र थे। इस बार 32 क्रय केंद्र बनाए गए हैं।

बोर्ड में वेतन भोगी समितियों के प्रस्ताव पर भी चर्चा हुई। बताया गया कि बेसिक शिक्षा विभाग से वेतनभोगी समितियों को नहीं भेजा जा रहा है। इसको लेकर बैंक के चयेरमैन ने कमिश्नर गौरव दयाल को पत्र भी भेजा है। इसके साथ अन्य प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

बैठक में उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार पांडेय, संचालक सुनील मिश्र, विनीत कुमार सिंह, राघवेंद्र सिंह, शंभू सिंह, सुबेदार यादव, राम सुंदर, आनंद अग्रवाल, बैंक के महाप्रबंधकध सचिव सुधांशु चौधरी, अनुभाग अधिकारी सुधीर कुमार सिंह मौजूद रहे।

## राममंदिर के प्रथम तल का 50 फीसदी काम पूरा

अयोध्या (ब्यूरो)। श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निर्माणाधीन राममंदिर का एक नया वीडियो सामने आया है। 59 सेकेंड के इस वीडियो में देश–दुनिया के भक्तों को मंदिर निर्माण की प्रगति दिखाई जा रही है। बृहस्पतिवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चपंत राय ने इस वीडियो को अपने टिवटर हैंडल पर पोस्ट किया है। वीडियो में मंदिर के भूतल व प्रथम तल के लिए चल रहे कार्यों को दिखाया गया है। राममंदिर के प्रथम तल का 50 फीसदी काम पूरा हो चुका है। वीडियो के बैकग्राउंड में श्रीराम का भजन गूंज रहा है। पहले दृश्य में राममंदिर का विहंगम नजारा दिखाया गया है।

## शहरी क्षेत्र में जल्द शामिल होगा सुभाष नगर

रायबरेली (ब्यूरो)। शहर से सटे सुभाष नगर (ग्राम चक बहादुरपुर) के रहने वाले लोगों की दुश्वारियां जल्द दूर होने वाली हैं। वजह इस गांव को शहरी क्षेत्र में जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में इस पर विचार हुआ। अगली बोर्ड की बैठक में इस पर फिर से विचार होगा और फिर शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

दरअसल, कानपुर रोड राजघाट के पास सुभाष नगर पड़ता है। शहर से जुड़ा है और इसे बसे 30 साल से ज्यादा का समय हो गया है। बावजूद शहर की सुविधाएं सुभाष नगर में रहने वाले लोगों को नहीं मिल पाती। करीब पांच हजार की आबादी रहती है। धीरे–धीरे इस क्षेत्र का दायरा बढ़ता जा रहा है। बुधवार को पालिका कार्यालय के सभागार में हुई बोर्ड की बैठक में नगर पालिकाध्यक्ष शत्रोह्न सोनकर ने सुभाष नगर को शहर क्षेत्र में शामिल होने का प्रस्ताव रखा। इस पर सभी सभासदों ने अपनी राय दी। इस दौरान सभासद परमजीत सिंह गांधी ने कहा कि सुभाष नगर के साथ ही त्रिपुला, मुंशीगंज, मटिहा गांव को भी शहरी क्षेत्र में शामिल किया जाए। इसमें किसी तरह का भेदभाव ना किया जाए। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि सुभाष नगर के अलावा अन्य मोहल्लों को शहरी क्षेत्र में शामिल करने के लिए प्रस्ताव बनाया जा रहा है। जल्द शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा। शासन से हरी झंडी मिलने के बाद सुभाष नगर के अलावा अन्य मोहल्लों को नगर क्षेत्र में जोड़कर शहरी सुविधाएं दिलाई जाएंगी।

सुभाष नगर मोहल्ले के महादेव पाल, अजय श्रीवास्तव, विकास तिवारी, देवीशंकर कहते हैं कि तीन दशक से ज्यादा का समय बीत चुका है, लेकिन सुभाष नगर को नगर पालिका क्षेत्र में शामिल नहीं किया गया है। इसका खामियाजा हम लोगों को उठाना पड़ता है। विकास के नाम पर कुछ नहीं होता। यदि सुभाष नगर को नगर क्षेत्र में शामिल कर लिया जाए तो उनके लिए यह अच्छा होगा। शहर क्षेत्र में जिन मोहल्लों को शामिल भी कर लिया गया है, वहां पर दुश्वारियां कम नहीं हैं। बालापुर, सोनिया नगर, लखपति नगर, आजाद नगर, फातिमा कॉलोनी, देवानंदपुर, महानंदपुर मोहल्लों को नगर क्षेत्र में जोड़ा गया है। इन मोहल्लों में न तो चलने लायक पक्की सड़कें हैं और न ही ठीक तरीके से साफ–सफाई होती है। बारिश होने पर जलभराव हो जाता है। इससे लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो जाता है। गर्मी के दिनों में भी पेयजल का संकट भी रहता है। सवाल उठते हैं कि पालिका की ओर से अन्य क्षेत्रों को शहरी क्षेत्र में शामिल किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन पहले से शहर में जुड़े मोहल्लों में विकास कागजों तक सीमित रह गया है। लखनऊ–प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित मामा चौराहा का नाम अब संकट मोचन धाम होगा। नगर पालिका परिषद की बोर्ड की बैठक में इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया है।

## रामजन्मभूमि में स्थापित होगा भारत नाम का पत्थर

अयोध्या (ब्यूरो)। देश का नाम इंडिया की जगह भारत करने की चर्चा इन दिनों आम है। इसी बीच राजस्थान के एक भक्त ने भारत लिखा हुआ एक पत्थर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को समर्पित किया है। सूत्रों का दावा है कि इस पत्थर को राम जन्मभूमि परिसर में स्थापित किया जाएगा। अगर ऐसा हुआ तो श्री राम जन्मभूमि परिसर पहला ऐसा मंदिर होगा जहां पर भारत लिखा हुआ स्तंभ नए सिरे से स्थापित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रयास है कि इंडिया शब्द हटाकर अब देश में सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में भारत नाम प्रयोग किया जाए। बीते दिनों जी–20 समिट के दौरान राष्ट्रपति कार्यालय से जारी किए गए।

# पीएसी वाहन में पीछे से भिड़ी डीसीएम, चार जवान घायल

रुदौली, अयोध्या (ब्यूरो)। रुदौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच–27 पर स्थित रौजागांव ओवरब्रिज पर बृहस्पतिवार सुबह एक डीसीएम ने खड़े पीएसी वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में पीएसी प्रभारी सहित चार जवान घायल हो गए। सभी घायल जवानों को सीएचसी खैरनपुर में प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। दीनदयाल उपाध्याय यूनिवर्सिटी गोरखपुर से एक 10 बटालियन की कंपनी लखनऊ के रमाबाई अंबेडकर मैदान में ड्यूटी पर जा रही थी। रास्ते में रौजागांव ओवरब्रिज पर उनकी बोलेरो कैंपर वाहन का पिछला दाहिना पहिया पंक्चर हो गया। ठीक करने के लिए स्टेपनी लगा रहे थे। इसके पीछे पीएसी का एक वाहन खड़ा था। अयोध्या से लखनऊ जा रहे डीसीएम ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में पीएसी वाहन में पीछे बैठे कांस्टेबल विकास शर्मा व स्वीपर रमापति, प्रभारी विनोद कुमार सिंह और पीसी सीरीज बाज बहादुर खान गंभीर रूप से घायल हो गए। ये



सभी जवान कैंपर और डीसीएम के बीच खड़े होकर बोलेरो कैंपर की स्टेपनी बदल रहे थे। चौकी प्रभारी भेलसर द्रवेश त्रिवेदी ने बताया कि डीसीएम की तेज टक्कर से सभी जवान दो वाहनों के बीच दब गए थे। चारों घायल पीएसी के जवानों को एम्बुलेंस से सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चारों को लखनऊ स्थित राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। एक अन्य घटना में कोतवाली रुदौली क्षेत्र में लोहिया पुल के निकट स्कूटी फिसलने से पुलिस का जवान घायल हो गया। उसका पैर फ्रैक्चर हो गया। भेलसर चौकी प्रभारी दृवेश त्रिवेदी ने बताया कि घायल सिपाही सुरेश कुमार (37) को जिला अस्पताल भिजवाया गया है। वह बृहस्पतिवार सुबह नौ बजे शुक्ला कॉलोनी कोतवाली बाराबंकी से स्कूटी से जिला कारागार अयोध्या ड्यूटी करने जा रहा था।

पटरंगा थाना क्षेत्र के बुलबुलपुर रेलवे क्रॉसिंग के समीप बुधवार देर रात दो छुट्टा सांड आपस में लड़ गए। लड़ते–लड़ते दोनों सड़क किनारे खड़े बैटरी रिक्शा से टकरा गए, जिससे रिक्शा पलट गया। उसके नीचे युवक का पैर दब गया। इस दौरान एक सांड का पैर युवक के सिर पर पड़ गया जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंचे उपनिरीक्षक कमलेश गौतम ने बताया सांड के पलटने से रिक्शे पर बैठा जलीलपुर, दलसराय कोतवाली रुदौली निवासी राकेश कुमार व चालक राम बहादुर निवासी ग्राम करौंदी थाना मवई घायल हो गए।

# तीन हफ्तों से लापता चीनी रक्षा मंत्री पर बढ़ी जांच, घर में नजरबंद किए जाने की अटकलें



बीजिंग (एजेंसी)। चीन के विदेश मंत्री किंग गैंग के बाद अब वहां के रक्षा मंत्री ली शांगफू का भी कोई अता–पता नहीं है। उन्हें सार्वजनिक रूप से करीब दो सप्ताह से अधिक समय से नहीं देखा गया है। ऐसे में अब ली से रक्षा मंत्री की जिम्मेदारी वापस ले ली गई है। वहीं, उन्हें जांच के दायरे में रखा गया है। जापान में अमेरिका के राजदूत रेहम इमैनुअल ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति शी की कैबिनेट की कहानी अगाथा क्रिस्टी के उपन्यास एंड देयर वर नन से मिलती जुलती है। उन्होंने कहा कि पहले विदेश मंत्री किन गैंग, फिर रॉकेट फोर्स कमांडर और अब रक्षा मंत्री ली शांगफू लापता हैं। दावा किया जा रहा है कि उन्हें आखिरी बार तीसरे तीन अफ्रीका चाइना पीस एंड सिक्योरिटी फोरम में सार्वजनिक रूप से देखा गया था। बीजिंग में हुए इस सम्मेलन में ली ने अपना मुख्य भाषण दिया था। बता दें कि ली शांगफू को मार्च 2023 में रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया था। इमैनुअल ने शेक्सपियर को क्वोट करते हुए कहा कि डेनमार्क में कुछ तो चल रहा है। अमेरिका के राजदूत ने पूछा कि क्या शांगफू को घर में नजरबंद कर दिया गया है? इसलिए न तो वह तीन सप्ताह से सार्वजनिक रूप से देखे गए और न ही सुने गए। बाद में वियतनाम यात्रा के लिए भी नहीं गए। इतना ही नहीं, अब वह सिंगापुर के नौसेना प्रमुख के साथ अपनी निर्धारित बैठक से भी अनुपस्थित हैं। वहीं उन्होंने चीनी सरकार पर तंज भी कसा है। उन्होंने कहा कि देखना दिलचस्प होगा कि बेरोजगारी की दौड़ में कौन आगे रहेगा, चीन के राष्ट्रपति या वहां के युवा। गौरतलब है, जुलाई में चीनी विदेश मंत्री किन गैंग के लापता होने के बाद शांगफू के लापता होने की खबर आई थी। ली शांगफू के इस तरह से गायब होने के बाद तमाम तरह की अटकलें लगने लगी हैं। चीन के रक्षा मंत्री तब गायब हुए हैं, जब पांच साल पहले की गई हार्डवेयर खरीद से जुड़े भ्रष्टाचार के मामलों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि ये जांच जुलाई में शुरू की गई थी। हालांकि चीनी सेना का कहना है कि वह अक्टूबर 2017 से ही इन मुद्दों की जांच कर रही है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ली सितंबर 2017 से 2022 तक उपकरण विभाग में कार्यरत थे। हालांकि, उनपर कोई आरोप नहीं है।

पहले जारी रिपोर्ट के अनुसार, विशेषज्ञों की मानें तो हस्तियों के साथ किया गया बर्ताव चीनी सरकार की उसकी सत्ता के लिए किसी भी चुनौती को दूर करने के प्रयास दिखाता है। कारोबारियों के मामले में कहा जाता है कि देश के निजी कारोबारियों के हाथों में अधिक संपत्ति को चीनी सत्ताधारी पार्टी अपने लिए एक संभावित खतरा मानती है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग के कार्यकाल में और विशेष रूप से पिछले कुछ वर्षों में, ऐसे लोगों को गिरफ्तार करने और उनकी संपत्ति जब्त करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। माना जाता है कि सत्ता का साफ संदेश है कि कोई भी पार्टी से ऊपर या उसकी पहुंच से बाहर नहीं है।

# 37 संस्थाओं पर प्रतिंबध लगाएगा अमेरिका



वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका और रूस के खिलाफ खींचतान जारी है। अब अमेरिका 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने जा रहा है। विदेशी मीडिया के मुताबिक, अमेरिका ने उन 37 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है, जो रूस के ऊर्जा उत्पादन का विस्तार और भविष्य की निर्यात क्षमता बढ़ा रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के अनुसार, प्रतिबंधित संस्थाएं आर्कटिक एलएनजी–2 तरलीकृत प्राकृतिक गैस परियोजनाओं सहित प्रमुख ऊर्जा परियोजनाओं और संबंधित बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल है।

विभाग के मुताबिक, रूसी आर्कटिक एलएनजी 2 संस्थाओं के अलावा अमेरिका ने तुर्की–आधारित संस्थाओं को भी नामित किया है। इसमें तुर्की कंपनियों में डेनकर शिप कंस्ट्रक्शन इनकॉर्पोरेटेड कंपनी और आईडी शिप एजेंसी ट्रेड लिमिटेड कंपनी शामिल है। अमेरिका ने पावेल पावलोविच शेवेलिन को भी शामिल किया है। शेवेलिन रूसी भाड़े के सैनिकों के समूह वैगनर से संबंधित है। यह डीपीआरके से रूस तक युद्ध सामग्री सप्लाई करने में भी शामिल थी। अमेरिका ने कई रक्षा संस्थानों को भी नामित किया है, जो यूक्रेन के खिलाफ जंग में रूस को मरम्मत और रखरखाव सेवाएं प्रदान करती हैं। इससे पहले, अमेरिका ने रूस और उत्तर कोरिया पर और अधिक प्रतिबंध लगाने की चेतावनी दी थी। बता दें, किम जोंग उन हाल ही में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए मॉस्को पहुंचे थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच संभावित हथियार सौदे की चर्चाएं बढ़ गई थीं। यह अमेरिका के लिए चिंता का विषय बन गई थी। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को दावा किया कि पुतिन अमेरिका की निंदा करने के लिए बाइडन का इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि पुतिन बाइडन प्रशासन की नीतियों का इस्तेमाल कर अमेरिका की निंदा कर रह हैं। वह अमेरिका की अच्छी चीजों का भी विरोध कर रहे हैं। बता दें, ट्रंप की टिप्पणी से एक दिन पहले यानी मंगलवार को पुतिन ने बयान दिया था।

# भारत में धार्मिक स्वतंत्रता पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा अमेरिकी आयोग



वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका का संघीय आयोग अगले सप्ताह भारत में धर्म या आस्था की स्वतंत्रता पर सुनवाई करेगा। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) ने यह घोषणा की है। गौरतलब है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच इस साल दो सफल द्विपक्षीय बैठक हो चुकी हैं। एक जून में जब पीएम मोदी अमेरिका की आधिकारिक राजकीय यात्रा पर गए थे, दूसरी हाल ही में जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान नई दिल्ली में हुई थी। यूएससीआईआरएफ ने कहा कि मोदी की वाशिंगटन की राजकीय यात्रा दोनों देशों के बीच घनिष्ठ द्विपक्षीय संबंधों को दर्शाती है, लेकिन सांसद यह जानना चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार हिंसा की घटनाओं को लेकर भारत सरकार के साथ कैसे काम करती है। संघीय आयोग ने कहा कि इसी मामले को लेकर अगले सप्ताह एक बैठक की जाएगी। अल्पसंख्यक मुद्दों पर संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत फर्नांड डी वेरेन्स को विदेशी कानून विशेषज्ञ तारिक अहमद, ह्यूमन राइट्स वॉच के निदेशक सारा यागर, हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स की कार्यकारी निदेशक सुनीता विश्वनाथ और जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में भारतीय राजनीति के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन के साथ आयोग के समक्ष गवाही देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

यूएससीआईआरएफ ने कहा की पिछले कुछ सालों में भारत सरकार ने धार्मिक अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने वाली भेदभावपूर्ण नीतियां बनाई और लागू की हैं। इन नीतियों में धर्मांतरण विरोधी कानून, गोहत्या कानून, धर्म के आधार पर नागरिकता प्राथमिकताएं देने वाले कानून और नागरिक समाज संगठनों के लिए विदेशी फंडिंग पर प्रतिबंध आदि शामिल हैं। यूएससीआईआरएफ ने कहा कि इन सब के बावजूद भारत में हाल ही में कई हिंसा की घटनाएं हुई हैं। इनमें हरियाणा में हिंदुओं और मुसलमानों के बीच हिंसा भड़कना और मणिपुर में ईसाई और यहूदी अल्पसंख्यकों के खिलाफ हमले आदि शामिल हैं। इन्हीं घटनाओं को हवाला देते हुए संघीय आयोग ने कहा कि भारत में धार्मिक अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा को कम करने के लिए नई रणनीतियों की आवश्यकता पर प्रकाश डालने की जरूरत है।

# डॉक्टरों ने ब्रेन डेड व्यक्ति में सूअर की किडनी का किया प्रत्यारोपण 61 दिन तक चला प्रयोग



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका में आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर की किडनी को ब्रेन डेड मरीज में प्रत्यारोपित करने वाले सर्जनों ने गुरुवार को घोषणा की कि उन्होंने रिकॉर्ड तोड़ 61 दिनों के बाद अपना प्रयोग समाप्त कर दिया है। नवीनतम प्रयोग अनुसंधान के उस बढ़ते क्षेत्र का हिस्सा है जिसका उद्देश्य क्रॉस–प्रजाति प्रत्यारोपण को आगे बढ़ाना है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अंग प्रत्यारोपण के लिए 103,000 से अधिक लोग इंतजार कर रहे हैं, जिनमें से 88,000 को गुर्दे की आवश्यकता है। जुलाई में सर्जरी का नेतृत्व करने वाले न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय लैंगोन ट्रांसप्लांट इंस्टीट्यूट के निदेशक रॉबर्ट मोंटगोमरी ने कहा, हमने पिछले दो महीनों के गहन अवलोकन और विश्लेषण के दौरान बहुत कुछ सीखा है, और हम इस कारण भविष्य के लिए आशान्वित हो सकते हैं। यह मोंटगोमरी द्वारा किया गया पांचवां तथाकथित जेनोट्रांसप्लांट था, जिन्होंने सितंबर 2021 में दुनिया का पहला आनुवंशिक रूप से संशोधित सुअर किडनी प्रत्यारोपण भी किया था। उनके अनुसार, अध्ययन के दौरान एकत्र किए गए ऊतक ने संकेत दिया कि एक हल्की अस्वीकृति प्रक्रिया शुरू हो गई थी, जिसके लिए इम्यूनोसप्रेशन दवा की तीव्रता की आवश्यकता थी।

अल्फा–गैल नामक बायोमोलेक्यूल के लिए जिम्मेदार जीन को बाहर निकालकर मानव एंटीबॉडी को घुमाने के लिए एक प्रमुख लक्ष्य – एनवाईयू लैंगोन टीम तत्काल अस्वीकृति को रोकने में सक्षम थी। इस प्रयोग में दाता सुअर वर्जीनिया स्थित बायोटेक कंपनी रेविविकोर द्वारा खेती किए गए झुंड से आया था। झुंड को खाद्य और औषधि प्रशासन द्वारा अल्फा–गैल अणु के प्रति अतिसंवेदनशीलता वाले लोगों के लिए मांस के स्रोत के रूप में भी अनुमोदित किया गया है, जो कुछ टिक काटने के कारण होने वाली एलर्जी है। इन सूअरों को पाला जाता है, क्लोन नहीं किया जाता है, जिसका अर्थ है कि प्रक्रिया को अधिक आसानी से बढ़ाया जा सकता है। प्रारंभिक जेनोट्रांसप्लांटेशन अनुसंधान ने प्राइमेट्स से अंगों की कटाई पर ध्यान केंद्रित किया – उदाहरण के लिए, 1984 में ष्बेबी फेष् नामक एक नवजात शिशु में एक बैबून दिल प्रत्यारोपित किया गया था, लेकिन वह केवल 20 दिनों तक जीवित रही थी। वर्तमान प्रयास सूअरों पर रहा, जिन्हें उनके अंग के आकार, उनके तेजी से विकास के कारण मनुष्यों के लिए आदर्श दाता माना जाता है। जनवरी 2022 में, यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड मेडिकल स्कूल के सर्जनों ने एक जीवित रोगी पर दुनिया का पहला सुअर–से–मानव प्रत्यारोपण किया, इसमें मरीज का दिल प्रत्यारोपित किया गया था। प्रत्यारोपण के दो महीने बाद मरीज की मृत्यु हो गई थी, उनके अंग में पोर्सिन साइटोमेगालोवायरस की उपस्थिति को मौत का कारण बताया गया।

## भारी बाढ़ में फंसे चार भारतीयों को दूतावास ने भेजा भारत

त्रिपोली (एजेंसी)। लीबिया इन दिनों भारी बाढ़ की चपेट में है। इस कारण 5300 से अधिक लोगों की मौत हो गई। विदेशी मीडिया के अनुसार, भारतीय दूतावास ने लीबिया में फंसे चार भारतीयों को सुरक्षित भारत भेज दिया है। ट्यूनीशिया और लीबिया में भारतीय दूतावास ने ट्वीट कर बताया कि पंजाब–हरियाणा के निवासी चार भारतीयों को 14 सितंबर को दूतावास की स्थानीय प्रतिनिधि तबस्सुम मंसूर ने बेनिना हवाईअड्डे से विदा कर दिया।

पूर्वी लीबिया के स्वास्थ्य मंत्री ओथमान अब्दुलजलील ने बताया कि डेरना में शवों को सामूहिक कब्रों में दफनाया जा रहा है। कुछ शव समुद्र से बरामद किए गए, जबकि बचावकर्मी शहर की सड़कों और मलबे में जहां भी हाथ डाल रहे हैं, उन्हें शव ही मिल रहे हैं।

बचाव कार्य में शामिल अहमद अब्दुल्ला ने कहा कि वे शवों को कब्रिस्तान में सामूहिक कब्रों में दफनाने के लिए ले जाने से पहले एक अस्पताल में रख रहे थे।

## बाइडन के अतिथि बनेंगे जेलेंस्की

नई दिल्ली (एजेंसी)। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अगले हफ्ते अमेरिका के वाशिंगटन का दौरा करेंगे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वे इस दौरान रूस के साथ जारी जंग में उनके देश की मदद पर चर्चा करेंगे। अमेरिकी मीडिया में भी गुरुवार की शाम सरकार के गुप्त सूत्रों के हवाले से जेलेंस्की की इस यात्रा की पुष्टि की गई। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार बाइडन प्रशासन ने कांग्रेस से यूक्रेन की मदद के लिए 24 अरब डॉलर उपलब्ध कराने की मांग की है। इनमें से 13.1 अरब डॉलर सैन्य सहायता के रूप में और 8.5 अरब डॉलर मानवीय सहायकता के रूप में यूक्रेन को दिए जाने हैं। हालांकि कुछ अमेरिकी राजनीतिज्ञ खास रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े नेताओं ने यूक्रेन को और अधिक सहायता दिए जाने का विरोध किया है।

# जाह्नवी के परिवार का फूटा गुस्सा, कहा– हमारी बेटी हर कीमत से परे



वाशिंगटन (एजेंसी)। इस साल जनवरी में सिएटल में तेज गति से आ रही पुलिस की गश्ती कार की चपेट में आने से भारतीय छात्रा जाह्नवी कंडुला की मौत हो गई थी। यह मामला हाल ही में उस समय सामने आया, जब वहां के पुलिस विभाग ने एक फुटेज जारी की, जिसमें अधिकारी डेनियल ऑडरर को इस हादसे को हंसकर टालते हुए देखा गया था। इसी फुटेज पर छात्रा का परिवार आगबबूला हो गया। उनका कहना है कि उनकी बेटी किसी भी कीमत से ऊपर थी। दरअसल, अमेरिका में मौजूद भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने उच्चतम स्तर पर इस मामले को उठाया था, जिसके बाद अमेरिकी सरकार हरकत में आई। यह घटना जनवरी की है, जहां अधिकारी केविन डेव द्वारा चलाए जा रहे पुलिस वाहन ने 24 वर्षीय भारतीय छात्रा को टक्कर मार दी थी, जिससे उसकी मौत हो गई। अमेरिकी अखबार के अनुसार, अधिकारी ओवरडोज की रिपोर्ट मिलने के बाद घटनास्थल तक पहुंचने के लिए रास्ते में 119 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गाड़ी चला रहा था।

वहीं सिएटल पुलिस द्वारा जारी किए गए बॉडीकैम फुटेज में देखा गया कि अधिकारी डेनियल ऑडरर ने इस हादसे को हंसकर टाल दिया। उन्होंने इस बात को भी मानने से इनकार कर दिया कि अधिकारी डेव कसूरवार है। अधिकारी ऑडरर का कहना है कि उसके जीवन का 'सीमित मूल्य' था। रिपोर्ट के अनुसार, छात्रा के परिवार ने अधिकारी की हरकत को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि जाह्नवी की मौत पर एक अधिकारी से ऐसी असंवेदनशील टिप्पणियां सुनना वास्तव में परेशान करने वाला है। परिवार ने कहा कि जाहन्वी हम सभी की बहुत प्यारी थी और रहेगी। वह अपनी मां और परिवार के लिए किसी भी कीमत से ऊपर है।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक इंसान का जीवन अमूल्य होता है। इसे किसी से भी कम नहीं आंका जाना चाहिए। हमारे लिए वो किसी भी कीमत से परे थी। उसकी मौत पर अधिकारी का ऐसा बयान देना बहुत ही दुखद है। जाह्नवी के 69 वर्षीय दादा ने कहा कि वीडियो जब सामने आया हम सभी को बहुत दुख पहुंचा। बच्ची की मौत के बाद से ही उसकी मां सदमे में थी। अब इस वीडियो ने सदमा और गहरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि इतनी दुखद घटना के बाद कोई इस तरह कैसे बोल सकता है। उन्होंने कहा कि हमें समझ नहीं आ रहा कि यह जानकारी पहले क्यों नहीं दी गई? वे कैसे कह सकते हैं कि कार तेज गति से नहीं थी? हमने अपना बच्चा खो दिया है। फिलहाल, हम फुटेज पर कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। छात्रा की मां की हालत के बारे में दादा ने कहा कि मेरी बेटी ने जाहन्वी को बड़ी मुश्किल से पाला है। वह घर से बाहर नहीं निकल रही है। वह अपनी सबसे बड़ी बेटी के निधन से उबर नहीं पा रही है। उन्होंने कहा कि लोग हमें लगातार कॉल कर रहे हैं। पर मेरी बेटी अभी भी सही हालत में नहीं है। वह लगातार रोए जा रही है। इतना ही नहीं उसने कल से खाना बंद कर दिया है। वहीं, भारतीय अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने गुरुवार को सिएटल पुलिस से कंडुला की मौत की जांच को गंभीरता से आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि छात्रा की मौत पर मजाक नहीं बनाना चाहिए।

# मेक्सिको में दिखाए एलियन शवों को वैज्ञानिकों ने नकारा

मेक्सिको सिटी (एजेंसी)। मेक्सिको की संसद (कांग्रेस) में एलियंस के शव दिखाने के बाद दुनियाभर में परग्रही जीवों के अस्तित्व पर बहस छिड़ गई है। वैज्ञानिकों ने मैक्सिकन कांग्रेस में दिखाए गए एलियन के कथित शव को धोखाधड़ी बताया है। खुद को यूएफओ विशेषज्ञ बताने वाले पत्रकार जैमी मॉसन के उस दावे को भी नेशनल ऑटोनॉमस यूनिवर्सिटी ने झूठा बताया कि एलियन की कार्बन डेटिंग कराई गई है। यूनिवर्सिटी के जूलियट फिएरो ने जैमी का दावा झूठा बताया। मेक्सिको के अभियोजक के ऑफिस की एक रिपोर्ट में पाया गया कि शव सही मायनों में किसी नई बनाई गई डॉल (गुड़िया) के थे। इन डॉल्स की त्वचा को असली दिखने जैसा बनाया गया था और इसे कागज और सिंथेटिक गोंद के मिश्रण से ढक दिया गया था। मेक्सिको के रयान ग्रेव्स का सामना यूएफओ से हुआ था। उन्होंने मेक्सिको की कांग्रेस को लिखा है कि जैमी मॉसन की कहानी झूठी है। मैं इस आदमी के स्टंट से बेहद दुखी हूं। ग्रेव्स अमेरिकी वायु नौसेना में रह चुके हैं। दरअसल, मंगलवार को मेक्सिको की संसद में दो एलियंस के शव का प्रदर्शन किया गया। दावा किया गया है कि यह दोनों एलियंस के शव 1000 साल से अधिक पुराने हैं। अब इस दावे ने एलियंस की मौजूदगी को लेकर दुनिया में नई बहस छेड़ दी है। वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि एलियंस की इन लाश को पेरू के कुस्को से बरामद किया गया है। मेक्सिको की संसद में एक आधिकारिक कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने दो कथित एलियंस के शव को दुनिया के सामने पेश किया।

# उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने किया रूसी फाइटर जेट प्लांट का दौरा



मास्को (एजेंसी)। उत्तर कोरिया के तानाशाही नेता किम जोंग उन ने अपनी रूस की यात्रा के दौरान एक स्वीकृत लड़ाकू जेट संयंत्र का निरीक्षण किया। इसके बाद से संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों में डर है कि अब यूक्रेन में रूस की सेना मजबूत हो सकती है और प्योंगयांग के मिसाइल कार्यक्रम को बढ़ावा मिल जाएगा। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को एक शिखर सम्मेलन के लिए उत्तर कोरियाई नेता से मुलाकात की। इसमें उन्होंने सैन्य मामलों और सहयोग को गहरा करने पर चर्चा की और इसके लिए किम ने पुतिन को उत्तर कोरिया आने के लिए आमंत्रित किया है। किम ने सुदूर पूर्वी शहर कोम्सोमोल्स्क–ऑन–अमूर में दो विमानन सुविधाओं, यूरी गगारिन एविएशन प्लांट और याकोवलेव प्लांट का दौरा किया। गौरतलब है कि दोनों यूनाइटेड एयरक्राफ्ट कॉरपोरेशन (यूएसी) की इकाइयां हैं, जिन्हें यूक्रेन में युद्ध के कारण पश्चिम द्वारा मंजूरी दी गई है। गगारिन संयंत्र को भी विशेष रूप से संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा मंजूरी दी गई है। समाचार एजेंसी रायटर्स के मुताबिक, रूसी सरकार ने कहा कि उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव के साथ किम ने गगारिन संयंत्र में असेंबली कार्यशालाओं का निरीक्षण किया, जहां सुखोई एसयू–35 मल्टीरोल लड़ाकू विमान और एसयू–57 लड़ाकू विमान बनाए जाते हैं। किम जोंग उन और डेनिस मंटुरोव ने लड़ाकू विमान असेंबली प्लांट और ˆन–35 विमान की अंतिम असेंबली शॉप और पांचवीं पीढ़ी के ˆन–57 विमानन परिसर का निरीक्षण किया। रूसी सरकार ने कहा, ष्प्रतिनिधिमंडल ने संयंत्र की तकनीकी क्षमताओं का भी निरीक्षण किया, जिसे आधुनिक बनाया गया है और फिर से तैयार किया गया है। गौरतलब है कि किम ने ˆन–35 की उड़ान प्रदर्शन देखने से पहले, उन कार्यशालाओं का निरीक्षण किया, जहां रूस के सुखोई सुपरजेट 100 के धड़ और विंग बनाए जाते हैं। हमने डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के नेता को अपनी अग्रणी विमान उत्पादन सुविधाओं में से एक का प्रदर्शन किया है। हम विमान निर्माण और अन्य उद्योगों दोनों में सहयोग की संभावना पर नजर बनाए हुए हैं। हालांकि, संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए किम और पुतिन के बीच बढ़ रही दोस्ती चिंता का विषय है। वाशिंगटन ने आरोप लगाया है कि उत्तर कोरिया ने रूस को हथियार मुहैया कराया है। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि हथियारों की कोई डिलीवरी की गई है या नहीं। रूस और उत्तर कोरिया दोनों ने उन दावों का खंडन किया है, लेकिन रक्षा सहयोग को गहरा करने का वादा किया है। जुलाई में उत्तर कोरिया की यात्रा के दौरान किम ने रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु को प्रतिबंधित बैलिस्टिक मिसाइलें दिखाई थीं। अमेरिकी विदेश विभाग ने बुधवार को कहा कि अगर रूस और उत्तर कोरिया के नए हथियार सौदे संपन्न बनते हैं तो, बाइडेन प्रशासन उन पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने में बिल्कुल नहीं झिझकेंगे।



# अभिनेत्री सोनम कपूर ने बताया अपने जीवन का सबसे खूबसूरत पल

अभिनेत्री सोनम कपूर ने बताया, जब उन्होंने अपने बच्चे को जन्म दिया था और वह उनकी गोद में वहां पल मेरी जिदंगी का सबसे खूबसूरत पल था। अपने जीवन के सबसे जादुई पल के बारे में बात करते हुए सोनम ने कहा कि जब मैंने अपने बच्चे को जन्म दिया और वह मेरी गोद में आया, तब यह मेरे लिए सबसे अच्छी चीजों में से एक था। मुझे पहली बार एक अलग खुशी और सुकून महसूस हुआ। मेरी नॉर्मल डिलीवरी हुई थी और यह सबसे अद्भुत मोमेंट्स था। मेरे पति मेरे बगल में थे और जिस डॉक्टर ने मुझे बच्चे को जन्म देने में मदद की, वह मेरी मां की करीबी दोस्त थी। मेरे आस-पास मेरे माता-पिता, मेरी बहन, मेरे ससुराल वाले मुझे प्यार करने वाले लोग थे। यह मेरे जीवन का सबसे अच्छा पल था। जब आप एक बच्चे को जन्म देते हैं तो यह वास्तव में जीवन बदल देता है।अपनी गर्भावस्था के दौरान अपने आहार के बारे में साझा करते हुए, अभिनेत्री ने कहा कि लंदन में मेरे डॉक्टर ने मुझे हेल्दी डाइट खाने को कहा जो मूल रूप से भारतीय खाना है। इसलिए मैंने दाल, रोटी और भाजी खाई। अगर आप मांसाहारी हैं, तब आप चिकन, मछली और दही खा सकते हैं। इसलिए मैंने संतुलित आहार लिया, पैदल चली और थोड़ा व्यायाम किया। इससे मुझे सचमुच मदद मिली। मेरी प्रेग्नेंसी बहुत अच्छी रही क्योंकि मैंने इस आसान और सरल बनाए रखा।



# मोनालिसा ने चढ़ाया इंटरनेट का पारा

मशहूर भोजपुरी एक्ट्रेस मोनालिसा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की कुछ तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट का पारा बढ़ा दिया है। इन लेटेस्ट तस्वीरों में मोनालिसा ने व्हाइट शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई हैं। उन्होंने अपने इस आउटफिट के साथ बालों को खुला रखा है और मेकअप भी मिनिमम ही किया है। एक्ट्रेस ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा- एक छोटी सी सफेद ड्रेस। मोनालिसा का ये लुक उनके फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके फैंस ने उनकी इस पोस्ट पर ढेरों तारीफों भरे कमेंट किए हैं। एक शख्स ने लिखा- मोनालिसा दीदी, बहुत प्यारी लग रही हैं। बता दें कि मोनालिसा अब तक 125 भोजपुरी फिल्में कर चुकी हैं और इसके साथ ही हिन्दी, बंगाली, ओडिया, तमिल, कन्नड़ और तेलुगू फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। ये 2016 में बिग बॉस सीजन 10 की प्रतिभागी भी रह चुकी हैं।



# एल्विश यादव ने शानदार काम किया उर्वशी रौतेला

बालीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने कहा कि बॉलीवुड को उनके जैसे और हीरो की जरूरत है। उर्वशी ने कहा, एल्विश यादव ने हम तो दीवाने में वास्तव में शानदार काम किया है, जिससे हर कोई हैरान रह गया। मुझे लगता है कि बॉलीवुड को एल्विश जैसे हीरो की सख्त जरूरत है। उन्होंने कहा, पूरी शूटिंग के दौरान, मेरा ध्यान केवल उन्हीं पर था, क्योंकि मेरा मानना है कि जब हीरो बेस्ट परफॉर्म करता है, तो ऑनस्क्रीन जोड़ी के रूप में हम बेस्ट दिखते हैं। दर्शक हमें अपना प्यार और आशीर्वाद प्रदान करें। गाना का एक पोस्टर सामने आया है, जिसमें उनका अलग लुक नजर आ रहा है। उर्वशी वाइब्रेंट रेड अनारकली सूट में बहुत खूबसूरत लग रही हैं। वहीं, चेक्ड शर्ट, ब्लैक पैंट और लेदर जैकेट में एल्विश यादव कूल और कॉन्फिडेंट वाइब्स दे रहे हैं। यह गाना 14 सितंबर को प्ले डीएम ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज होने वाला है।

# सोनू सूद के जिम लुक में कम्फर्ट और स्टाइल का शानदार संतुलन

बॉलीवुड एक्टर सोनू सूद ने कोरोना काल में लोगों की मदद करके फैंस के दिलों में खास जगह बनाई है। कोरोना काल से शुरू हुआ सोनू सूद की मदद करने का? सिलसिला अभी भी जारी है। लेकिन इतने बिजी शेड्यूल होने के बाद भी सोनू जिम में वर्कआउट के लिए समय निकाल ही लेते हैं।

50 साल की उम्र में भी सोनू सूद बेहद फिट है। वह अक्सर अपनी बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए तस्वीरें भी शेयर करते हैं। सोनू सूद अपने अभिनय कौशल और मानवीय प्रयासों के साथ साथ जिम लुक से भी अपनी स्टाइलिश अटायर से दिल जीता है।

सोनू सूद का वर्कआउट वॉर्डरोब कम्फर्ट और स्टाइल दोनों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। सोनू सूद के वर्कआउट वार्डरॉब के चयन में कम्फर्ट को लगातार प्राथमिकता दी गई है। सोनू के जिम फैशन लुक में एक्सेसरीज भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

एक्टर फिलहाल फिल्म 'फतेह' के अंतिम चरण में हैं, जो हॉलीवुड स्टंटमैन द्वारा हाई-ऑक्टेन स्टंट पेश करने वाली एक हाई-ऑक्टेन प्रोजेक्ट है। जहा ज़ी स्टूडियोज़ और शक्ति सागर प्रोडक्शंस ने साथ मिलकर फिल्म का निर्माण किया है।



# छुट्टियों का मजा ले रहे हैं वरुण धवन

आजकल बालीवुड अभिनेता वरुण धवन छुट्टियों का मजा ले रहे हैं। वरुण ने समुद्र तट पर धूप का आनंद लेते हुए अपनी फोटो पोस्ट की। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी आकर्षक तस्वीरें साझा कीं। तस्वीरों में वरुण ने नीले रंग की शॉर्ट्स पहनी हुई है और समुद्र तट पर बैठकर धूप का आनंद ले रहे हैं। इसमें वह अपने एब्स दिखाते नजर आ रहे हैं। उन्होंने अपने पोस्ट में शैगी और रेवॉन का इन द समरटाइम का संगीत दिया। वरुण ने पोस्ट को कैप्शन दिया, 'कैप्शन दे दो। सबसे अच्छा इसे बनाता है?' इसे जैकलीन फर्नांडीज ने पसंद किया है।प्रशंसकों ने टिप्पणी करते हुए लिखा, यह कितना हॉट सोमवार है। दूसरे प्रशंसक ने लिखा, 'सैंडमैन' कैप्शन में लिखा, हर मासूम चेहरे का एक जंगली पक्ष होता है। जुलाई में सिने 1 स्टूडियोज और ए फॉर एप्पल स्टूडियोज ने वरुण की मुख्य भूमिका वाली सबसे बड़ी एक्शन एंटरटेनर फिल्म के लिए हाथ मिलाया था। मुराद खेतानी और प्रिया एटली द्वारा निर्मित इस फिल्म का निर्देशन और कहानी कलीस ने लिखी है।



# अपनी कला और अपने कार्यों के माध्यम से बदलाव लाना चाहता हूं : आयुष्मान

हाल ही में एक्टर आयुष्मान खुराना को टाइम मैगजीन द्वारा प्रतिष्ठित टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड के लिए चुना गया है। आयुष्मान इस साल टाइम 100 इम्पैक्ट अवॉर्ड के लिए चुने जाने वाले एकमात्र भारतीय हैं। तीन साल में यह दूसरी बार है कि टाइम आयुष्मान को सम्मानित कर रहा है। साथ ही कहा कि मैं अपनी कला और अपने कार्यों के माध्यम से बदलाव लाना चाहता हूं जिससे लोग भी हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए इस देश को बेहतर बनाने में मेरे साथ शामिल हो सकें। आयुष्मान ने कहा, यह दूसरी बार है कि प्रतिष्ठित टाइम मैगजीन ने कैमरे के साथ-साथ कैमरे के बाहर भी मेरे काम को मान्यता देने के लिए चुना है। मैं टाइम मैगज़ीन के इस सम्मान से गौरवान्वित होने के साथ-साथ अभिभूत भी हूं क्योंकि यह एक कलाकार और सकारात्मक सामाजिक परिवर्तन को प्रभावित करने की कोशिश करने वाले एक इंसान के रूप में मेरे मूल विश्वास प्रणाली को मान्य करता है। इसके साथ ही इस अभिनेता ने कहा, इस साल मुझे टाइम 100 इम्पैक्ट सम्मान देने के लिए मैं टाइम मैगजीन का बहुत आभारी हूं। मैं हमेशा अपने सिनेमा ब्रांड के माध्यम से भारत के कंटेंट को आगे बढ़ाने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा, मैं अपने देश में अधिक से अधिक जरूरतमंद बच्चों की सहायता के लिए यूनिसेफ के राजदूत के रूप में कड़ी मेहनत करना जारी रखूंगा। इस अभिनेता अपनी एक्टिंग और नेक कामों से अपने को साबित किया है। आयुष्मान न सिर्फ फिल्मों ब्लकि नेक कामों के लिए कई अवॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं।



# मनोरंजन से भरपूर रहेगी फुकरे 3

आगामी 28 सितंबर 2023 को बालीवुड फिल्म फुकरे 3 रिलीज होने वाली है। फुकरे फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर लंबे इंतजार के बाद जारी कर दिया गया है। मेकर्स ने प्रशंसकों को इस फिल्म का प्रभावशाली ट्रेलर दिखाया, जिसमें फुकरा गैंग, भोली पंजाबन, पंडित जी और पूरी फिल्म टीम शामिल थी।

फुकरे 3 के ट्रेलर रिलीज ने इस फेवरेट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की यादें ताजा कर दीं। फुकरा गैंग, हन्नी, चूचा, लाली, भोली पंजाबन और पंडित जी को फिर से स्क्रीन पर देखना वास्तव में शानदार है। फिल्म का ट्रेलर हंसी और मजेदार पलों से भरा है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि फिल्म सुपर एंटरटेनिंग होने वाली है। फुकरे 3 अपनी पिछली किस्तों से आगे निकलने का वादा करती है, और भी ज्यादा मज़ा और एंटरटेनमेंट भी देगी।

इसके अलावा, इस फिल्म में सरप्राइज गिफ्ट हमें जोर जोर से हंसने पर मजबूर कर देगा, जिससे उत्साह और बढ़ जाता है। ये ट्रेलर बेहद आशाजनक लगता है और इस फेवरेट कॉमेडी फ्रेंचाइजी की विरासत को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाता है। इस फिल्म को कॉमेडी शैली में एक प्रमुख चलन में तब्दील होते देखना वाकई दिलचस्प है। कह सकते है सीक्वल्स के इस दौर में अब फुकरे 3 के धूम मचाने का भी सही समय आ चुका है।



# पलक तिवारी का वीडियो देख लोगों ने किया ट्रोल

मॉडल एवं एक्ट्रेस श्वेता तिवारी की बेटी पलक तिवारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है जिसके बाद वे ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं। पलक तिवारी बीते दिन एक इवेंट में पहुंची थी। इस दौरान वे ब्लैक ड्रेस में काफी ग्रॉजियस लगी रही थीं। लेकिन अपनी एक हरकत की वजह से पलक ट्रोलिंग का शिकार हो गई हैं और वे था उनका रवैया। दरअसल, पलक इस इवेंट में ईशान खट्टर को नजरअंदाज करती हुई दिखाई दी हैं। जिसकी वजह से उन्हें जमकर ट्रोल किया जा रहा है। सामने आई वीडियो में पलक को साइड में खड़ा हुई देखा जा सकता है इस बीच वहां ईशान आ जाते हैं लेकिन पलक उन्हें देखती तक नहीं है। अब ईशान को एटीट्यूड दिखाने के चक्कर में पलक को ट्रोल किया जा रहा है। एक यूजर ने वीडियो पर कमेंट करते हुए लिखा- ये कितना एटीट्यूड दिखा रही है। दूसरे यूजर ने लिखा- यह रवैया ठीक नहीं है। एक और यूजर ने लिखा- पलक दिखावा करने वाली लगती है, बिना किसी मेहनत के स्टार रवैया अपनाती है। एक और यूजर ने कहा कि- इतना एटीट्यूड और जीरो मैनस...उसने ईशान को हैलो तक नहीं कहा।



## मशरूम की खेती

**मशरूम की खेती हजारों वर्षों से विश्वभर में भोजन और औषध दोनों ही रूपों में रही है। ये पोषण का भरपूर स्रोत हैं और स्वास्थ्य खाद्यों का एक बड़ा हिस्सा बनाते हैं। मशरूमों में वसा की मात्रा बिल्कुल कम होती हैं, विशेषकर प्रोटीन और कार्बोहाइड्रेट की तुलना में, और इस वसायुक्त भाग में मुख्यतया लिनोलिक अम्ल जैसे असंतप्तिकृत वसायुक्त अम्ल होते हैं, ये स्वस्थ हृदय और हृदय संबंधी प्रक्रिया के लिए आदर्श भोजन हो सकता है।**



# मशरूम उत्पादन तकनीकी



पहले, मशरूम का सेवन विश्व के विशिष्ट प्रदेशों और क्षेत्रों तक ही सीमित था पर वैश्वीकरण के कारण विभिन्न संस्कृतियों के बीच संप्रेषण और बढ़ते हुए उपभोक्तावाद ने सभी क्षेत्रों में मशरूमों की पहुंच को सुनिश्चित किया है। मशरूम तेजी से विभिन्न पाक पुस्तक और रोजमर्रा के उपयोग में अपना स्थान बना रहे हैं। एक आम आदमी को रसोई में भी उसने अपनी जगह बना ली है। उपभोग की चालू प्रवृत्ति मशरूम निर्यात के क्षेत्र में बढ़ते अवसरों को दर्शाती है।

### भारत में मशरुम की प्रजातियां

भारत में उगने वाले मशरूम की दो सर्वाधिक आम प्रजातियां वाईट बटन मशरूम और ऑयस्टर मशरूम है। हमारे देश में होने वाले वाईट बटन मशरूम का ज्यादातर उत्पादन मौसमी है। इसकी खेती परम्परागत तरीके से की जाती है। सामान्यता, अपॉश्चयरीकृत कूडा खाद का प्रयोग किया जाता है, इसलिए उपज बहुत कम होती है। तथापि पिछले कुछ वर्षों में बेहतर कृषि-विज्ञान पदधातियों की शुरूआत के परिणामस्वरूप मशरूमों की उपज में वृद्धि हुई है।

### आम वाईट बटन मशरूम



आम वाईट बटन मशरूम की खेती के लिए तकनीकी कौशल की आवश्यकता है। अन्य कारकों के अलावा, इस प्रणाली के लिए नमी चाहिए, दो अलग तापमान चाहिए अर्थात पैदा करने के लिए अथवा प्रोरोहण वृद्धि के लिए (स्पॉन रन) 220-280 डिग्री से, प्रजनन अवस्था के लिए (फल निर्माण) ः 150-180 डिग्री से; नमीः 85-95 प्रतिशत और पर्याप्त संवातन सब्स्ट्रेट के दौरान मिलना चाहिए जो विसंक्रमित हैं और अत्यंत रोगाणुरहित परिस्थिति के तहत उगाए न जाने पर आसानी से संदूषित हो सकते हैं। अतः 100 डिग्री से. पर वाष्पन (पास्तुरीकरण) अधिक स्वीकार्य है।

### ऑएस्टर मशरूम

प्लयूरोटस, ऑएस्टर मशरूम का वैज्ञानिक नाम है। भारत के कई भागों में, यह ढींगरी के नाम से जाना जाता है। इस मशरूम की कई प्रजातिया है उदाहणार्थ ः- प्लयूरोटस ऑस्टरीयटस, पी सजोर-काजू, पी. फ्लोरिडा, पी. सैपीडस, पी. फ्लैबेलैटस, पी एरीनजी तथा कई अन्य भोज्य प्रजातियां। मशरूम उगाना एक ऐसा व्यवसाय है, जिसके लिए अध्यवसाय धैर्य और बुद्धिसंगत देख-रेख जरूरी है और ऐसा कौशल चाहिए जिसे केवल बुद्धिसंगत अनुभव द्वारा ही विकसित किया जा सकता है।

प्लयूरोटस मशरूमों की प्रोरोहण वृद्धि (पैदा करने का दौर) और प्रजनन चरण के लिए 200-300 डिग्री का तापमान होना चाहिए। मध्य समुद्र स्तर से 1100-1500 मीटर की ऊचांई पर उच्च तुंगता पर इसकी खेती करने का उपयुक्त समय मार्च से अक्तूबर है, मध्य समुद्र स्तर से 600-1100 मीटर की ऊचांई पर मध्य तुंगता पर फरवरी से मई और सितंबर से नवंबर है और समुद्र स्तर से 600 मीटर नीचे की निम्न तुंगता पर अक्तूबर से मार्च है।

### आवश्यक सामान

धान के तिनके - फफूंदी रहित ताजे सुनहरे पीले धान के तिनके, जो वर्षा से बचाकर किसी सूखे स्थान पर रखे गए हो।

400 गेज के प्रमाप की मोटाई वाली प्लास्टिक शीट - एक ब्लाक बनाने के लिए 1 वर्ग मी. की प्लास्टिक शीट चाहिए।

लकड़ी के सांचे - 45.30.15 से. मी. के माप के लकड़ी के सांचे, जिनमें से किसी का भी सिरा या तला न हो, पर 44.29 से. मी. के आयाम का एक अलग लकड़ी का कवर हो।

तिनकों को काटने के लिए गंडासा या भूसा कटर।

उबालने के लिए ड्रम (कम से कम दो)

जूट की रस्सी, नारियल की रस्सी या प्लास्टिक की रस्सियां

### टाट के बोरे

स्पान अथवा मशरूम जीवाणु जिन्हें सहायक रोगविज्ञानी, मशरूम विकास केन्द्र, से प्रत्येक ब्लॉक के लिए प्राप्त किया जा सकता है।

### एक स्प्रेयर कैसे करें

कूड़ा खाद बनाने के लिए अन्न के तिनकों (गेंहू, मक्का, धान, और चावल), मक्कई की डंडिया, गन्ने की कोई जैसे किसी भी कृषि उपोत्पाद अथवा किसी भी अन्य सेल्यूलोस अपशिष्ट का उपयोग किया जा सकता है। गेंहू के तिनकों की फसल ताजी होनी चाहिए और ये चमकते सुनहरे रंग के हो तथा इसे वर्षा से बचा कर रखा गया है। ये तिनके लगभग 5-8 से. मी. लंबे टुकडों में होने चाहिए अन्यथा लंबे तिनकों से तैयार किया गया ढेर कम सघन होगा जिससे अनुचित किण्वन हो सकता है। इसके विपरीत, बहुत छोटे तिनके ढ़ेर को बहुत अधिक सघन बना देंगे जिससे ढ़ेर के बीच तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंच पाएगा जो अनएरोबिक किण्वन में परिणामित होगा।

### कूड़ा खाद तैयार करना

गेंहू के तिनके अथवा उपर्युक्त सामान में से सभी में सूल्यूलोस, हेमीसेल्यूलोस और लिग्निन होता है, जिनका उपयोग कार्बन के रूप में मशरूम कवक वर्धन के लिए किया जाता है। ये सभी कूडा खाद बनाने के दौरान माइक्रोफ्लोरा के निर्माण के लिए उचित वायुमिश्रण सुनिश्चित करने के लिए जरूरी सबस्ट्रूटे को भौतिक ढांचा भी प्रदान करता है। चावल और मक्कई के तिनके अत्यधिक कोमल होते है, ये कूडा खाद बनाने के समय जल्दी से अवक्रमित हो जाते हैं और गेंहू के तिनकों की अपेक्षा अधिक पानी सोखते हैं।

अतः, इन सबस्ट्रूट्स का प्रयोग करते समय प्रयोग किए जाने वाले पानी की प्रमात्रा, उलटने का समय और दिए गए संपूरकों की दर और प्रकार के बीच समायोजन का ध्यान रखना चाहिए। चूंकि कूड़ा खाद तैयार करने में प्रयुक्त उपोत्पादों में किण्वन प्रक्रिया के लिए जरूरी नाइट्रोजन और अन्य संघटक, पर्याप्त मात्रा में नहीं होते, इस प्रक्रिया को शुरू करने के लिए, यह मिश्रण नाइट्रोजन और कार्बोहाइड्रेट्स से संपूरित किया जाता है।

### स्पानिंग

स्पानिंग अधिकतम तथा सामयिक उत्पाद के लिए अंडों का मिश्रण है। अण्डज के लिए अधिकतम खुराक कम्पोस्ट के ताजे भार के 0.5 तथा 0.75 प्रतिशत के बीच होती है। निम्नतर दरों के फलस्वरूप माइसीलियम का कम विस्तार होगा तथा रोगों एवं प्रतिद्वान्द्वियों के अवसरों में वृद्धि होगी उच्चतर दरों से अण्डज की कीमत में वद्धि होगी तथा अण्डज की उच्च दर के फलस्परूप कभी-कभी कम्पोस्ट की असाधारण ऊष्मा हो जाती है।

ए बाइपोरस के लिए अधिकतम तापमान 230 से (+) (-) 20 से./उपज कक्ष में सापेक्ष आर्द्रता अण्डज के समय 85-90 प्रतिशत के बीच होनी चाहिए।

### कटाई

थैले को खोलने के 3 से 4 दिन बाद मशरूम प्रिमआर्डिया रूप धारण करना शुरू कर देते हैं। परिपक्व मशरूम अन्य 2 से 3 दिनों में कटाई के लिए तैयार हो जाते हैं। एक औसत जैविक कारगरहा (काटे गए मशरूम का ताजा भार जिसे एयर ड्राई सबट्रेट द्वारा विभक्त किया गया हो ङ्ग100) 80 से 150 प्रतिशत के बीच हो सकती है और कभी-कभी उससे ज्यादा। मशरूम को काटने के लिए उन्हें जल से पकड़ा जाता है तथा हल्के से मरोड़ा जाता है तथा खींच लिया जाता है। चाकू का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। मशरूम रेफ्रीजेरेटर में 3 से 6 दिनों तक जाता बना रहता है।

### मशरूम गृह/कक्ष

क्यूब तैयार करने का कक्ष

एक आदर्श कक्ष आर.सी.सी. फर्श का होना चाहिए, रोशनदानयुक्त एवं सूखा होना चाहिए। लकड़ी के ढांचे को रखने, क्यूब एवं अन्य आर.सी.सी. चबूतरा के लिए कक्ष के अंदर 2 सेमी ऊंचा चबूतरा बनाया जाना चाहिए, ऐसा भूसे के पाश्चुरीकृत थैलों को बाहर निकालने की आवश्यतानुसार होना चाहिए। जिन सामग्रियों के लिए क्यूब को बनाने की आवश्यकता है, उन्हें कक्ष के अंदर रखा जाना चाहिए। क्यूब को तैयार करने वाले व्यक्तियों को ही कमरे के अंदर जाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

### उठयमान कक्ष

उण्डजों के संचालन के लिए कमरा यह कमरा आरसीसी भवन अथवा आसाम विस्म (घर में कोई अलग कमरा) का कमरा होना चाहिए तथा खण्डों को रखने के लिए तीन स्तरों में साफ छेद वाले बांस की आलमारी लगाई जानी चाहिए। पहला स्तर जमीन से 100 सेमी ऊपर होना चाहिए तथा दूसरा स्तर कम से कम 60 सेमी ऊंचा होना चाहिए।

### फसल कक्ष

एक आदर्श गृह/कक्ष आर.सी.सी. भवन होगा जिसमें विधिवत उष्मारोधन एवं कक्ष को ठंडा एवं गरम करने का प्रावधान स्थापित किया गया होगा। तथापि बांस, थप्पर तथा मिट्टी प्लास्टर जैसे स्थानीय रूप से उपलब्ध सामग्रियों का इस्तेमाल करते हुए स्वदेशी अल्प लागत वाले घर की सिफारिश की गई है। मिट्टी एवं गोबर के समान मिश्रण वाले स्पिलिट बांस की दीवारें बनाई जा सकती है।

कच्ची ऊष्मारोधक प्रणाली का प्रावधान करने के लिए घर के चारों ओर एक दूसरी दीवार बनाई जाती है जिसमें प्रथम एवं दूसरी दीवार के मध्य 15 सेमी का अंत्तर रखा जाता है। बाहरी दीवार के बाहरी तरफ मिट्टी का पलास्टर किया जाना चाहिए। दो दीवारों के मध्य में वायु का स्थान ऊष्मा रोधक का कार्य करेगा क्योंकि वायु ऊष्मा का कुचालक होती है। यहां तक कि एक बेहतर ऊष्मारोधन का प्रावधान किया जा सकता है यदि दीवारों के बीच के स्थान को अच्छी तरह से सूखे 8 ए छप्पर से भर दिया जाए। घर का फर्श वरीयतः सीमेंट का होना चाहिए किन्तु जहां यह संभव नही है, अच्छी तरह से कूटा हुआ एवं प्लास्टरयुक्त मिट्टी का फर्श पर्याप्त होगा। तथापि, मिट्टी की फर्श के मामले में अधिक सावधानी बरतनी होगी।

### प्रणाली

छत मोटे छापर की तहो अथवा वरीयतः सीमेंट की शीटों की बनाई जानी चाहिए। छप्पर की छत से अनावश्यक सामग्रियों के संदूषण से बचने के लिए एक नकली छत आवश्यक है। प्रवेश द्वार के अलावा, कक्ष में वायु के आने एवं निकलने के लिए कमरे के आयु एंव पश्च भाग के ऊपर एवं नीचे दोनों तरफ से रोशनदानों का भी प्रावधान किया जाना चाहिए। घर तथा कक्षा ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ बांस के खम्भों के ढांचो का होना चाहिए जो ऊष्मायन अवधि के उपरान्त खंडों को टांगने के लिए अपेक्षित है।

अनुप्रस्थ खम्भों को ऊष्मायन आलमारी के रूप में 3 स्तरीय प्रणाली में व्यवस्थित किया जा सकता है। खम्भे वरीयतः दीवारों से 60 सेमी दूर तथा तीनों स्तरों की प्रत्येक पंक्ति के बीच में होने चाहिए, 1 सेमी की न्यूनतम जगह बनाई रखी जानी चाहिए। 3.0ङ्ग2.5ङ्ग2.0 मी. का फसल कक्ष 35 से 40 क्यूबों को समायोजित करेगा।

### विधि

भूसे को हाथ के यंत्र से 3-5 सेमी लम्बे टुकडों में काटिए तथा टाट की बोरी में भर दीजिए। एक ड्रम में पानी उबालिए। जब पानी उबलना शुरू हो जाए तो भूसे के साथ टाट की बोरी को उबलते पानी में रख दीजिए तथा 15-20 मिनट तक उबालिए। इसके पश्चात फेरी को ड्रम से हटा लीजिए तथा 8-10 घंटे तक पड़े रहने दीजिए ताकि अतिरिक्त पानी निकल जाए तथा चोकर को ठंडा होने दीजिए। इस बात का ध्यान रखा जाए कि ब्लॉक बनाने तक थैले को खुला न छोड़ा जाए क्योंकि ऐसा होने पर उबला हुआ चोकर संदूषित हो जाएगा। हथेलियों के बीच में चोकर को निचोड़कर चोकर की वांछित नमी तत्व का परीक्षण किया जा सकता है तथा सुनिश्चित कीजिए कि पानी की बूंदे चोकर से बाहर न निकलें।

चोकर के पाश्चुरीकृत का दूसरा तरीका भापन है। इस तरीके के लिए ड्रम में थोड़े परिवर्तन की आवश्यकता होती है (ड्रम के ढक्कन में एक छोटा छेद कीजिए तथा चोकर को उबालते समय रबर की ट्यूब से ढक्कन के चारों ओर सील लगा दीजिए) टुकड़े-डुकड़े किए गए चोकर को पहले भिगो दीजिए तथा अतिरिक्त पानी निकाल दिया जाए। ड्रम में कुछ पत्थर डाल दीजिए तथा पत्थर के स्तर तक पानी उड़ेलिए।

बांस की टोकरी में रखकर गीले चोकर को उबाल दें तथा ड्रम के अंदर पत्थर के ऊपर टोकरी को रख दें। ड्रम के ढक्कन को बंद कर दें तथा रबर की ट्यूब से ढक्कन की नेमि को सील कर दीजिए। उबले हुए पानी से उत्पन्न भाप चोकर से गुजरते हुए इसे पाश्चुरीकृत करेगी। उबालने के बाद चोकर को पहले से कीटाणुरहित किए गए बोरी में स्थानांतरित कर दिजिए तथा 8-10 घंटे तक इसे ठंडा होने के लिए छोड़ दीजिए।

### अब क्या करें

लकड़ी का एक सांचा लीजिए तथा चिकने फर्श पर रख दीजिए। पटसून की दो रस्सियों ऊर्ध्वाधर एवं अनुप्रस्थ रूप में रख दीजिए। प्लास्टिक की शीट से अस्तर लगाइए जिसे पहले उबलते पानी में डुबोकर कीटाणुरहित किया गया है।

5 सेमी. के उबले चोकर को भर दीजिए तथा लकड़ी के ढक्कन की मदद से इसे सम्पीडित कीजिए तथा पूरी सतह पर स्पान को छिड़किए।

स्पानिंग की प्रथम तह के उपरान्त 5 सेमी का अन्य चोकर रखिए तथा सतह पर पुनः स्थान का छिड़काव करें तथा प्रथम तह में किए गए की तरह इसे सम्पीडित कीजिए। इस प्रकार तह पर स्पान को 4 से 6 तह तक के लिए तब तक छिड़किए जब तक चोकर सांचे के शीर्ष के स्तर तक न आ जाए। एक (1) एक पैकेट स्पान का इस्तेमाल 1 क्यूब अथवा ब्लाक के लिए किया जाना चाहिए।

### आगे क्या करें

अब प्लास्टिक की शीट सांचे की शीर्ष पर मोडी जाए प्लास्टिक के नीचे पहले रखी गई पटसून की रस्सियों से उसे बांध दिया जाए।

बांधने के उपरांत सांचे को हटाया जा सकता है तथा चोकर का आयताकर खंड पीछे बच जाता है।

वायु के लिए खंड के सभी तरफ छेद (2 मिमी व्यास) बनायें।

ऊष्मायन कक्ष में ब्लॉक को रख दीजिए उन्हें सरल तह में एक दूसरे के बगल रखा जाए तथा इस बात का ध्यान रखा जाए कि उन्हें फर्श पर अथवा एक दूसरे के शीर्ष पर सीधे न रखा जाए क्योंकि इससे अतिरिक्त ऊष्मा उत्पन्न होगी।

ब्लॉक का तापमान 250 से. पर रखा जाए। ब्लॉक के छिद्रों में एक तापमापक डालकर इसे नोट किया जा सकता है। यदि तापमान 250 से. से ऊपर जाता है तो कमरे में गैस भरने की सलाह दी जाती है। तथा यदि तापमान में गिरवाट आती है, तो कमरे को धीरे-धीरे गर्म किया जाना चाहिए।

### यह भी करें

पूरे पयाल में फैलने के लिए स्पान को 12 से 15 दिन लगता है तथा जब पूरा ब्लॉक सफेद हो जाए तो यह निशान है कि स्पान संचालन पूरा हो गया है।

अण्डज परिपालन के उपरांत ब्लॉक से रस्सी तथा प्लास्टिक की शीट को हटा दीजिए। नारियल की रस्सी से ब्लॉक को अनुप्रस्थ रूप में बांध दीजिए तथा इसे फसल कक्ष में लटका दीजिए। इस अवस्था से आगे कमरे की सापेक्ष आर्द्रता 85 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए। ऐसे दीवारों तथा कमरे की फर्श पर जल छिड़क करके समय-समय पर किया जा सकता है। यदि फर्श सीमेंट का है, तो सलाह दी जाती है कि फर्श पर पानी डालिए ताकि फर्श पर हमेश पानी रहे। यदि खंड हल्का से सूखने का लक्षण जिससे लगे तो स्प्रेयर के माध्यम से स्प्रे किया जा सकता है।

एक सप्ताह से 10 दिन के भीतर ब्लॉक की सतह पर छोटे-छोटे पिन शीर्ष दिखाई पड़ेगे तथा ये एक या दो दिन के भीतर पूरे आकार के मशरूम हो जाएंगे।

### उपज

मशरूम प्रवाह में दिखाई पड़ते है। एक क्यूब से लगभग 2 से 3 प्रवाह काटे जा सकते है। प्रथम प्रवाह की उपज ज्यादा होती है तथा तत्पश्चात धीरे-धीरे कम होने लगती है तथा एक क्यूब से 1.5 किग्रा से 2 किग्रा तक के ताजे मशरूम की कुल उपज प्राप्त होती है। इसके बाद क्यूब को छोड़ दिया जाता है तथा फसल कक्ष से काफी दूर पर स्थित एक गड्ढे में पाट दिया जाता है अथवा बगीचे अथवा खेत में खाद के रूप में इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

### परिरक्षण

मशरूम को ताजा खाया जा सकता है अथवा इसे सुखाया जा सकता है। चूंकि वे शीघ्र ही नष्ट हो जाने वाले प्रकृति के होते हैं तो आगे के इस्तेमाल अथवा दूरस्थ विपणन के लिए उनका परिरक्षण आवश्यक है। ओयेस्टर मशरूम को परिरक्षित करने का सबसे पुराना एवं सस्ता तरीका है धूप में सुखाना।

गर्म हवा में सुखाना कारगर उपयोग है जिसके द्वारा मशरूम को डिहाइड्रेटर (स्थानीय रूप से तैयार उपस्कर) नामक उपस्कर में सुखाया जाता है मशरूम को एक बंद कमरे में लगे हुए तार के जाल से युक्त रैक में रखा जाता है तथा गर्म हवा (500 से 550 से) 7-8 घंटे तक रैक के माध्यम से गुजरती है।

मशरूम को सुखाने के बाद इसे वायुसह डिब्बे में स्टोर किया जाता है अथवा 6-8 माह के लिए पोलीबैग में सील कर दिया जाता है। पूरी तरह से सोखने के उपरांत मशरूम अपने ताजे वजन से कम होकर एक से घट कर तैरहवां भाग रह जाता है जो सुरक्षा के आधार पर अलग-अलग होता है। मशरूम को ऊष्ण जल में भिगोकर आसानी से पुनः जलित किया जा सकता है।

### रोग एवं कीट

यदि मशरूम की देखभाल न की जाए तो अनेक रोग एवं पीट इस पर हमला कर देते हैं।

### रोग

हरी फफूंद (ट्राइकोडर्मा विरिडे) ः यह कस्तूरा कुकुरमुत्ते में सबसे अधिक सामान्य रोग है जहां क्यूबों पर हरे रंग के धब्बे दिखाई पड़ते है।

नियंत्रण ःफॉर्मालिन घोल में कपड़े को डुबोइए (40 प्रतिशत) तथा प्रभावित क्षेत्र को पोंछ दीजिए। यदि फफूंदी आधे से अधिक क्यूब पर आक्रमण करती है तो सम्पूर्ण क्यूब को हटा दिया जाना चाहिए। इस बात की सावधानी रखी जानी चाहिए कि दूषित क्यूब को पुनर्संक्रमण से बचाने के लिए फसल कक्ष से काफी दूर स्थान पर जला दिया जाए अथवा दफना दिया जाए।

### कीट

मक्खियां ःदेखा गया है कि स्कैरिड मक्खियां, फोरिड मक्खियां, सेसिड मक्खियां कुकुरमुत्ते तथा स्पॉन की गंध पर हमला करती हैं। वे भूसी अथवा कुकुरमुत्ते अथवा उनसे पैदा होने वाले अण्डों पर अण्डे देती हैं तथा फसल को नष्ट कर देती हैं। अण्डे माइसीलियम, मशरूम पर निर्वाह करते हैं एवं फल पैदा करने वाले शरीर के अंदर प्रवेश कर जाते हैं तथा यह उपभोग के लिए अनुपयुक्त हो जाता है।

नियंत्रण ः फसल की अवधि में बड़ी मक्खियों के प्रवेश को रोकने के लिए दरवाजों, खिडकियों अथवा रोशनदानों पर पर्दा लगा दीजिए यदि कोई, 30 मेश नाइलोन अथवा वायर नेट का पर्दा। मशरूम गृहों में मक्खीदान अथवा मक्खियों को भगाने की दवा का इस्तेमाल करें।

कुटकी ः ये बहुत पतले एवं रेंगने वाले छोटे-छोटे कीड़े होते हैं जो कुकुरमुत्ते के शरीर पर दिखाई देते हैं। वे हानिकारक नहीं होते है, किन्तु जब वे बड़ी संख्या में मौजूद होते है तो उत्पादक उनसे चिंतित रहता है।

नियंत्रण ःघर तथा पर्यावरण को साफ सुथरा रखें।

शम्बूक, घोंघा ः ये पीट मशरूम के पूरे भाग को खा जाते हैं जो बाद में संक्रमित हो जाते हैं तथा वैक्टीरिया फसल के गुणवत्ता पर बुरा प्रभाव डालते हैं।

नियंत्रण ः क्यूब से पीटों को हटाइए तथा उन्हें मार डालिए। साफ सुथरी स्थिति को बनाये रखें।

### अन्य कीटाणु

5.कृन्तक ः कृन्तकों का हमला ज्यादातर अल्प कीमत वाले मशरूम हाउसों पर पाया जाता है। वे अनाज की स्पॉन को खाते हैं तथा क्यूबों के अंदर छेद कर देते हैं।

नियंत्रण ःमशरूम गृहों में चूहा विष चारे का इस्तेमाल करें। चूहों की बिलों को कांच के टुकडों एवं पलास्टर से बंद कर दें।



### इन बातों का भी रखें ध्यान

जब फल बनना शुरू होता है तो हवा की जरूरत बढ़ जाती है। अतःजब एक बार फल बनना शुरू हो जाता है तो आवश्यक है कि हर 6 से 12 घण्टो बाद कमरे के सामने और पीछे दिए गए वेंटीलेटर खोलकर ताजी हवा अंदर ली जाए।

जब आवरणों की परिधि ऊपर की ओर मुड़ना शुरू हो जाती है तो फल काया (मशरूम) तोड़ने के लिए तैयार हो जाते है। ऐसा जाहिर होगा क्योंकि छोटी-छोटी सिलवटें आवरण पर दिखाई पड़ने लगती है। मशरूम को काटने के लिए अंगूठे एवं तर्जनी से आधार पर डाल को पकड़ लीजिए तथा हल्के क्लाकवाइज मोड़ से पुआल अथवा किसी छोटे मशरूम उत्पादन को विक्षोभित किए बिना मशरूम को डाल से अलग कर लीजिए। काटने के लिए चाकू अथवा कैंची का इस्तेमाल मत करें। एक सप्ताह के बाद ब्लॉक में फिर से फल आने शुरू हो जाएंगे।

